

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 4 अंकः 238 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 07 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## राजस्थान के 25 जिलों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट, 8 जून से फिर बढ़ सकती है गर्मी

समाज जागरण

जयपुर, 6 जून। राजस्थान में प्री-मानसून गतिविधियों के चलते मौसम ने करवट ले ली है। राज्य के 25 जिलों में शनिवार को आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

लगातार हो रही वर्षा और तेज हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, वहीं कई क्षेत्रों में तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि 8 जून से पश्चिमी राजस्थान में मौसम फिर शुष्क हो सकता है और लू जैसी परिस्थितियां दोबारा बन सकती हैं।




पिछले कुछ दिनों में बांसवाड़ा, बूंदी, भीलवाड़ा सहित कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। 4 जून की शाम से 5 जून की सुबह तक कई स्थानों पर तीन इंच तक वर्षा हुई। बीकानेर, चूरू और हनुमानगढ़ के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी सूचना मिली। बारिश और तेज हवाओं के असर से जयपुर, दौसा, करौली, डूंगरपुर और नागौर समेत कई शहरों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में आंधी, तेज हवाएं और बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। इसके बाद मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने लगेगा। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर न जाने की सलाह दी है।

राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान फलोदी में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जैसलमेर में 42.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं जोधपुर का न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान टोंक जिले के वनस्थली में 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर, बाड़मेर, बीकानेर, जालौर, चूरू, पाली और उदयपुर सहित अन्य शहरों में भी तापमान सामान्य से कम रहा।

बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में सर्वाधिक 75 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा अजमेर में 45 मिलीमीटर, बूंदी के नैनवां, भीलवाड़ा के कचोला और भरतपुर के बयाना में 34-34 मिलीमीटर बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के भैंसरोड़गढ़ और भरतपुर के वैर में 31-31 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

शुक्रवार को बीकानेर संभाग के कई हिस्सों में मौसम अचानक बदला। बीकानेर, हनुमानगढ़ और चूरू में घने बादल छाने के साथ धूल भरी आंधी चली और कई स्थानों पर बारिश हुई। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हैं, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है, लेकिन अगले सप्ताह पश्चिमी राजस्थान में तापमान फिर बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

**(समाज जागरण ब्यूरो / एजेंसी इनपुट)**

## नेपाल-भारत रिश्तों में नया मोड़, विदेश मंत्री की दिल्ली में हाई-प्रोफाइल मुलाकात

नई दिल्ली, 06 जून 2026। दक्षिण एशिया की कूटनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ नई दिल्ली में अहम मुलाकात की। यह बैठक राजधानी दिल्ली के एक होटल में आयोजित हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद नेपाल की ओर से दिए गए बयान ने क्षेत्रीय कूटनीतिक हलचल को और बढ़ा दिया है। नेपाल के विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश "अतीत का कोई बोझ लेकर नहीं चल रहा" और भारत के साथ संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

सूत्रों के अनुसार, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के दूत के रूप में पहुंचे विदेश मंत्री ने भारत के साथ संबंधों को "नंबर-1 साझेदारी" करार दिया।

## फायदेमंद ही नहीं, हर उम्र के लिए मजेदार भी है योगासन, आयुष मंत्रालय ने बताया कैसे



समाज जागरण

योग दिवस को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इस बीच भारत सरकार का आयुष मंत्रालय रोजाना नए योगासनों के बारे में जानकारी देते हुए इसे दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दे रहा है। इसी कड़ी में मंत्रालय ने योगासनों के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह तन-मन के लिए फायदेमंद होने के साथ ही मजेदार भी होता है।

मंत्रालय के अनुसार, योग हर किसी के लिए है - चाहे बच्चे हो, युवा हों या बुजुर्ग। यह न सिर्फ स्वास्थ्यवर्धक है बल्कि मजेदार भी हो सकता है। आयुष मंत्रालय ने कहा कि योगासन को रोचक बनाने के लिए एनिमल पोज जैसे जानवरों की मुद्राओं को अपनाया जा सकता है। इन पोज से बच्चों को योग सीखने में मजा आता है और शरीर भी लचीला बनता है।

इसके साथ ही स्कूलों या ऑफिसों में क्लास के बीच छोटे-छोटे योगा ब्रेक लिए जा सकते हैं, जिससे थकान दूर होती है और एकाग्रता बढ़ती है। ग्रुप योगा एक्टिविटीज परिवार और दोस्तों के साथ योग करने का मजा दोगुना कर देती हैं। मंत्रालय ने 'योग क्रिएटिविटी चैलेंज' की घोषणा करते हुए बताया कि इसमें लोग अपने सबसे अनोखे और क्रिएटिव योग पोज बना सकते हैं। इन्हें फोटो या वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर पोस्ट भी कर सकते हैं। यह चैलेंज लोगों को योग के प्रति रचनात्मक बनाने और नई मुद्राएं आजमाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

मंत्रालय का कहना है कि जब योग मजेदार होता है तो लोग इसे लंबे समय तक जारी रखते हैं। योग एक्सपर्ट विशेष रूप से युवाओं से आग्रह करते हैं कि स्वस्थ बुढ़ापे की नींव आज से ही रखें। नियमित योग, हल्की शारीरिक गतिविधि और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने से उम्र बढ़ने के साथ भी शरीर और मन स्वस्थ रहता है। हेल्दी एजिंग की यात्रा लाइफलॉन्ग मूवमेंट और योग से शुरू होती है।

योग सिर्फ आसनों तक सीमित नहीं है। यह सांस लेने की तकनीक, ध्यान और शारीरिक जागरूकता का समूह है जो हर उम्र के लोगों को लाभ पहुंचाता है। घर पर, पार्क में या क्लासरूम में - कहीं भी योग किया जा सकता है। (इनपुट-आईएएनएस)

## पीएम मोदी ने नॉर्वे चेस चैंपियनशिप जीतने पर प्रग्ननानंद को उनकी असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को प्रग्नानंद को उनकी असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वास्तव में एक अविश्वसनीय उपलब्धि है जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता को दशार्ती है। पीएम मोदी ने उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

आर. प्रग्गनानंदा ने शुक्रवार को नॉर्वे चेस चैंपियनशिप को जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस खिताब को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रग्गनानंदा को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रग्गनानंदा की सराहना करते हुए लिखा, "प्रग्गनानंदा को इस शानदार कामयाबी के लिए बधाई। यह वास्तव में एक शानदार उपलब्धि है, जो उनकी लगातार बेहतरीन उत्कृष्टता को दिखाती है। मैं उन्हें भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं देता हूं।"

प्रग्गनानंदा ने क्लासिकल चेस इवेंट के 10वें और आखिरी राउंड में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर खिताब को अपने नाम किया। प्रग्गनानंदा ने कीमर की गलतियों का फायदा उठाते हुए 45वीं चाल में मैच को अपने नाम किया।




प्रग्गनानंदा ने टूनामेंट का अंत 5 जीत, 2 हार, दो ड्रॉ के साथ कुल 18 प्वाइंट्स के साथ किया। उनके दो ड्रॉ मुकाबले का नतीजा आमार्गेडन गेम में निकाला, जहां वह बाजी मारने में कामयाब रहे। प्रग्गनानंदा छठे दौर के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर मौजूद थे और उनके जीतने के चांस काफी कम नजर आ रहे थे। हालांकि, 20 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने इसके बाद जबरदस्त वापसी की। प्रग्गनानंदा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार चार गेम जीतकर इतिहास रचा। उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन मैग्रस कार्लसन को टूनामेंट में दूसरी बार हराया। इसके साथ ही प्रग्गनानंदा ने अपने ही देश के खिलाड़ी डी गुकेश के खिलाफ भी शानदार जीत दर्ज की। प्रग्गनानंदा 2021 के बाद इस टूनामेंट में लगातार चार क्लासिकल मुकाबले जीतने वाले महज दूसरे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ मैग्रस कार्लसन ने हासिल की थी। प्रग्गनानंदा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां को दिया।

प्रग्गनानंदा ने कहा कि उनकी मां ने कहा था कि वह नए महीने में शानदार प्रदर्शन करेंगे और ठीक ऐसा ही हुआ। उन्होंने कहा कि मां की कही बातों के बाद उन्होंने लगातार चार मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए खिताब को अपने नाम किया।(इनपुट-एजेंसी)

## मिर्रा एंड्रीवा ने रचा इतिहास, 19 वर्ष की उम्र में जीता फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम खिताब



समाज जागरण

नई दिल्ली, 06 जून 2026। टेनिस जगत में रूस की 19 वर्षीय युवा खिलाड़ी मिर्रा एंड्रीवा ने बड़ा इतिहास रच दिया है। एंड्रीवा ने फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) महिला एकल खिताब जीतकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम अपने नाम कर लिया है।

फाइनल मुकाबले में एंड्रीवा ने पोलैंड की माजा च्वालिंस्का को एकतरफा अंदाज में सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मुकाबले में एंड्रीवा ने अपने आक्रामक खेल, मजबूत बेसलाइन शॉट्स और बेहतरीन नियंत्रण के दम पर शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा और विपक्षी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

इस जीत के साथ ही आठवीं वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वह वर्ष 1992 के बाद रोलां गैरो जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड महान टेनिस खिलाड़ी मोनिका सेलेस के नाम था, जिन्होंने मात्र 18 वर्ष की उम्र में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था।

अपनी इस शानदार जीत के साथ मिर्रा एंड्रीवा ने महिला टेनिस में नई पीढ़ी के उभरते सितारे के रूप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जीत उनके करियर में एक बड़ा मोड़ साबित हो सकती है और आने वाले वर्षों में वह टेनिस की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हो सकती हैं।

## मिस्र ने कुवैत और बहरीन पर कथित ईरानी हमलों की कड़ी निंदा की, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

समाज जागरण

काहिरा, 6 जून। मिस्र ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाए गए कथित ईरानी हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे क्षेत्रीय संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन और पश्चिम एशिया की स्थिरता के लिए "खतरनाक उकसावे" की कार्रवाई बताया है।

मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि काहिरा कुवैत और बहरीन के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और उनकी सुरक्षा व स्थिरता के लिए उठाए गए सभी कदमों का समर्थन करता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अरब खाड़ी देशों की सुरक्षा, अरब राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण आधार है।

बयान में यह भी कहा गया कि किसी भी देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय



अखंडता और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी कदम को स्वीकार नहीं किया जा सकता। मिस्र ने चेतावनी दी कि ऐसी घटनाएं पूरे क्षेत्र में तनाव को और अधिक बढ़ा सकती हैं तथा शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी सेंट्रल कमांड के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के तहत कुछ ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसने बहरीन और कुवैत की ओर दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन को इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया।

सेंटकॉम के अनुसार, 5 जून को ईरान ने पहले स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की दिशा में चार एकतरफा हमला करने वाले ड्रोन भेजे थे, जिन्हें अमेरिकी बलों ने मार गिराया। इसके बाद कुछ घंटों में कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से अधिकांश को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया।

अमेरिकी पक्ष ने यह भी खारिज किया है कि बहरीन स्थित उसके 5वें बेड़े के मुख्यालय को कोई नुकसान पहुंचा है, जबकि ईरान की ओर से इस तरह के दावों का दावा किया गया था।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह घटनाक्रम पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ा सकता है और आने वाले दिनों में हालात और संवेदनशील बने रह सकते हैं।

## उत्तर कोरिया ने 5,000 टन 'कांग कोन' डिस्ट्रॉयर का किया परीक्षण, क्षेत्रीय तनाव बढ़ा



बीजिंग/प्योंगयांग, 06 जून 2026। उत्तर कोरिया ने अपनी नौसेना की ताकत का प्रदर्शन करते हुए 5,000 टन वजनी आधुनिक युद्धपोत 'कांग कोन' डिस्ट्रॉयर का परीक्षण किया है। इस परीक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है और इसे क्षेत्रीय सुरक्षा संतुलन के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी KCNA के अनुसार, इस युद्धपोत को उन्नत मिसाइल प्रणालियों से लैस बताया गया है और इसे एक "फ्लोटिंग मिलिट्री बेस" के रूप में विकसित किया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक, इस जहाज में क्रूज मिसाइलों के साथ संभावित परमाणु क्षमता से जुड़े हथियार प्रणालियों को शामिल किए जाने के दावे किए गए हैं।

यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के संभावित उत्तर कोरिया दौरे को लेकर कूटनीतिक हलचल बनी हुई है। वहीं, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन लगातार देश की सैन्य क्षमता को मजबूत करने और हथियार परीक्षणों के जरिए शक्ति प्रदर्शन पर जोर दे रहे हैं।



## हॉकी जूनियर एशिया कप 2026 में भारत की ऐतिहासिक जीत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई

समाज जागरण

लखनऊ, 06 जून 2026। हॉकी पुरुष अंडर-18 जूनियर एशिया कप 2026 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने मेजबान जापान को 4-1 से हराकर एशियाई चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस ऐतिहासिक जीत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए भारतीय टीम के प्रदर्शन की सराहना की और इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।

सीएम योगी ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पांच खिलाड़ियों–केतन कुशवाहा, शाहरुख अली, प्रह्लाद राजभर, राहुल यादव और रोमित पाल–के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने कौशल, समर्पण और अनुशासन से प्रदेश को विशेष गौरव का अवसर प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय



हॉकी निरंतर विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छुए और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करे, यही उनकी मंगलकामना है। उन्होंने टीम के सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहयोगी दल को भी इस जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि इस सफलता में कोचिंग स्टाफ और चयन प्रक्रिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारतीय टीम के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रजनीश मिश्रा ने कोचिंग स्टाफ में अहम योगदान दिया, जबकि हॉकी इंडिया के मुख्य चयनकर्ता एवं उत्तर प्रदेश हॉकी के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. सिंह के नेतृत्व में चयन प्रक्रिया को इस उपलब्धि का एक प्रमुख आधार माना जा रहा है।



## भारतवर्ष की गुरु-शिष्य सनातनी परंपरा। देश के प्रति समर्पण भाव।

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य परंपरा के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित




होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण नागरिकों के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे'
वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं'
आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।
किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।
वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

**संजीव ठाकुर , वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार ,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## गजल

जब मुझे रिश्तों की धूप छाँव में जीना पड़ा,
हर मोड़ पर किसी न किसी को खोना पड़ा।

उम्र भर जिस पर किया इस दिल ने भरोसा,
यूं मुझे उस शख़्स से ही दर्द भी सहना पड़ा।

वो पास आकर भी मेरे दिल से बहुत दूर था,
मुझे उन्ही खामोशियों का बोझ उठाना पड़ा।

आज भी उसकी आँखों में कुछ नमी तो थी,
लेकिन मुझे उसको हँसाकर ही जाना पड़ा।

मैं हर बार टूटकर जाने कैसे संभलता रहा हूँ,
क्यों? मुझे पत्थर के इस शहर में रहना पड़ा।

कुछ लोग साथ थे तो सफर आसान लगा था,
मुझे अब तन्हाइयों को भी दोस्त बनाना पड़ा।

रिश्ता अगर वफ़ा का हो तो दिल से निभाइए,
मुझे इस तरह क्यों? कर यूं उम्रभर रोना पड़ा।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

# शतरंज के नए विश्व नायक बने भारत के प्रज्ञानंद

- महेन्द्र तिवारी

वैश्विक शतरंज के इतिहास में 6 जून 2026 का यह दिन सुनहरे अक्षरों में अंकित हो चुका है। भारत के युवा और असाधारण रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी रमेशबाबू प्रज्ञानंद ने दुनिया की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक नार्वे शतरंज 2026 का खिताब जीतकर पूरे खेल जगत को अचंभित कर दिया है। इस महान सफलता ने न केवल प्रज्ञानंद को वैश्विक पटल पर एक सर्वोच्च खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है, बल्कि भारतीय खेल इतिहास में भी एक नया और अभूतपूर्व अध्याय जोड़ दिया है। इस वैश्विक प्रतियोगिता का समापन बेहद रोमांचक और अत्यधिक तनावपूर्ण परिस्थितियों में हुआ, जहां प्रज्ञानंद ने अपनी मानसिक दृढ़ता, धैर्य और अद्भुत रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के 10वें और अंतिम दौर में उनका सामना जर्मनी के अत्यंत सुदृढ़ खिलाड़ी विंसेंट कीमर से था। यह मुकाबला दोनों ही खिलाड़ियों के लिए जीवन का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ साबित होने वाला था, क्योंकि इस अंतिम बाजी के परिणाम पर ही पूरे वर्ष की कठोर मेहनत और इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का भाग्य पूरी तरह निर्भर कर रहा था। दबाव की इस अभूतपूर्व स्थिति में भी प्रज्ञानंद ने अपने मस्तिष्क को शांत रखा, अत्यंत सधी हुई चालें चलीं और विरोधी खिलाड़ी की रणनीतिक कमजोरियों का सटीक आकलन करते हुए उन्हें परास्त कर दिया। उनकी इस शानदार जीत ने पूरी दुनिया के सामने यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय युवा खिलाड़ी अब वैश्विक मंच पर किसी भी चुनौती का सामना करने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विचारकों को मात देने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं।

नार्वे में आयोजित होने वाली यह वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता अपनी अत्यधिक जटिल संरचना और दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए विख्यात है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 10 चक्र खेले गए, जिसमें प्रत्येक स्तर पर खिलाड़ियों की बुद्धिमत्ता, तत्परता और मानसिक सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा हुई। प्रज्ञानंद ने इस पूरी यात्रा के दौरान अत्यंत संतुलित और परिपक्व खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने न केवल पारंपरिक बाजियों में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की, बल्कि समय की भारी कमी वाली परिस्थितियों में भी अपने नियंत्रण को खोने नहीं दिया। जब यह प्रतियोगिता अपने अंतिम चरणों में पहुंच रही थी, तब अंक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा और अनिश्चित हो गया था। ऐसी स्थिति में अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर के खिलाफ प्रज्ञानंद की इस



निर्णायक जीत ने उन्हें प्रतियोगिता की अंतिम तालिका में सबसे उच्च स्थान पर पहुंचा दिया और उन्हें इस वर्ष का निर्विवाद विजेता बना दिया। यह विजय इसलिए भी अत्यंत विशेष मानी जा रही है क्योंकि इस प्रतियोगिता में विश्व के कई पूर्व और वर्तमान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे थे, जो वर्षों से इस बौद्धिक खेल पर अपना आधिपत्य जमाए हुए हैं। ऐसे स्थापित दिग्गजों के बीच रहकर 10 चक्रों की लंबी अवधि तक अपने प्रदर्शन के स्तर को लगातार उत्कृष्ट बनाए रखना और अंततः शीर्ष स्थान हासिल करना उनकी असाधारण मानसिक क्षमता को प्रदर्शित करता है।

प्रज्ञानंद की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे उनकी वर्षों की कठिन साधना, निरंतर अभ्यास और शतरंज के प्रति अटूट समर्पण की भावना छिपी है। बहुत ही कम आयु में उन्होंने शतरंज की दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना ली थी, जब वे केवल 10 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय मास्टर बने थे और उसके बाद केवल 12 वर्ष की आयु में उन्होंने ग्रैंडमास्टर जैसी सर्वोच्च उपाधि प्राप्त कर ली थी। उनके इस शुरूआती सफर ने ही दुनिया भर के खेल विश्लेषकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया था। समय के साथ उनके खेल में अत्यधिक गहराई और परिपक्वता आती गई, और उन्होंने अपनी रक्षात्मक तथा आक्रामक शैलियों के बीच एक बेहतरीन सामंजस्य स्थापित करना सीख लिया। नार्वे की इस ऐतिहासिक धरती पर, जहां सामान्यतः स्थानीय यूरोपीय खिलाड़ियों और दुनिया के अन्य चुनिंदा मस्तिष्कों का ही वर्चस्व रहता आया है, वहां एक भारतीय युवा का इस प्रकार उभरना और पूरी प्रतियोगिता के रुख को अपने नियंत्रण में ले लेना उनकी असाधारण नैसर्गिक प्रतिभा का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस जीत के साथ ही प्रज्ञानंद की वैश्विक वरीयता और उनके अंतरराष्ट्रीय अंकों में भी ऐतिहासिक सुधार दर्ज किया गया है, जो उन्हें आने वाले समय में विश्व चैंपियनशिप के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाता है।

यह गौरवशाली क्षण केवल प्रज्ञानंद की व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय शतरंज के उस स्वर्णिम युग का जीवंत प्रतीक है जिसकी मजबूत नींव देश के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने कई दशक पहले रखी थी। आज भारत के पास प्रज्ञानंद, डी गुकेश और अर्जुन एरीगैसी जैसे युवा खिलाड़ियों की एक ऐसी सशक्त पीढ़ी मौजूद है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली हर बड़ी प्रतियोगिता में देश के तिरंगे का मान बढ़ा रही है। इन युवाओं ने सामूहिक रूप से यह साबित कर दिया है कि भारतीय शतरंज अब केवल एक या दो दिग्गजों के व्यक्तिगत प्रदर्शन के भरोसे नहीं है, बल्कि देश में अब उच्च स्तरीय प्रतिभाओं की एक पूरी श्रृंखला तैयार हो चुकी है जो आने वाले कई दशकों तक विश्व स्तर पर अपना प्रभुत्व बनाए रखेगी। नार्वे शतरंज 2026 का यह पुरस्कार भारत की इसी सामूहिक बौद्धिक शक्ति और युवा ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है। खेल के वैश्विक विश्लेषकों का मानना है कि प्रज्ञानंद की इस अप्रत्याशित जीत से देश के लाखों बच्चों और युवाओं को एक नई प्रेरणा मिलेगी, जो इस विधा में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। इसके प्रभाव से विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक शतरंज के प्रति लोगों का दृष्टिकोण पूरी तरह बदलेगा और इस खेल को भविष्य में अधिक सामाजिक समर्थन तथा संसाधन प्राप्त हो सकेंगे।

यदि इस प्रतियोगिता के तकनीकी और रणनीतिक पहलुओं का सूक्ष्म विश्लेषण करें, तो यह स्पष्ट होता है कि प्रज्ञानंद ने इस बार अपनी खेल योजना में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए थे। उन्होंने पारंपरिक चालों के स्थान पर कुछ बेहद नए, साहसिक और अप्रत्याशित प्रयोग किए, जिससे उनके सामने बैठने वाले विरोधियों को उनकी खेल शैली को समझने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से 10वें चक्र में जर्मनी के कीमर के खिलाफ उन्होंने काले मोहरों के साथ खेलते हुए भी जिस प्रकार प्रारंभ से ही बाजी पर अपनी मजबूत पकड़ बनाई, वह उनके गहन अध्ययन और खेल की बारीकियों पर उनकी सर्वोच्च पकड़ को दशार्ता है। शतरंज के नियमों के अनुसार काले मोहरों के साथ खेल की शुरूआत करना हमेशा से एक मनोवैज्ञानिक चुनौती माना जाता है, क्योंकि सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को पहली चाल चलने का स्वाभाविक लाभ मिलता है। परंतु प्रज्ञानंद ने इस पारंपरिक दबाव को अपने मस्तिष्क पर हावी नहीं होने दिया। उन्होंने खेल के मध्य भाग में एक ऐसी अप्रत्याशित चाल चली जिसने कीमर की पूरी रक्षात्मक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया। इसके बाद खेल के अंतिम चरण में उन्होंने बहुत ही सधे हुए अंदाज में अपने मोहरों का संचालन किया और अंततः विरोधी खिलाड़ी को पराजय स्वीकार करने पर विवश कर दिया।

इस अभूतपूर्व महाविजय के बाद देश और विदेश से प्रज्ञानंद को बधाई देने वालों का एक विशाल तांता लगा हुआ है। भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित खेल जगत की नामचीन हस्तियों ने उनकी इस अनुपम उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उनके मार्गदर्शक और पूर्व विश्व विजेता विश्वनाथन आनंद ने भी प्रज्ञानंद की इस जीत को भारतीय खेल इतिहास का एक अत्यंत गौरवशाली और युगांतकारी क्षण घोषित किया है। वास्तव में यह सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि जब दृढ़ इच्छाशक्ति, उचित पारिवारिक सहयोग, सही मार्गदर्शन और निरंतर कठोर परिश्रम एक साथ मिलते हैं, तो सफलता का कोई भी शिखर अछूता नहीं रह जाता। प्रज्ञानंद ने नार्वे की इस धरती पर जो इतिहास रचा है, उसकी गूंज लंबे समय तक शतरंज की गलियारों में गूंजती रहेगी। आने वाले समय में उनकी नजरें अब विश्व चैंपियनशिप के सर्वोच्च खिताब पर टिकी होंगी, और जिस उत्कृष्ट लय में वे वर्तमान समय में खेल रहे हैं, उसे देखते हुए यह कहना तनिक भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारत को बहुत जल्द एक नया विश्व विजेता मिलने वाला है। 6 जून 2026 की यह ऐतिहासिक तारीख भारतीय खेल प्रेमियों के दिलों में हमेशा जीवंत रहेगी और प्रज्ञानंद का यह नाम शतरंज के इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो जाएगा।

ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस: मानव स्वतंत्रता की आखिरी परीक्षा का नाम

# विचारों का अंत: क्या इंसान अब सिर्फ एक इंटरफेस है?

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

## बीसीआई: मानवता का सबसे खतरनाक उपहार या नई डिजिटल दासता?

2030 तक मानव सभ्यता एक भयावह और आश्चर्यजनक मोड़ पर पहुंचने वाली है। वह दौर जब मस्तिष्क की अंतिम सीमाएँ भी टूट जाएँगी। ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अब कोई दूर की कल्पना नहीं रहा। न्यूरालिंक के चिप्स मस्तिष्क में उतर चुके हैं, सिग्नल पढ़े जा रहे हैं और विचार सीधे क्रियाओं में बदल रहे हैं। एक पैरालाइज्ड व्यक्ति मात्र सोचकर कर्सर हिला रहा है, रोबोटिक हाथ चला रहा है। लेकिन यही तकनीक कल पूरे समाज की नींव हिला देगी। 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, जहां हर व्यक्ति की सोच, आस्था और सपने अलग हैं, इस क्रांति से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला है। विचारों की गोपनीयता का अंतिम किला भी ढहने के कगार पर है और हम अभी भी इस खतरे को गंभीरता से नहीं ले रहे।

बीसीआई चिकित्सा जगत में तो वरदान साबित हो रहा है। लॉक-इन सिंड्रोम, एएलएस (एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस) और गंभीर विकलांगता से जूझ रहे मरीजों को नई जिंदगी मिल रही है। अब केवल सोचकर बोलना, लिखना और चलना संभव हो गया है। लेकिन इसकी असली शक्ति संवर्धन में छिपी है। स्वस्थ व्यक्ति बेहतर स्मृति, असीमित एकाग्रता और सीधे मस्तिष्क से ज्ञान प्राप्त करने की क्षमता हासिल कर लेगा। कल्पना कीजिए–संपन्न वर्ग के बच्चे बीसीआई-सक्षम मस्तिष्क के साथ स्कूल जाएंगे, जबकि गरीब बच्चा पारंपरिक शिक्षा के साथ संघर्ष करेगा। भारत में जहां शिक्षा और रोजगार पहले से ही असमानता की मार झेल रहे हैं, यह तकनीक सामाजिक खाई को चिरस्थायी बना देगी। संवर्धित मस्तिष्क वाले लोग नई नौकरियों पर एकाधिकार कर लेंगे और बाकी पीढ़ियाँ पिछड़ती चली जाएगी। हालांकि शुरूआती दशकों में यह मुख्य रूप से चिकित्सकीय उपयोग तक सीमित रह सकता है।

सबसे खतरनाक हमला तो विचारों की निजता पर होगा। बीसीआई मस्तिष्क की विद्युतीय तरंगों को पढ़कर न केवल इरादे और भावनाएं, बल्कि छिपे हुए भय, इच्छाएँ और विरोध भी उजागर कर सकता है। 2030 तक काफी परिपक्व और व्यापक रूप से इस्तेमाल होने लगा होगा। नौकरी के इंटरव्यू में बॉस सीधे मस्तिष्क से आपके फोकस और ईमानदारी की जाँच कर सकेगा। बीमा



कंपनियाँ छिपे रोगों का अनुमान लगा लेंगी। सरकार या राजनीतिक दल चुनावी सोच तक पहुंच जाएंगे। हैकिंग का खतरा और भयावह होगा–कोई आपका पूरा व्यक्तित्व चुरा सकता है। बाई-डायरेक्शनल बीसीआई केवल पढ़ता ही नहीं, मस्तिष्क में सिग्नल भी भेज सकता है। हालांकि बाई-डायरेक्शनल बीसीआई अभी मुख्यतः रीसर्च स्टेज में है, लेकिन यह भावी चुनौतियों का संकेत देता है।

नैतिकता और कानून की दुनिया में यह तकनीक बड़ा भूचाल ला रही है। जब मस्तिष्क 24 घंटे रिकॉर्ड हो रहा हो, तब सहमति का अर्थ क्या रह जाएगा? बच्चों, मानसिक रूप से कमजोर लोगों या कैदियों की सोच पर अधिकार किसका होगा? इसी कारण न्यूरो-राइट्स की मांग दुनिया भर में तेज हो रही है– विचारों का मौलिक अधिकार, मानसिक गोपनीयता का संरक्षण। चीन राज्य-नियंत्रित बीसीआई में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जबकि पश्चिम अभी गोपनीयता पर बहस में उलझा है। भारत को अपनी परिस्थितियों के अनुसार रास्ता चुनना होगा। हमारा डेटा प्रोटेक्शन कानून अभी प्रारंभिक अवस्था में है। न्यूरल डेटा को अत्यंत संवेदनशील श्रेणी में रखकर सख्त कानून बनाना आवश्यक है, वरना विदेशी कंपनियाँ भारतीय मस्तिष्कों का खुला शोषण कर सकती हैं।

भारत वर्तमान में इस वैश्विक दौड़ में काफी पीछे है। कुछ आईआईटी और स्टार्टअप प्रयास कर रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कोई स्पष्ट नीति या बड़ा मिशन नहीं दिखता। जबकि अवसर अपार हैं। सस्ते नॉन-इनवेसिव बीसीआई से ग्रामीण शिक्षा में क्रांति लाई जा सकती है, विकलांगों को मुख्यधारा में लाया जा सकता है और मेडिकल टूरिज्म को नई गति मिल सकती है। लेकिन स्वदेशी तकनीक, मजबूत साइबर सुरक्षा और ठोस नैतिक ढांचे के बिना हम सिर्फ उपभोक्ता बनकर रह जाएंगे। हमारी सांस्कृतिक विविधता और लोकतांत्रिक मूल्य इस क्षेत्र में सबसे बड़ी ताकत बन सकते हैं, यदि हम उन्हें सही दिशा और स्पष्ट रणनीति दें।

इस तकनीक के साथ सुरक्षा और नैतिक चुनौतियाँ भी महत्वपूर्ण हैं। लंबे समय तक मस्तिष्क प्रत्यारोपण से संक्रमण और संकेत कमजोर होने की समस्या बनी रहती है, जिस पर शोध आवश्यक है। बाई-डायरेक्शनल बीसीआई अभी शोध चरण में है, पर भविष्य में मस्तिष्क नियंत्रण का जोखिम दिखाता है। इसी कारण न्यूरो-अधिकारों की मांग बढ़ रही है, जिसमें न्यूरल डेटा को संवेदनशील मानकर कानूनी सुरक्षा की बात की जा रही है। भारत में नॉन-इनवेसिव बीसीआई से ग्रामीण विद्यालयों में ध्यान निगरानी और व्यक्तिगत शिक्षण संभव हो सकता है, जिससे शिक्षा असमानता घट सकती है।

आखिरकार सवाल यह है कि हम बीसीआई को मानवता की सेवा में लगाएंगे या फिर इसे नई गुलामी का साधन बनने देंगे? 2030 का भारत यदि तैयार नहीं हुआ, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ 'सोचने की स्वतंत्रता' पूरी तरह खो देंगी। संसद में तुरंत गंभीर, व्यापक और निर्णायक बहस हो, विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए, राष्ट्रीय बीसीआई मिशन की औपचारिक शुरूआत हो और देशव्यापी जनजागरण अभियान को युद्धस्तर पर चलाया जाए। हमें न सिर्फ तकनीक अपनानी है, बल्कि उसे भारतीय नैतिकता, सामाजिक समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय संप्रभुता के सुदृढ़ व संतुलित ढाँचे में ढालना होगा, ताकि यह मानवता के हित में एक साधन बने, न कि नियंत्रण और शोषण का माध्यम।

मानव सभ्यता एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ हर निर्णय भविष्य की दिशा तय करेगा। समय अत्यंत सीमित है। आज हम जो नीतियां बनाएंगे, वही कल हमारे विचारों की रक्षा करेंगी। यदि हम सतर्क और सशक्त रहे, तो बीसीआई भारत को विश्वगुरु बनाने में सहायक बन सकता है, अन्यथा यह नई डिजिटल गुलामी का माध्यम बन जाएगा। इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा, यदि हमने अपनी अंतिम स्वतंत्रता–विचारों की स्वतंत्रता–ही खो दी। अब निर्णय की घड़ी आ चुकी है। या तो हम इस परिवर्तन को दिशा देंगे, या यह हमें अपने नियंत्रण में ले लेगा। जागो भारत, क्योंकि अब सोचने का अवसर भी हाथ से फिसलता जा रहा है।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
**शिक्षाविद्**

# व्यंग्य: "कॉकरोच, झाड़ू और 58 साल का युवा"

देश की राजनीति भी अब रसोईघर जैसी हो गई है। फर्क बस इतना है कि यहां गैस सिलेंडर की जगह बयान फूटते हैं और बर्तनों की जगह नेता टकराते हैं।




इन दिनों चर्चा एक खास "कॉकरोच" की है। कुछ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने इतनी गंदगी फैलाई कि कॉकरोच बाहर निकल आए। दूसरी तरफ कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि जनाब, ये कॉकरोच आज सुबह की बारिश में नहीं उगे हैं, इनका खानदानी इतिहास है। ये तो वर्षों से लोकतंत्र की दीवारों के पीछे आराम से रह रहे थे।

फिर एक दिन एक पार्टी झाड़ू लेकर आई। जनता ने सोचा कि अब सफाई अभियान चलेगा। लेकिन हुआ यह कि झाड़ू लगाते-लगाते इतनी धूल उड़ गई कि लोगों को समझ ही नहीं आया कि गंदगी साफ हो रही है या नई गंदगी पैदा हो रही है। कुछ कॉकरोच इधर भागे, कुछ उधर भागे और कुछ ने तो बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपनी विचारधारा भी घोषित कर दी।
अब एक नया विवाद यह है कि एक "58 साल का युवा" भी इन कॉकरोचों के समर्थन में दिखाई दे रहा है। राजनीति में उम्र का हिसाब वैसे भी बड़ा अनोखा होता है। यहां 58 साल का व्यक्ति युवा कहलाता है और 28 साल का व्यक्ति अनुभवहीन। इसलिए जनता ने भी इस गणित को समझने की कोशिश छोड़ दी है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि इस कॉकरोच प्रजाति में देसी और विदेशी दोनों नस्लें पाई जाती हैं। कुछ एयरपोर्ट से आते हैं, कुछ सोशल मीडिया से और कुछ सीधे टीवी डिबेट में प्रकट हो जाते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये हर सरकार में जीवित रहते हैं। सरकार बदलती है, नारे बदलते हैं, पोस्टर बदलते हैं, लेकिन कॉकरोच लोकतंत्र के सबसे स्थायी जीव साबित होते हैं।

वैज्ञानिक शोध कहता है कि कॉकरोच की उम्र 25 साल से ज्यादा नहीं होती। इसलिए राजनीतिक विश्लेषक निष्कर्ष निकाल रहे हैं कि अगर कोई कॉकरोच 12 साल पुरानी सरकार से भी पुराना है, तो उसकी जन्मतिथि पर चुनाव आयोग से जांच करानी चाहिए।

अंत में जनता यही सोच रही है कि गंदगी किसने फैलाई, झाड़ू किसने चलाई, कॉकरोच किसने पाले और किसने बचाए–इस बहस में कहीं असली मुद्दे फिर से अलमारी के पीछे तो नहीं छिप गए?

क्योंकि भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा सच यही है कि यहां गंदगी पर बहस करने वालों की संख्या, गंदगी साफ करने वालों से हमेशा ज्यादा रहती है। और कॉकरोच... वे हर बहस के बाद भी मुस्कुराते हुए कहते हैं–"हम फिर लौटेंगे!"

**रमन झा (स्वतंत्र पत्रकार व लेखक)**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पीएम किसान लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य, 30 जून अंतिम तिथि

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थी किसानों के लिए वार्षिक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। निर्धारित समय सीमा 30 जून 2026 तक ई-केवाईसी पूरी न करने पर किसानों को आगामी किस्त का लाभ नहीं मिल सकेगा। इस संबंध में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के निदेर्शानुसार यह व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य योजना में पारदर्शिता बढ़ाना, डाटा संबंधी त्रुटियों को समाप्त करना तथा केवल वास्तविक एवं पात्र किसानों को ही लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी लाभार्थियों को 30 जून




2026 से पहले अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। समय सीमा के बाद ई-केवाईसी न कराने वाले किसान योजना की अगली किस्त से वंचित हो सकते हैं।

ई-केवाईसी के लिए किसानों को दो विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। वे पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा स्वयं प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, या फिर निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं। प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे समय रहते ई-केवाईसी पूरी करें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त होता रहे। सौजन्यः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर

# मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 08 से 28 जून तक, किसानों को मिलेगा लाभ

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। मत्स्य विभाग, गौतमबुद्धनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मत्स्य निरीक्षक हरिशंकर त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक मत्स्य पालक विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर 08 जून से 28 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना के लिए आवेदन किए जा सकेंगे।

अधिकारी के अनुसार, प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। योजनाओं से संबंधित परियोजना विवरण, इकाई लागत, पात्रता शर्तें तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि योजनाओं के प्रावधानों में भविष्य में कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित नियम ही लागू होंगे। पूर्व वर्षों में निरस्त या प्रतीक्षारत आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

मत्स्य विभाग ने इच्छुक लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त किया जा सके।

अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक मत्स्य, जनपदीय कार्यालय विकास भवन कमरा नंबर 305-306 से संपर्क किया जा सकता है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# इंडो-कैनेडियन एलायंस बिजनेस समिट 2026 से व्यापार और निवेश को मिलेगी नई गति

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नई दिल्ली, 04 जून 2026। इंडो-कैनेडियन एलायंस ने ह्यइंडो-कैनेडियन एलायंस बिजनेस समिट 2026ह्न के आयोजन की घोषणा की है। यह बहु-शहरी व्यापार एवं निवेश प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम 11 से 20 सितंबर 2026 तक कनाडा के टोरंटो और ओटावा में आयोजित किया जाएगा।

यह समिट 'एक्वायर इनोवेशन' की पहल पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भारत और कनाडा के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को नई दिशा देना है। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों, उद्यमियों तथा विभिन्न संस्थानों की भागीदारी रहेगी। इस दौरान बिजनेस सेमिनार, निवेश मंच, बी-टू-बी बैठकें, नेटवर्किंग सत्र, कॉरपोरेट विजिट और मार्केट




एंट्री गाइडेंस जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन का उद्देश्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देना, तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना तथा संयुक्त उपक्रमों और रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना है।

एक्वायर इनोवेशन के संस्थापक हार्दिक ठाकरे ने कहा कि यह समिट भारत और कनाडा के बीच दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग और नवाचार आधारित विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

वहीं के.एच. मैनेजमेंट की कार्यकारी निदेशक कृति त्रिवेदी ने इसे प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, लॉजिस्टिक्स और विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का बड़ा अवसर बताया।

यह समिट दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्तों को नई मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने थाना दादरी का वार्षिक निरीक्षण किया, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार डीसीपी ग्रेटर नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह द्वारा थाना दादरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसीपी-2 ग्रेटर नोएडा प्रशाली गंगवार भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, हवालात, मेस, बैरक तथा महिला हेल्प डेस्क सहित पूरे थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया। मालखाने में लंबे समय से लंबित माल का निस्तारण करने तथा लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुसार नीलामी कराने



के निर्देश भी दिए गए।

साइबर हेल्प डेस्क और महिला हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिया कि पीड़ितों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा सभी शिकायतों को रजिस्टर में नियमित रूप से दर्ज कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा थाना कार्यालय में सभी अभिलेखों को व्यवस्थित और अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए।

डीसीपी ने विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने के लिए भी निर्देशित किया।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि थाना आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उनके साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए, ताकि पुलिस-जन विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

# थाना इकोटेक-3 पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। थाना इकोटेक-3 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से एक अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा (.315 बोर) बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त राज पुत्र जितेन्द्र, निवासी ग्राम पिरौंटा, थाना रेवती, जिला बलिया (वर्तमान पता ग्राम जलपुरा, थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर), उम्र लगभग 21 वर्ष को डंपिंग यार्ड सूरजपुर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना इकोटेक-3 में धारा




3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आगे की जांच एवं

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न, 228 शिकायतों में 18 का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण/संदीप गर्ग




गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों–जेवर, दादरी और सदर– में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना रहा।

इस दौरान तीनों तहसीलों में कुल 228 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 18 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

तहसील जेवर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का स्थलीय सत्यापन कर गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में बरगद का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और नागरिकों से अधिकाधिक वृक्षारोपण की अपील की।

इसी क्रम में तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 119 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का निस्तारण तत्काल कर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर

# थाना जारचा पुलिस ने अवैध हथियार सहित वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से एक वांछित अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा तथा 02 जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ धारा पुत्र ज्ञानेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम खण्डेरा, थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर (उम्र लगभग 37 वर्ष) को ग्राम छायसा की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।




मामला मु0अ0सं0 77/2026 के अंतर्गत दर्ज है, जिसमें अभियुक्त पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं 115(2), 352, 351(2), 117(2), 109(1) एवं 3(5) के तहत कार्रवाई की जा रही थी। यह मामला वादी द्वारा दर्ज कराए गए उस प्रकरण से संबंधित है, जिसमें आरोप है कि अभियुक्तों ने वादी के भाई के साथ गाली-गलौच, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी थी।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनेगा 'प्रभुपाद विलेज', वैदिक जीवनशैली पर आधारित होगी अनूठी आध्यात्मिक सोसाइटी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में एक अनूठी वैदिक टाउनशिप 'प्रभुपाद विलेज' विकसित किए जाने की योजना सामने आई है। यह परियोजना अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े भक्त समाज के सदस्यों द्वारा विकसित की जा रही है।

यह परियोजना इस्कॉन के संस्थापकाचार्य ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के विचारों और वैदिक जीवनशैली के सिद्धांतों पर आधारित होगी, जिसका उद्देश्य सादगी, आत्मनिर्भरता, गो-संरक्षण और आध्यात्मिक शिक्षा को बढ़ावा देना है।

प्रस्तावित 'प्रभुपाद विलेज' केवल एक आवासीय परियोजना नहीं होगी,




बल्कि इसे वैदिक संस्कृति, गुरुकुल शिक्षा, सामुदायिक सेवा और आध्यात्मिक साधना का केंद्र बनाया जाएगा। यहां श्रीश्री राधा-कृष्ण मंदिर, वैदिक अध्ययन केंद्र, गुरुकुल, गौशाला, वानप्रस्थ आश्रम और निःशुल्क प्रसाद वितरण केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

परियोजना में वर्णाश्रम आधारित जीवन व्यवस्था को भी शामिल किया गया है, जिसके तहत वानप्रस्थ आश्रम विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। यहां उन लोगों के लिए आवासीय सुविधा होगी जो जीवन के उत्तरार्ध में साधना, भक्ति और सेवा को समर्पित करना चाहते हैं।

आयोजकों के अनुसार, इस परियोजना का उद्देश्य आधुनिक जीवन की भागदौड़ के बीच एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां आध्यात्मिकता, संस्कार, करुणा और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन को बढ़ावा मिल सके।

प्रस्तावित 'प्रभुपाद विलेज' को भविष्य में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में वैदिक संस्कृति और आध्यात्मिक जीवनशैली के एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने की योजना है।

# जनपद में 07 एवं 17 जून को निःशुल्क ओपन आमंत्रण खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से 07 जून एवं 17 जून 2026 को ओपन आमंत्रण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

प्रभारी/जिला क्रीड़ा अधिकारी परवेज अली ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन जिला विकास एवं खेल प्रोत्साहन समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने बताया कि 07 जून को सब-जूनियर वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जबकि 17 जून को सब-जूनियर वर्ग तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओं में जिले के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि यह ओपन आमंत्रण प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी और इसमें किसी भी प्रकार का पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथियों पर अपनी-अपनी विधाओं में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जाएंगी, जिससे खेल संस्कृति को और अधिक मजबूत किया जा सके। सौजन्यः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर

# विश्व साइकिल दिवस पर 07 जून को मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'संडे ऑन साइकिल' रेस का आयोजन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर जनपद में 07 जून (रविवार) को 'संडे ऑन साइकिल' विशेष साइकिल रेस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगा। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी परवेज अली ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन निदेशक खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल के सहयोग से होगा।

उन्होंने बताया कि इस विशेष आयोजन में खेल संस्थानों, खेलो इंडिया सेंटर, खेल छात्रावासों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अन्य प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इसका उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना और युवाओं में खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

इच्छुक प्रतिभागी फिट इंडिया पोर्टल https://fitindia.gov.in/world.bicycle पर पंजीकरण कर इस साइकिल रेस में भाग ले सकते हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेकर फिट इंडिया अभियान को सफल बनाने की अपील की है। सौजन्यः सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर

# थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 53/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 64(2)(I) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में मामला दर्ज था। यह प्रकरण एक पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से संबंधित है, जिसमें अभियुक्त पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आशु पुत्र राजू, निवासी ग्राम जलालपुर, थाना पिसावा, जिला अलीगढ़ के रूप में हुई है। उसे थाना क्षेत्र से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आगे की जांच तेजी से की जा रही है तथा सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। थाना पुलिस ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

# परी चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था का उच्च अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस दौरान डीसीपी ग्रेटर नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह एवं प्रभारी डीसीपी ट्रैफिक अभय कुमार मिश्र ने पुलिस बल के साथ परी चौक पर यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया।



अधिकारियों ने प्रमुख चौराहों, सर्विस रोड और व्यस्त मार्गों पर यातायात संचालन की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए तथा आमजन के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए। इसके साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से वाहन चलाएं, जिससे यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

# जनगणना 2027 कार्य में लापरवाही पर सख्ती, कार्रवाई की चेतावनी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। जनगणना 2027 का कार्य जनपद में प्रगति पर है। कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कुल 2284 एचएलबी बनाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार कई सुपरवाइजर एवं प्रगणकों द्वारा कार्य में संतोषजनक प्रगति की गई है, लेकिन कुछ कार्मिकों द्वारा अपेक्षित रुचि न लेने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान तक 1690 एचएलबी में 50 प्रतिशत से भी कम सेन्सस हाउस डेटा दर्ज किया गया है, जबकि 397 एचएलबी में 10 से कम हाउसहोल्ड डेटा ही दर्ज किया गया है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए अधिकारियों ने असंतोष व्यक्त किया है। प्रशासन ने इसे एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में गंभीर शिथिलता बताते हुए संबंधित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

अधिकारियों के अनुसार लापरवाही करने वाले कर्मियों के खिलाफ जनगणना अधिनियम-1948 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने तथा निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि जनगणना कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गंभीरता से पूर्ण किया जाए, अन्यथा कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# थाना बीटा-2 पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक घायल गिरफ्तार; लूटी गई चैन व मोबाइल बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 06 जून 2026। थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा ढकिया बाबा गोल चक्कर के पास चेकिंग के दौरान स्नैचिंग करने वाले बदमाशों से मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रुकने का इशारा करने पर आरोपियों ने भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान राजेन्द्र उर्फ लल्लू उर्फ लीलू पुत्र राधेश्याम, निवासी खुशियाल टोला, थाना पटेरवा, जिला गोरखपुर (वर्तमान पता साइट-5, कासना, ग्रेटर नोएडा, उम्र लगभग 26 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने मौके से 01 अवैध तमंचा (.315 बोर), 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, थाना कासना क्षेत्र से चोरी की गई अपाचे मोटरसाइकिल, लूटी गई सोने की चैन तथा स्नैच किए गए 03 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

घटना के दौरान अभियुक्त का एक साथी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है। घायल आरोपी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में 29 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बताया गया कि अभियुक्त व उसके साथियों ने 01 जून 2026 को थाना बीटा-2 क्षेत्र के गांव नवादा में भी चैन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था, जिसके संबंध में मामला पहले से दर्ज है। पुलिस ने मामले में आगे की विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने थामा भाजपा का दामन

**समाज जागरण**

चंदौसी। भारतीय जनता पार्टी छाबड़ा मंडल की मासिक बैठक का आयोजन ग्राम दियोंरा खास के पंचायत घर पर सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि 8 लोकसभा संभल प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी , जिला संभल से जिला मंत्री व छाबड़ा मंडल के प्रभारी डॉ विशाल चौहान मौजूद रहे।इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकता तालिब मालिक, प्रमोद कुमार उर्फ बिल्लू



यादव निवासी ग्राम दियोंरा खास,दिनेश यादव विचेटा काजी ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।बैठक में पार्टी द्वारा चलाईं जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा बूथ की समिति व पन्ना प्रमुख बनाने पर जोर दिया गया। साथ में टिफिन बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे के टिफिन में से खाना लेकर एक साथ बैठकर खाया दोनों मुख्य अतिथि भी अपने साथ टिफिन लेकर आए बैठक में मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रदीप चौहान, मंडल महामंत्री ठाकुर राजेन्द्र सिंह, मंडल महामंत्री विवेक मिश्रा, युवा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष बंटी गोस्वामी, ठाकुर बिट्टन सिंह, ठाकुर रवि सिंह,मुनेश यादव अंकित शर्मा,डॉ कमलबीर सिंह , के0 पी0 पाल ,महेंद्र पाल,तथा सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे

# तहसील समाधान दिवस में आई, शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना आज यहां शनिवार को तहसील सभागार में नवागत एसडीएम प्रिंस कुमार ने सभी अधीनस्थों को चेतावनी दी है कि तहसील






समाधान दिवस में आई शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें तथा शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं अपनी तैनाती के प्रथम बार तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे व्यवहार कुशल, युवा एसडीएम प्रिंस कुमार ने कहा कि शासन की योजनाओं को क्रिया वन करना हमारी प्राथमिकता है तहसील समाधान दिवस में वही व्यक्ति आता है जिसको कहीं से भी न्याय नहीं मिलता, इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि पीड़ित कोअविलंब न्याय दिलाया जाए तहसील समाधान दिवस में आज 37 शिकायती दर्ज की गई, जिसमें से तीन का निस्तारण मौके पर कर दिया गया, बाकी के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं, की बाकी शिकायतों का तत्काल निष्कारण कराया जाए, तहसील समाधान दिवस में खंड विकास अधिकारी ज्योति चौधरी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, तहसीलदार नगीना अमरपाल सिंह, सब इंस्पेक्टर कोतवाली देहात, सब इंस्पेक्टर नगीना देहात, सब इंस्पेक्टर बढ़ापुर, पूर्ति निरीक्षक के वर्मा, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपखंड अधिकारी, कोतवाली देहात, सहित जिला ब्लॉक, वह सभी थानों के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे, मालूम हो कि आज अपर जिलाधिकारी का तहसील समाधान दिवस था, किंतु किन्ही परिस्थितियों के चलते तहसील समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके

# रास्ता भटके युवक की मदद को खुद आगे आए कोतवाल रवींद्र प्रताप

## रवींद्र प्रताप ने सकुशल युवक को पहुंचाया उसके घर इलाहाबाद

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर। पुलिस का नाम सुनते ही जहां अमूमन लोगों के जेहन में सख्त रवैए की तस्वीर सामने आती है, वहीं कुछ पुलिस अधिकारी अपने मानवीय व्यवहार से समाज में खाकी का गौरव बढ़ाने में लगें हुएहैं। ऐसा ही एक सराहनीय मामला नहटौर से सामने आया है, जहां कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह की दरियादिली और मुस्तैदी के कारण एक रास्ता भटके युवक को सकुशल उसके घर पहुंचवा दिया। उनके इस मानवीय पहल की जिलेभर में सराहना हो रही है।



हुआ यूं कि एक युवक राह भटक कर स्थानीय थाना क्षेत्र में काफी परेशान हालत में घूम रहा था। वह तीन दिन से नहटौर के हल्दौर चौराहे पर स्थित यात्री स्टैंड पर बैठा था। वह अपने घर का रास्ता भूल चुका था और मानसिक तनाव व थकान के कारण कुछ भी साफ बताने की स्थिति में नहीं था। जब इस बात की भनक नहटौर थाना कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह को लगी, तो उन्होंने बिना देरी किए मामले को बेहद संजीदगी से लिया। कोतवाल रविंद्र प्रताप उस युवक के पास पहुंचे ओर उन्होंने न सिर्फ उस युवक को अपने पास बिठाया, बल्कि सबसे पहले उसे भोजन और पानी देकर सामान्य किया। इसके बाद उन्होंने बेहद आत्मीयता से बातचीत कर युवक से उसके घर और परिजनों के बारे में सुराग जुटाने का प्रयास किया। युवक ने अपना नाम असलम ओर जिला इलाहाबाद का निवासी बताया। युवक का कहना था कि वह रास्ता भटक गया है। युवक से जानकारी करने पर युवक ने बताया कि उसके पास जाने के लिए पैसे नहीं है और वह भूखा भी है। युवक काफी परेशान नजर आ रहा था। कोतवाल ने उसे भोजन कराया, जिससे उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कोतवाल ने अपने निजी खर्चे में से उसे एक हजार रुपए देकर बस से रवाना कर दिया।

**नहटौर थाना कोतवाल रवींद्र प्रताप की कार्यशैली को सलाम**

कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह की इस कार्यशैली को देखकर आस पास के लोग प्रसन्न हुए और उन्होंने कोतवाल की जमकर सराहना की। पुलिस की इस दरियादिली और त्वरित कार्रवाई को देखकर स्थानीय नागरिकों ने कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह को सलाम करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी ही समाज में पुलिस और जनता के बीच विश्वास के रिश्ते को मजबूत करते हैं।यह कोई पहली बार नहीं है जब कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का यह संवेदनशील रूप सामने आया है।इसे पहले भी वह कई बार मजबूर व बेसहारा लोगों की मदद अपने निजी खर्चे से करते चले आ रहे हैं जिसकी जिलेभर में चर्चा है।

# बबराला में पतंजलि परिवार की बैठक संपन्न

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तीन तहसीलों में होंगे भव्य आयोजन।

**समाज जागरण**

संभल।बबराला नगर पंचायत कार्यालय बबराला में शनिवार को पतंजलि परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और बृहद रूप में आयोजित करने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया।बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन ने की, जबकि संचालन भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी रामवीर सिंह शास्त्री ने किया।तीन तहसीलों में मुख्य कार्यक्रम योजना के अनुसार, जनपद की तीनों तहसीलों में बड़े स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे गुन्नौर तहसील नगर पालिका के सहयोग से योग पार्क, राजघाट रोड, बबराला। सम्भल तहसील नगर पालिका के सहयोग से शंकर भूषण इंटर कॉलेज, सम्भल। चंदौसी तहसील राजेश कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज, चंदौसी।इसके अतिरिक्त, ब्लॉक और प्रखंड स्तर पर भी योग शिक्षकों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में योग शिक्षकों से



आह्वान किया गया कि वे योग के प्रचार-प्रसार हेतु प्रतिमाह कम से कम पांच नए अभ्यर्थी तैयार करें।

**संगठन विस्तार पर जोर**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी उत्तर प्रदेश दयाशंकर आर्य ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा, संगठन की शक्ति का ही परिणाम है कि आज पतंजलि पूरे देश में एक लाख निशुल्क योग कक्षाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे तहसील स्तर पर प्रवास कर सक्रिय कार्यकताओं की खोज करें, ताकि जिला, तहसील और प्रखंड स्तर पर टीमों का पुनर्गठन कर उन्हें और अधिक सक्रिय किया जा सके। कक्षाओं के विस्तार पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि एक ही स्थान पर कई शिक्षक न रहकर अलग-अलग स्थानों पर योग कक्षाएं लगाएं। बैठक में भुवनेश जी, तिलक मुनि जी, योगेंद्र कुमार शर्मा, अरुण कुमार यादव, अशोक कुमार, दिनेश आर्य, कालाराम यादव, आवेश जी, सतीश जी, सत्यपाल जी, शिवराज जी, ओमपाल जी, सुनीता जी और अष्टवसु सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व योग शिक्षक उपस्थित रहे।

# खेत बचाओ अभियान एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के उद्यान वैज्ञानिक द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र नगीना व कृषि विभाग बिजनौर द्वारा खेत बचाओ अभियान एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को जानकारी दी गई।



विकासखंड कोतवाली ग्राम पंचायत ईस्माईलपुर दमी में विकसित कृषि संकल्प अभियान, खेत बचाओ अभियान एवं कृषक चौपाल एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम में डा प्रतिमा गुप्ता, उद्यान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र नगीना व कृषि विभाग बिजनौर द्वारा खेत बचाओ अभियान एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को जानकारी दी गई कि अपने घर पर ही प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए जैव उर्वरको व जैव उत्पाद का निर्माण करें इसके लिए प्रत्येक किसान अपने खेत पर वर्मी कंपोस्ट इकाई अजोलाइकाई प्राकृतिक खेती से संबंधित इकाई स्थापित कर फसलों की पोषक तत्वों की मांग के अनुरूप ही पोषक तत्व दे व उनके प्रबंधन की जानकारी दी, आदित्य कुमार गौतम सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) के द्वारा कृषि विभाग से संचालित होने वाली समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें दलहन तिलहन व अनाज के बीच 50% अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं, सोलर पैनल के लिए कुसुम योजना, कृषि यंत्र के लिए कृषि यंत्रीकरण योजना, NFSM प्रर्दशन अन्य से भी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ प्रतिमा गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना, आदित्य कुमार गौतम सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) वासुदेव प्राविधिक सहायक, सहकारी समिति के कर्मचारी व कृषक उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 69 शिकायतें दर्ज

## राजस्व विभाग के सबसे अधिक 37 मामले पहुंचे, पांच शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर। तहसील सभागार चांदपुर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम नितिन तेवतिया ने की। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कुल 69 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



शिकायतों में सबसे अधिक 37 मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। इसके अलावा पुलिस विभाग की 15 शिकायतें, विद्युत विभाग की छह, विकास विभाग की पांच तथा अन्य विभागों से जुड़ी छह शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर एसडीएम नितिन तेवतिया ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्षता तथा पारदर्शिता के साथ निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

कार्यक्रम में तहसीलदार सहित राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास एवं अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया तथा शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया।

# बिजनौर जिला कारागार में कैदियों को कराया गया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बिजनौर जिला कारागार में 6/6/26 शनिवार प्रातः लगभग 7 बजे योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है जिला कारागार में प्रत्येक शनिवार को बंदियों को नियमित रूप से योग कराया जाता है। इस अवसर पर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑगेनाईजेशन, सूर्या फाउंडेशन तथा योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट, साकेत कॉलोनी सिविल लाइन द्वितीय, बिजनौर के सहयोग से विशेष योग सत्र आयोजित किया गया।





कार्यक्रम में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑगेनाईजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं योगाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने बंदियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी पद्धति है जो शरीर, मन और आत्मा तीनों की एक साथ चिकित्सा करती है। उन्होंने बताया कि दवा केवल गोली, कैप्सूल या इंजेक्शन ही नहीं होती, बल्कि कोई भी ऐसी विधि जो व्यक्ति को स्वस्थ बनाए, वह भी चिकित्सा का ही रूप है योग सत्र में चांदपुर से आए योग शिक्षक निजामुद्दीन सैफी एवं ओ.पी. शर्मा ने भी सहभागिता करते हुए बंदियों को स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्व और दैनिक जीवन में इसके प्रयोग की जानकारी दी इस अवसर पर नव नियुक्त जिला जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता, डिप्टी जेलर सुरेंद्र कुमार सहित कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बंदियों को नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया गया।

# वर्धमार नदी पुनरुद्धार कार्य का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया शुभारम्भ

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।विकासखण्ड गुन्नौर के ग्राम बाघऊ में आज जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा "एक जनपद, पाँच नदियाँ" थीम के अंतर्गत मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ नारियल फोड़कर तथा फावड़ा चलाकर वर्धमार नदी पुनरुद्धार कार्य का शुभारम्भ किया गया।



ग्राम बाघऊ में वर्धमार नदी के कैचमेंट क्षेत्र में ग्राम समाज/ऊसर भूमि पर अवैध रूप से निर्मित खेरे वाले चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ की मजार को तहसीलदार रवि सोनकर के निर्देशन में नायब तहसीलदार रजपुरा अनुज कुमार तथा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मजार को हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया था। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर उपस्थित रहे तथा उन्होंने की गई कार्रवाई का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में "एक जनपद, पाँच नदियाँ" के अंतर्गत जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विलुप्तप्राय एवं अस्तित्वहीन होती जा रही नदियों के पुनर्जीवन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्धमार नदी के पुनरुद्धार का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

यह नदी विकास खण्ड गुन्नौर एवं विकास खण्ड जुनावई से होकर गुजरेगी। लगभग 14.5 किलोमीटर लंबी यह नदी आगे चलकर महावा नदी में मिलती है। नदी की पुरानी पहचान को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने, खुदाई, पौधारोपण तथा अन्य संरक्षण संबंधी कार्य किए जाएंगे। साथ ही इसके अंतर्गत सीएसआर, राज्य वित्त आयोग,तथा वीबी- जीरामजी योजना के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार कार्य कराए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, तहसीलदार रवि सोनकर तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत राजकीय नलकूप खंडों पर किया गया वृक्षारोपण

**समाज जागरण**

चन्दौसी। "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत नलकूप खंड, चन्दौसी द्वारा राजकीय नलकूप परिसरों में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी ने अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया।




राजकीय नलकूप परिसरों में छायादार, फलदार एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जिनमें नीम, पीपल, बरगद, अमलतास, अर्जुन, जामुन तथा आम प्रमुख हैं। वृक्षारोपण के साथ पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं रख-रखाव की भी समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे लगाए गए पौधे स्वस्थ वृक्ष के रूप में विकसित हो सकें।

यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। नलकूप खंड, चन्दौसी के अधिशासी अभियन्ता महेंद्र शंकर ने बताया कि सभी कर्मचारियो द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल के लिए प्रतिबद्धता की सपथ ली गयी हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से 21 वर्षीय युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम।

## चांदपुर रेलवे ट्रैक पर हुआ दर्दनाक हादसा, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर। नगर में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 21 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला सरायरफी निवासी कैलाश का पुत्र अभिषेक (21) शुक्रवार देर रात चांदपुर रेलवे स्टेशन के निकट धनोरा रोड स्थित रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। बताया जाता है कि इसी दौरान गजरौला से नजीबाबाद की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रात लगभग 11 बजे का बताया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान अभिषेक पुत्र कैलाश निवासी मोहल्ला सरायरफी, चांदपुर के रूप में हुई।

बताया जाता है कि अभिषेक नगर में चाट के ठेले पर कार्य करता था। घटना स्थल उसके घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और मोहल्ले में मातम का माहौल बना हुआ है।

जीआरपी चौकी प्रभारी प्रनव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, जिसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा: मुख्यमंत्री

**- पहले रामभक्त नहीं जा पाते थे अयोध्या, अब रामद्रोही नहीं आ सकते अयोध्या: सीएम योगी**

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा में 516 करोड़ रुपये की 262 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

**- जनता से बोले सीएम- आपने कमल का बटन दबाया तो मिल रहा मां लक्ष्मी का आशीर्वाद**

**- पहले गुंडों के आगे नतमस्तक होते थे सत्ताधारी, अब बन रहा आधुनिक यूपी का आधुनिक गोंडा: सीएम**

**- सीएम योगी ने कराया बच्चों का अन्नप्राशन, स्टॉल्स का किया अवलोकन**

**समाज जागरण**

गोंडा, 6 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि अब वह नहीं होगा, जो 2017 के पहले होता था। 2015-16 में दुर्गा पूजा में गोंडा में दंगे की चेष्टा की गई थी। तब मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन नहीं होने दिया जाता था। रामलीला में अड़चन डाली जाती थी। त्योहार व उत्सव से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। 2017 से पहले सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों व पेशेवर गुंडों के सामने नतमस्तक होते थे। प्रदेश में महीनों कर्फ्यू रहता था। लेकिन, अब किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोंडा के कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये व करनैलगंज में 260 करोड़ रुपये (कुल 516 करोड़ रुपये) की 262 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।

**अब समान रूप से हो रहे विकास कार्य**

अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि असुरक्षा के वातावरण में निवेश नहीं होता। 2017 से पहले राज्य में पहचान का संकट, नौजवान बेहाल, किसान परेशान, बहन-बेटियां असुरक्षित थीं। जब विकास के पिछले पायदान में हमारी गिनती होती थी तो सम्मान भी नहीं मिलता था। अब सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 826 विकास खंडों, 762 नगर निकायों, लगभग 14 हजार वार्डों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को बिना रोक-टोक योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

**तुष्टिकरण, अराजकता की भेंट चढ़ गया था गोंडा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊजार्वान, किसान परिश्रमी, बहन-बेटियां प्रतिभाशाली हैं। कारीगरों व हस्तशिल्पियों ने अपने हुनर की छाप देश-दुनिया तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं की। गोंडा ने स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई, लेकिन आजादी के बाद यहां जो अपेक्षित विकास होना चाहिए था, वह तुष्टिकरण, अराजकता, भाई-भतीजावाद, जातिवाद की भेंट चढ़ गया और इसका खामियाजा जनपद को भुगतना पड़ा। गोंडा विकास के अभाव में पिछड़ता गया।

**अब स्वागत होता है यूपी वालों का**

सीएम योगी ने कहा कि एक समय ऐसा भी आ गया, जब अन्य जनपदों की भांति ही गोंडा के नौजवानों के सामने भी पहचान का संकट हो गया। प्रदेश में नौकरी-रोजगार नहीं था। नौजवान जब बाहर जाते थे तो अन्य प्रदेशों के लोग 10 कदम की दूरी बना लेते थे। शंका भरी निगाहों से देखते थे। 12 वर्ष में पीएम मोदी व 9 वर्ष में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का परिणाम है कि अब यूपी का नाम आते ही सामने वाले का चेहरा खिल जाता है और वह आपको गले लगाने को उतावला दिखता है।

# असारा में बकाया बिल पर कटा कनेक्शन, बीमार मां की हालत देख बेटे ने की आत्महत्या

१९००० रुपये बकाया पर बिजली विभाग ने काटी लाइन; ३ दिन की गर्मी न झेल सका अमजद, परिजनों ने जेई पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के असारा गांव में शनिवार को दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। यहां बीमार मां की हालत देख 29 हजार रुपये के बकाया बिल पर बिजली कनेक्शन कटने से आहत बेटे अमजद ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिजली विभाग के जेई पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के भाई मोहसिन ने बताया कि अमजद की मां गंभीर रूप से बीमार थी। बिजली विभाग ने 29 हजार रुपये का बकाया न चुकाने पर घर का कनेक्शन काट दिया। अमजद ने विभाग की टीम से हाथ जोड़कर एक



हफ्ते में बिल जमा करने की मोहलत मांगी थी, लेकिन जेई ने बात नहीं सुनी और कनेक्शन काट दिया। बीमार मां ने भी तड़पते हुए बिजली न काटने की गुहार लगाई, मगर अधिकारियों ने नियमों का हवाला देकर लाइन काट दी। इसके बाद तीन दिन तक घर में अंधेरा रहा। भीषण गर्मी और उमस में बीमार मां को तड़पता देख अमजद मानसिक रूप से टूट गया और उसने फांसी लगाकर जान दे दी। गांव में मातम पसरा है। ग्राम प्रधान नदीम ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिल जमा करने में छूट दे रखी है, फिर भी विभाग ने मनमानी की। यह मौत बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन जेई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# प्राकृतिक संसाधन बचाना भविष्य की बड़ी आवश्यकता : डॉ मिथिलेश दांगी

**समाज जागरण बागपत।**

आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा आयोजित चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बडौत में चल रहे आवासीय संस्कार शिविर के तीसरे दिन आर्य वीरों ने लाठी का प्रशिक्षण लिया। बौद्धिक सत्र में झारखंड हजारीबाग से आए डॉक्टर मिथिलेश कुमार दांगी राष्ट्रीय संयोजक आजादी बचाओ आंदोलन ने आर्य वीरों को संबोधित करते हुए कहा प्राकृतिक संसाधन हमारे भविष्य की निधि है। जिनकी आज लूट हो रही है। हमारे देश के अंदर 1990 में 12000 विदेशी कंपनियां थी परंतु आज




110000 विदेशी कंपनियां है। जो भारत के संसाधनों का दोहन कर रही है। देश के अंदर 29 लाख स्वदेशी कंपनी है जिनमें से 19 लाख सक्रिय कंपनी है। हमारे देश में 6 लाख गांव है सक्रिय कंपनियों में से औसत प्रति गांव तीन कंपनी हिस्से में आती है, ऐसे में गांव का विकास होना चाहिए अगर पूंजी निवेश से ही विकास होता है परंतु इसके विपरीत गांव की लूट हो रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। खनन कंपनियों से देश के जल संसाधन और प्राण वायु का खतरा बढ़ गया है अगर यह परियोजना ऐसे ही चलती रही वह दिन दूर नहीं है जब भविष्य में देश के हर नागरिक की पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर दिखाई देगा। हमारा जीवन उनके हाथों गुलाम हो जाएगा। देश में सड़क मंत्रालय के अनुसार कल 65 लाख किलोमीटर सड़क की लंबाई है। यदि इन सड़कों के किनारे सोलर ऊर्जा से बिजली प्राप्त की जाए तो किसानों की एक इंच जमीन भी ऊर्जा निर्माण के लिए नहीं ली जाएगी। जिससे देश में पलायन और विस्थापन की समस्या खत्म होगी और खेती योग्य जमीन के बचने के कारण लंबे समय तक हमारा देश खाद्यान्न के लिए आत्मनिर्भर बना रहेगा। आज जीरो तकनीक छोटी-छोटी चीजों को बनाने के लिए भी विदेशी कंपनिया काम कर रही हैं जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। मुनाफा विदेश में पलायन कर रहा है। इसरो की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में 98 मिलियन हेक्टेयर जमीन बंजर होने की ओर बढ़ रही है। इस अवसर पर शिविर अध्यक्ष धर्मपाल त्यागी, मीरा वर्मा, सभा मंत्री रवि शास्त्री, कपिल आर्य, हरेंद्र आर्य, राजवीर त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# छपरौली थाना प्रभारी ने शबगा चौकी पर किया वृक्षारोपण, दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

आशीष पुंडीर बोले- पेड़-पौधे प्रदूषण कम कर आने वाली पीढ़ी को देंगे बेहतर वातावरण; पुलिसकर्मियों व ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**समाज जागरण छपरौली।**

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए शनिवार को सबगा पुलिस चौकी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर ने पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की और लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने कहा कि पेड़-पौधे वातावरण को साफ रखने और प्रदूषण घटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। ये आने




वाली पीढ़ियों को बेहतर माहौल देंगे। उन्होंने लोगों से खाली जगहों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने को कहा। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए। मौजूद लोगों ने लगाए गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। वृक्षारोपण के जरिए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। सभी ने हराभरा और साफ वातावरण बनाने में योगदान देने की बात कही।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर माय भारत ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**समाज जागरण बागपत।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माय भारत बागपत के तत्वावधान में जनता वैदिक डिग्री कॉलेज बड़ौत में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में 100 पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह,जबकि विशिष्ट अतिथि वासुदेव कौशिक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण पर्यावरण गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण को अपनाने तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनात्मक



प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ वंदना, डॉ गीता एवं नितीश भारद्वाज द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से किया गया। स्वयंसेवक दानिश, पंकज, अनुज, वसीम, शादाब, कार्तिक, हरेंद्र, शिवम, गुलअफ्शा एवं प्रिया शर्मा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, पौधारोपण अभियान, प्रतिभागियों के मार्गदर्शन एवं अन्य गतिविधियों के सफल संचालन में सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित मंच संचालन सुषमा त्यागी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सहज एवं आकर्षक ढंग से संचालित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अनीकेत शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, निर्णायकों, स्वयंसेवकों, प्रतिभागियों एवं कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# 84 कोसी परिक्रमा से लौटकर जितेन्द्र तोमर ने तहसील में दिया धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण बड़ौत।**

शिक्षक नेता जितेन्द्र तोमर ने 84 कोसी ब्रज की पैदल परिक्रमा पूरी करने के बाद शनिवार को तहसील समाधान दिवस पर धरना दिया। उन्होंने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपकर जनसमस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। जितेन्द्र तोमर ने बताया कि उन्होंने एक महीने पहले ही प्रशासन को डाक से आवेदन भेजा था। कोई कार्रवाई न होने पर वे 31 मई को 84 कोसी परिक्रमा पर निकल पड़े और 5 जून को वापस लौटे। थकान की परवाह किए बिना वे सीधे तहसील पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उन्होंने बड़ौत-बिनौली रोड की सर्विस रोड से नवीन जैन, प्रवीण जैन और रमेश का अतिक्रमण हटवाकर सड़क बनवाने की मांग की। इस पर




एसडीएम ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। साथ ही सिरसली गांव के चमार तालाब पट्टी मोरीवाला और रमतल तालाब पट्टी मावी की खुदाई-सफाई कराने की मांग रखी। एसडीएम ने बीडीओ बिनौली को इस काम के निर्देश दिए। जितेन्द्र तोमर ने बड़ौत के लेखपाल शैलेश की शिकायत भी की। कहा कि लेखपाल 10 साल से एक ही जगह जमा है, सीएम पोर्टल की शिकायतों का गलत निस्तारण करता है। उसकी संपत्ति की जांच कराई जाए। इसके अलावा बावली चुंगी के रोडवेज बस स्टैंड की जमीन की नापतौल कराने की मांग पर तहसीलदार को जांच सौंपी गई। जितेन्द्र तोमर ने कहा कि जब तक शरीर में ताकत है, जनता के मुद्दों पर लड़ाई जारी रखेंगे।

# बावली में क्रिकेट खेलते समय विवाद, बैट से हमले में घायल युवक की मौत

इलाज के दौरान दिल्ली में तोड़ा दम; आरोपी घरों पर ताला लगाकर फरार, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील क्षेत्र के बावली गांव में दो दिन पहले क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में घायल युवक राशिद की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आरोपी युवक घरों पर ताले लगाकर फरार बताए जा रहे हैं। बावली गांव का रहने वाला राशिद दो दिन



पहले गांव में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान किसी बात पर उसकी दूसरे युवकों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर राशिद के सिर पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया गया। गंभीर हालत में परिजन उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, हालत बिगड़ने पर दिल्ली रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान राशिद ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि युवकों ने जानबूझकर राशिद को मारा। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी कुमार दीक्षित त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। आरोपी युवक घटना के बाद से ही अपने घरों पर ताले लगाकर फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई सामान जब्त, चालान और बुलडोजर कार्रवाई।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए शनिवार को व्यापक अभियान चलाया गया। सहायक नगर आयुक्त निहाल सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने नगर निगम कार्यालय से स्टेशन रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क और फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर रखे गए सामान को जब्त किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने कई दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों के चालान भी काटे। इसके अलावा जहां स्थायी अतिक्रमण पाए गए, वहां बुलडोजर की मदद से कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण और कब्जों को ध्वस्त किया गया। अचानक चली कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। नगर निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सड़क, नाली और सार्वजनिक स्थानों



पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सहायक नगर आयुक्त निहाल सिंह ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारी, प्रवर्तन दल और पुलिस बल मौजूद रहा। कार्रवाई के चलते स्टेशन रोड और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बने कई अतिक्रमण हटाए गए, जिससे मार्ग पर आवा गमन सुगम हुआ।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को अमीनगर सराय में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

निशुल्क जांच के साथ दाताओं के परिवार को 24 घंटे ब्लड की सुविधा

**समाज जागरण बागपत।**

विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2026 के अवसर पर अमीनगर सराय स्थित बाबा लालमन दास दिगंबर जैन धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। भारतीय रेड क्रॉस समिति बागपत और लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के संयुक्त तत्वावधान में तथा न्यूट्रिमा ब्लड बैंक, गढ़ रोड मेरठ के सहयोग से होने वाले इस शिविर के संयोजक लायन संजय गर्ग, युवा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने बताया कि रक्तदान से मानव जीवन बचता है। शिविर में रक्तदाताओं की





संपूर्ण जांच निशुल्क की जाएगी। दाताओं के परिवारजन व रिश्तेदारों को आवश्यकता पड़ने पर 24 घंटे आवश्यक ब्लड ग्रुप उपलब्धता अनुसार उपलब्ध रहेगा। मुख्य संयोजक लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि 18 से 65 वर्ष तक के स्वस्थ स्त्री-पुरुष, जिनका वजन 45 किलो से अधिक और हीमोग्लोबिन 12.5% से ऊपर है, वे हर 3 महीने में रक्तदान कर सकते हैं। शिविर को सफल बनाने के लिए सुप्रसिद्ध समाजसेवी ईश्वर अग्रवाल "घेवर वाले", व्यापारी संघ अध्यक्ष लायन राकेश बंसल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लायन श्याम सुंदर गर्ग,

लायन अभिषेक जैन, लायन विपुल जैन, लायन शिव कुमार मित्तल, लायन नितिन मित्तल आदि जनसंपर्क कर नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# क्रोध नहीं समता धारण करो : विनिश्चय सागर जी महाराज

**समाज जागरण बागपत।**

जैन आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ने अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी बडौत में मंगल प्रवचन दिये। उन्होंने कहा कि आज गृहस्थ जीवन में प्रेम की जगह कलह ने, क्रोध ने अपना स्थान बना लिया है। आपके भीतर का अहंकार, भीतर की आकांक्षा बाहर क्रोध के रूप में प्रकट होती है तो प्रीति समाप्त हो जाती है और कलह का जन्म हो जाता है। सच कहा जाए तो चारों ओर कषाय हमारे लिए खतरनाक है पर क्रोध एक धधकता अंगारा है उसकी



प्रचंड ज्वाला में सारे धर्म स्वाहा हो जाते हैं। हमे अपने जीवन में क्रोध छोड़कर समता धारण करनी चाहिए। क्रोध के अंगारे को बुझाने के लिए क्षमा का नीर आवश्यक है। भगवान महावीर स्वामी ने सत्य के साधकों के लिए पूर्णतः क्रोध करने का निषेध किया है। क्रोध को क्रोध से कभी समाप्त नहीं किया जा सकता, इससे तो केवल शत्रुता ही बढ़ती है। इसलिए आत्मा से क्रोध भगाएं,समता धारण करें इसी में आत्मा का उद्धार है। सभा का संचालन पंडित श्रेयांस जैन ने किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, नवीन जैन, वरदान जैन, महेंद्र जैन, अंकुर जैन, विकास जैन आदि उपस्थित थे।

# बिल्डथॉन के राज्य स्तरीय विजेता वाशुदेव ने साइंस घर में इलेक्ट्रिक लाइन सेफ्टी सिस्टम मॉडल किया प्रस्तुत

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें षष्ठम दिवस पर कक्षा 11 के छात्र वाशुदेव ने अपने इलेक्ट्रिक लाइन सेफ्टी सिस्टम मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इलेक्ट्रिक लाइन सेफ्टी सिस्टम मॉडल के अंतर्गत यदि किसी बिजली के खंभे में विद्युत धारा प्रवाहित होती है तो स्वत खंभे पर लगी पट्टी गिरकर चेतावनी संकेत देती है जिससे बिना किसी की जान जाए जल्द से जल्द इस खंभे का निष्कासन किया जाता है दूसरी समस्या के अन्तर्गत यदि बिजली के खभों पर लगे तार किसी आपदा के कारण आपस में मिलते है तो स्वत उस क्षेत्र की लाइन कट जाती है और साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारी को अलर्ट के रूप में कॉल जाती है



जिससे जल्द से जल्द उस समस्या का निष्कासन किया जाता है इस कार्यप्रलाणी का प्रयोग करके बिजली के खम्भों से होने वाली दुर्घटना से बचा जा सकता है और इससे बिजली विभाग को भी सहायता प्राप्त होगी। अश्वनी कुमार जैन ने वाशुदेव के मॉडल के रचनात्मक एवं क्रियाशील प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि वाशुदेव ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के साथ विकसित भारत बिल्डथॉन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक मनीष असीजा के हस्तक्षेप के बाद महिला का हुआ सुरक्षित प्रसव

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद, जनपद के गांव राजा वली क्षेत्र की मूल निवासी कीमती कुमारी पत्नी अनिकेत कुमार की डिलीवरी विधायक के हस्तक्षेप से महिला अस्पताल में सफलतापूर्वक कराई गई कीमती कुमारी आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण निजी अस्पताल में इलाज कराने में असमर्थ थी। इस सम्बन्ध में समाजसेवी राहुल कुमार ने सदर विधायक मनीष असीजा को जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तत्काल फिरोजाबाद के सौ शैय्या अस्पताल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की डिलीवरी शीघ्र कराई जाये।



विधायक के निर्देश के बाद 03 जून 2026 को शाम करीब 6:30 बजे सौ शैय्या अस्पताल में ऑपरेशन के माध्यम से महिला की सफल डिलीवरी कराई गई। उसने डिलीवरी के दौरान एक स्वस्थ कन्या का जन्म दिया। बताया जाता है, कि डिलीवरी के दौरान शुरू में कुछ चिकित्सकों द्वारा आनाकानी की गई, लेकिन विधायक के हस्तक्षेप के बाद प्रक्रिया पूरी की गई। समाजसेवी राहुल कुमार ने इस सहयोग के लिए विधायक मनीष असीजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों के लिए इस प्रकार की मदद करने के लिये सदर विधायक हर समाज के लोगो की मदद में आगे रहते है।

# दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार एक पेड़ माड्ड्ं के नाम अभियान के तहत 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर



दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाईयों द्वारा प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा जी के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर माधवी सिंह एवं डॉक्टर अंजु गोयल ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य वातावरण को प्रदूषणमुक्त करना रहा। इस अवसर पर डॉक्टर शमा बी,डॉ शालिनी सिंह, डॉक्टर नम्रता निश्चल त्रिपाठी, शालिनी गुप्ता एवं संजय उपाध्याय उपस्थित रहे।

# तहसीलदार को मिला अपना कार्यालय, एसडीएम ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद । तहसीलदार जसराना को शुक्रवार को अपना कार्यालय मिल गया। एसडीएम जसराना राजेश कुमार शुक्ला ने फीता काटकर उसका शुभारंभ किया। तहसीलदार ने नए कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना। कार्यालय का उद्घाटन करते हुए एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं का सुन उनका प्रभावी निस्तारण करें। क्षेत्र की जनता को राजस्व सहित अन्य शासकीय सेवाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा सिटीजन चार्टर का भी पालन किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार रवीश कुमार ने बताया कि अभी तक चैंबर में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा था। जिसमें परेशानी आ रही थी।



कार्यालय बनने के बाद लोगों की समस्याओं को सुनने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सुबह दस बजे से लेकर 12 बजे तक आम जन की समस्याओं को सुना जाएगा। इस दौरान नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार, शुभम पास्तौर, अधिवक्ता भुवनेश कुमार, बृजकिशोर उपाध्याय, संजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# खेडीकरमू पहुंची आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव खेडीकरमू में शनिवार को आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा पहुंची। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने जन सभा को संबोधित करते हुए रोजगार, किसानों, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र के विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश व केंद्र सरकार को घेरा। सभा स्थल पर पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

जनसभा में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि एसआईआर हो या ईवीएम इन दोनों से ईमानदारी के चुनाव नही हो सकते है। बैलेट पेपर से चुनाव होना चाहिए। इसके लिए उन्होने जन समर्थन भी मांगा। उन्होने उपस्थित भीड से कहा कि हिन्दु मुसलमान चाहते है या रोजगार चाहते हो। अपने ग्रामीण क्षेत्रों में ही रोजगार चाहते हो या फिर पलायान कर बडे बडे शहरों में जाकर जाति धर्म के नाम पर अपमानित होना चाहते हो। उन्होने कहा कि यहां का व्यक्ति महाराष्ट्र जाकर गाली खाता है। सरकार ने धर्म के नाम पर बांटकर यह दिया है। कहा कि आप एकजुट नही होगे तो आने वाली नसलों को इसका परिणाम भुगतना पडेगा। उन्होने कहा कि जिसने अपराध किया है उसको सजा मिले, लेकिन सिर्फ धर्म और जाति के आधार पर पैर में गोली मार देना और गौकशी के झूठे मुकदमे में जेल भेज देना यह न्याय नही है। जो सरकार के खिलाफ खडा होता है उसको जेल भेज दिया जाता है। कहा कि हमे नया उत्तर प्रदेश नही चाहिए। हमे न्यायपूर्ण उत्तर प्रदेश चाहिए। जहां पढे लिखे नौजवानों को रोजगार मिले। जहां शिक्षा, स्वास्थ्य सभी के लिए बराबर हो। जहां पुरानी पेंशन मिले, किसानों को उनकी फसलों का दाम भी मिले। किसानों का बिजली बिल माफ हो। महिलाओं को रोजगार मिले और उनका सम्मान हो। आंगनबाडी, भोजन माताओं, पंचायत सहायको, पीआरडी के जवानों, होमगार्ड भाईयों और शिक्षा मित्रों को न्यूनतम मानदेय मिलना चाहिए। कहा कि यदि कोई मजदूरी करता है तो न्यूनतम 750 रुपए प्रतिदिन मिलने चाहिए। कहा कि 20 हजार से कम में घर चलने वाला नही है। उन्होने कहा कि एक बार मौका दो 20 हजार से कम का किसी को रोजगार नही मिलेगा। उन्होने कहा कि गरीबों की जिंदगी आसान नही है। अमीरों का कुत्ता भी एसी में सोता है। उत्तर प्रदेश दो तरह का प्रदेश है जो गरीबों के लिए अलग और अमीरों के लिए अलग कानून है। उन्होने कहा कि एससी एसटी का अधिकार बचाने के लिए पार्टी के चार साथी जेल गए है। उन्होने कहा कि इस सरकार के दमन से लडने के लिए जेल तो क्या सीने पर गोली खाने के लिए तैयार है, लेकिन झुकेगे नही। उन्होने कहा कि न्यायपूर्ण सरकार होती तो सभा की परमिशन न बदलती। उन्होने कहा कि जगह न देने से क्या होता है गरीब के दिल से नही निकाल पाओगे। आने दो 2027 हम जगह देगे। खूब सभाऐं और प्रचार करना। हम लोकमंत्र को मानते और सत्ता के लोग ठंडा तंत्र को मानते है। कहा कि अगर वोट का अधिकार नही होता तो एक भी लंबे कुर्ते वाला बस्ती में दिखाई नही देता। उन्होने लोगों से अपने वोट की कीमत को समझने की अपील की। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शामली। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की जनसभा को लेकर क्षेत्र के गांव खेडीकरमू में वॉलिंटर्स लगाए गए थे, लेकिन यह वॉलियंटर्स कम और झगडालु व्यक्ति ज्यादा लग रहे थे। सभा में पहुंचे कार्यकताओं से उक्त लोगों द्वारा जमकर अभद्रता की गई। यही नही हाथों में लाठी डंडे लेकर कई कार्यकताओं को धक्के मारकर भगा दिया गया, जबकि वह सभी चंद्रशेखर आजाद को सुनने के लिए पहुंचे थे। साथ ही कई मीडियाकर्मियों से भी नोकझोक करते हुए उनके आईकार्ड दिखाने के लिए बोला गया, जिससे कई बार अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

शामली। शहर के दिल्ली रोड स्थित खेडीकरमू में आयोजित चंद्रशेखर आजाद की जनसभा को लेकर जाम की स्थिति बनी रही। सडकों पर वाहन खडे रहने और भीडभाड होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। गाडियों का काफी लंबा काफिला पहुंचने से गांव के लोगों को अपने भैंसा बुग्गी ले जाने में भी दिक्कते हुए है।

यही नही कुछ युवकों ने गाडियों की खिडकियों से लटकर जमकर हुडदंग मचाया, जिससे अफरा तफरी मची रही।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत करनाल रोड स्थित चौधरी सर्विस सेंटर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नरेंद्र सुंदरियाल, सप्लाई इंस्पेक्टर मोहित कुमार तथा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन शामली के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक सशक्त माध्यम है। जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव ने लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।



# अधिवक्ताओं ने एसडीएम सदर के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला बार एसोसिएशन शामली के अधिवक्ताओं ने शनिवार को तहसील परिसर में एकत्रित होकर एसडीएम सदर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने एसडीएम सदर एवं एसओसी न्यायालय की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा की और आरोप लगाया। शनिवार को शामली तहसील में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह, महासचिव सत्येंद्र कुमार शर्मा ने आरोप लगाया कि एसडीएम सदर/एसओसी निधि भारद्वाज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे अधिवक्ता समुदाय में रोष व्याप्त है। इस संबंध में विचार-विमर्श के बाद बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से एसडीएम सदर न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय लिया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार निर्णय के तहत कोई भी अधिवक्ता उक्त न्यायालय में किसी प्रकार का न्यायिक कार्य नहीं करेगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर उचित विचार नहीं किया जाता, तब तक बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होने एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की है। इस अवसर पपर एडवोकेट सतेन्द्र कुमार, दिलशाद एडवाकेट, ओम पाल सिंह, कृष्णपाल दत्त शर्मा, रवि कुमार, प्रताप सिंह राठौर, प्रदीप पंवार, मुकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।



# ग्रामीणों ने एक व्यक्ति पर लगाया झुठे प्रार्थना पत्र देकर परेशान करने का आरोप

**समाज जागरण शामली।**

तहसील क्षेत्र के गांव गंदेवड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर झूठे प्रार्थना पत्र देकर लोगों को परेशान करने तथा ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मामले में जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शनिवार को एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम गंदेवड़ा निवासी प्रमजीत, लौकेन्द्र, सजीव कुमार, महेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव का एक व्यक्ति आए दिन ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न अधिकारियों को झूठे प्रार्थना पत्र देता रहता है। आरोप है कि वह लोगों पर दबाव बनाकर धनराशि की मांग करता है और रकम न देने पर लगातार शिकायतें करने की धमकी देता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति स्वयं को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताकर लोगों को भयभीत करता है तथा गांव का माहौल खराब कर रहा है। शिकायतकताओं ने आरोप लगाया कि उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ भी बार-बार शिकायतें की जा रही हैं, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।

# जिला अस्पताल में चिकित्सको का विदाई समारोह आयोजित

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) जिला अस्पताल से हापुड सीएमओं के पद पर स्थानांतरित हुए सीएमएस डा. किशोर आहुजा व अन्य चिकित्सकों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनके कार्यकाल की सराहना की है।

शनिवार को जिला अस्पताल के मीटिंग हॉल में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हापुड सीएमओं के पद पर स्थानांतरित हुए सीएमएस डा. किशोर आहुजा ऑर्थो सर्जन डा. जाहिद अली त्यागी, ईएनटी विशेषज्ञ डा. नेहा शर्मा, आशु लिपिक सुरेश कुमार, नर्सिंग अधिकारी रूबी, हितेश शर्मा, आकांक्षा चौहान के सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. सचिन मलिक, डा. रामनिवास, डा. समद अली ने कहा कि सीएमएस डा. किशोर आहुजा का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। उनके कायार्काल में जिला अस्पताल ने नई नई ऊंचाई को छुआ। लैब का निर्माण हो सका, ओटी संचालित हुई। इसके अलावा अन्य चिकित्सकों के कायार्काल को सेवाकाल के रूप में सराहा गया। मौके पर सीएमएस डा. नरेश सैनी, डा. विजेन्द्र कुमार, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।



# नोडल अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**समाज जागरण**

शामली। शहर के नवीन मंडी स्थित गौशाला का शनिवार को जेडी मेरठ व नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने गौवंशों को मिलने वाले चारे और साफ सफाई को लेकर जानकारी ली। शनिवार को निरीक्षण के दौरान गौशाला में चारा मशीन की जांच की, जहां हरा चारा काटते कर्मचारियों को साफ सफाई रखने के निर्देश दिऐ। गौशाला में चौकर उपलब्ध पाया गया। जिसके लिए चौकर को खुले में न रखने के निर्देश दिऐ। उन्होने गौवंशों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए तिरपाल की व्यावस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। गौशालों के सभी अभिलेखों की जांच की गई। उन्होने गौशाला संचालकों को समय समय पानी की व्यावस्था करने और साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए है। इस दौरान गौशाला में सभी व्यावस्था सही पाई गई। मौके पर संचालक दिनेश कुमार, दिपेन्द्र सिंह, डा. शिवेन्द्र प्रताप सिंह, विकास कुमार, रविन्द्र कुमार, सतीश आदि मौजूद रहे।



# पीएम आवास योजना के निमार्णाधीन मकान में तोड़फोड़, 13 पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकान को क्षतिग्रस्त करने, विरोध करने पर पुत्रियों के साथ मारपीट और अभद्रता करने के आरोप में पुलिस ने 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला अफगानान निवासी रामचंद्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि पड़ोस के कुछ लोग रंजिश के चलते निर्माण कार्य में बाधा डालते रहे हैं। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आरोपी उसके निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे और सरकारी सहायता राशि से कराए जा रहे निर्माण कार्य को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उसकी पुत्रियों सुमरन और वर्षा के साथ गाली-गलौज, मारपीट तथा अभद्र व्यवहार किया गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी परिवार को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले में ओमप्रकाश, सूरजभान, जयपाल, सुनील, संदीप, प्रमोद, राजन, निर्मल देवी, दीपक, अंकित, शिवानी, पूजा और संगीता को नामजद कराया गया है।

# बाइक फेंकने का विरोध करने पर हमला

**समाज जागरण**

कैराना। मकान के बाहर खड़ी बाइक उठाकर फेंकने का विरोध करने पर युवक और उसके भाई के साथ लाठी-डंडों से हमला किया गया। मोहल्ला बेगमपुरा निवासी गौरव ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि गुरुवार रात करीब नौ बजे पड़ोसी देवांश नामदेव कथित रूप से नशे की हालत में उसके मकान के सामने खड़ी बाइक को उठाकर फेंकने लगा। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। कुछ देर बाद देवांश का पिता रवि नामदेव और दादी मुन्नी देवी भी मौके पर पहुंच गए तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में व उसका भाई घायल हो गए। शोर सुनकर परिजन और मोहल्ले के लोग पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# पांच बीघा ज्वार की फसल की नष्ट

**समाज जागरण**

कैराना। खेत में खड़ी ज्वार की फसल पर खरपतवारनाशक दवा का छिड़काव कर नष्ट करने का आरोप लगाया गया है। गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी तालीम अली ने पुलिस को बताया कि गांव के पास स्थित उसकी कृषि भूमि में पशुओं के चारे के लिए ज्वार की फसल खड़ी थी। 27 मई की शाम खेत पर पहुंचने पर उसने देखा कि फसल पूरी तरह खराब हो चुकी है। जानकारी करने पर पता चला कि किसी ने स्प्रे मशीन के माध्यम से खरपतवारनाशक दवा का छिड़काव कर दिया, जिससे फसल नष्ट हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किशोरी को ले जाने में मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। किशोरी को ले जाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मोहल्ला आलकलां खंद्रावली रोड निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे सहारनपुर निवासी कैफ अंसारी उसकी 14 वर्षीय पुत्री को अपने साथ ले गया। पीड़ित ने पुलिस से पुत्री की बरामदगी और आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जहानपुरा में मिट्टी खनन का वीडियो वायरल

**समाज जागरण**

कैराना। जेसीबी मशीन से मिट्टी खनन किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया हुआ है। शनिवार को सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए। वीडियो में जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कर उसे ट्रैक्टर-ट्राली में भरते हुए दिख रहा है। वहीं, जिस खेत में खनन हो रहा है, वहां एक ट्रैक्टर खेत की जुताई करता हुआ भी नजर आ रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि खनन वैध अनुमति के तहत किया जा रहा था या अवैध रूप से खेल चल रहा है। तहसीलदार अर्जुन चौहान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।उन्होंने हल्का लेखपाल से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई कराने की बात कही है।

# सीएचसी में 108 एंबुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 व 102 एंबुलेंस सेवा की गुणवत्ता और आपातकालीन तैयारियों का जायजा लेने के लिए लखनऊ से आई क्वालिटी टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस में उपलब्ध संसाधनों, चिकित्सा उपकरणों और आपात कालीन सेवाओं की स्थिति की जांच की गई।निरीक्षण दल का नेतृत्व क्वालिटी अधिकारी मुकुल सिंह ने किया। टीम ने एंबुलेंस में उपलब्ध ऑक्सीजन सिलेंडर, मल्टीपैरा मॉनिटर, स्ट्रेचर और सक्शन मशीन सहित विभिन्न जीवन रक्षक उपकरणों की कार्य क्षमता को परखा। साथ ही आपात कालीन किट में रखी दवाओं की एक्सपायरी डेट की भी जांच की गई।टीम ने वाहन से संबंधित अभिलेखों, स्टाफ ड्यूटी रिकॉर्ड, दवा स्टॉक रजिस्टर और दैनिक लॉग बुक का भी निरीक्षण किया। सभी दस्तावेज अद्यतन और व्यवस्थित पाए गए, जिस पर अधिकारियों ने संतोष जताया।और एंबुलेंस पायलटों और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनों से आपातकालीन कॉल पर रिस्पॉन्स टाइम तथा मरीजों को दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित जानकारी ली।निरीक्षण में एंबुलेंस सेवा की व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप मिलीं।इस दौरान दौरान पायलट नितिन, राकेश, सत्यपाल तथा इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनुज कुमार, टीटू और पंकज कुमार मौजूद रहे।



# ऑपरेशन सवेरा में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 700 ग्राम अवैध चरस तथा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है।सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में पूरे परिक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन मे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुस्तफा पुत्र मोहसीन अख्तर तथा उस्मान पुत्र गय्यूर, निवासी ग्राम नंगला राई थाना कैराना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 700 ग्राम अवैध चरस बरामद की। इसके अलावा चरस की तस्करी में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स मोटर साइकिलभी जब्त कर ली।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।




# रिश्तेदारी में आई 12 वर्षीय किशोरी को कार सवार ले गया

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के एक मोहल्ले में रिश्तेदारी में आई 12 वर्षीय किशोरी को एक कार सवार व्यक्ति अपने साथ ले गया। पीड़ित परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी कार चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी और किशोरी की तलाश में जुटी हुई है।शनिवार को कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पहुंचकर बताया कि उसके घर पर उसकी 12 वर्षीय साली आई हुई थी। आरोप है कि एक कार चालक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ कार में बैठाकर ले गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित का कहना है कि आरोपी कार को ले जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है। परिजनों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए किशोरी को सकुशल बरामद करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है

कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और किशोरी की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।

# फर्जी मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग, सीडीआर व सीसीटीवी जांच कराने की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी व्यक्ति ने अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमे को निराधार बताते हुए पुलिस अधीक्षक शामली को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में शामिल करने की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी आरिफ ने बताया कि थाना कांधला में दर्ज मुकदमा संख्या 216/2026 में उन्हें तथा दो अन्य लोगों को गलत तरीके से नामजद किया गया है। उनका दावा है कि घटना के समय वह भारतीय स्टेट बैंक के पास एक परिचित के घर पर मौजूद थे, जबकि अन्य नामजद व्यक्ति भी अलग-अलग स्थानों पर थे। इसकी पुष्टि संबंधित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से की जा सकती है।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मुकदमे में दर्शाए गए तथ्यों और वास्तविक परिस्थितियों में अंतर है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से दोनों पक्षों की सीडीआर और संबंधित स्थानों की सीसीटीवी फुटेज की जांच कराकर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# रास्ते में रोककर मारपीट का आरोप, पुलिस सें कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीरामकौर निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों पर रास्ते में रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। 112 पुलिस ने घायल का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है घायल ने पुलिस से शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव गढी रामकौर निवासी राजवीर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह सुबह करीब सात बजे अपनी भैंसा बुग्गी से अपने खेत पर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसे रोक लिया और अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर दी। शोर शराब होने पर उसके दो पुत्र भी आ गए और उन्होंने भी पीड़ित के साथ है मारपीट कर घायल कर दिया।शौर शराबा सुनकर अन्य ग्रामीण मौके पर आ गए और मामले की सूचना 112 पुलिस को दी पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित व्यक्ति ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बादअपने शिकायती पत्र में कहा है कि आरोपियों की हरकत से उसकी स्वतंत्रता, गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंची है। उसने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# युवक से मारपीट, चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक युवक के साथ चार लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक के पिता ने पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।शनिवार को गांव इस्लामपुर घसौली निवासी मुकेश ने बताया कि उसका पुत्र कपिल कस्बा एलम में उनकी ट्यूबवेल का स्टार्टर ठीक करने के लिए गया हुआ था। आरोप है कि वापस लौटते समय जनपद बागपत के गांव किरठल निवासी चार युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और जबरन एक ट्यूबवेल पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कपिल ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया।घायल युवक के पिता ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कटनीः बड़वारा क्षेत्र की महानदी में बेखौफ जारी है अवैध रेत खनन, ग्रामीणों के विरोध के बाद भी प्रशासन मौन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी जिले की बड़वारा तहसील इन दिनों खनन माफियाओं का गढ़ बनती जा रही है। क्षेत्र में महानदी के विभिन्न घाटों से अवैध रेत उत्खनन और उसके अवैध भंडारण का काला कारोबार धड़ल्ले से पैर पसार रहा है। आलम यह है कि दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से नदी का सीना छलनी किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन और पुलिस मूकदर्शक बने हुए हैं। इन घाटों पर चल रहा है अवैध कारोबार स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुड़ा, देवरी, लेदहर, सकरीगढ़, विलायत खुर्द और भूड़सा के संगम घाट पर अवैध खनन का सबसे बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। इन घाटों से रोजाना बिना किसी रॉयल्टी और अनुमति के भारी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। नदी से रेत निकालकर उसे सुरक्षित स्थानों पर डंप (भंडारण) किया जा रहा है, ताकि बाद में उसे ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। शिकायत के बाद भी सिर्फ खानापूर्ति शनिवार को इस मामले में अपनी आवाज बुलंद करते हुए स्थानीय ग्रामीण विजय कुमार, दीपक सिंह और संतोष कुमार ने बताया महानदी की विभिन्न खदानों से खनन माफिया लगातार प्राकृतिक संपदा का दोहन कर रहे हैं। रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेखौफ होकर गांवों के बीच से गुजरती हैं।

# ऑपरेशन अमानत के तहत फिरोजपुर मंडल ने यात्रियों को लौटाया ₹4.44 लाख का खोया सामान

**समाज जागरण**

जैतो,6 जून (रघुनंदन पराशर ): रेल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में फिरोजपुर मंडल निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। यात्रियों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आरपीएफ द्वारा विभिन्न सुरक्षा एवं जनहित अभियानों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में, मई 2026 के दौरान फिरोजपुर मंडल ने ऑपरेशन अमानत के तहत उत्कृष्ट कार्य करते हुए यात्रियों के खोए हुए सामान को खोजकर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। माह के दौरान कुल 39 मामलों में यात्रियों का खोया हुआ सामान बरामद कर उन्हें सुरक्षित रूप से वापस सौंपा गया। बरामद एवं सुपुर्द किए गए सामान का कुल अनुमानित मूल्य ₹4,44,800/- रहा।वापस किए गए सामान में लैपटॉप, मोबाइल फोन, बैग, पर्स, महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा अन्य मूल्यवान वस्तुएं शामिल थीं। आरपीएफ अधिकारियों एवं जवानों की सतर्कता



, त्वरित प्रतिक्रिया, सीसी टीवी निगरानी तथा विभिन्न शाखाओं के बीच प्रभावी समन्वय के परिणाम स्वरूप इन वस्तुओं को खोजकर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। अपना खोया हुआ सामान वापस प्राप्त कर यात्रियों ने रेलवे सुरक्षा बल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उसकी कार्यप्रणाली की सराहना की।वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब, फिरोजपुर श्री ऋषि पाण्डेय ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि "ऑपरेशन अमानत" का उद्देश्य यात्रियों के खोए हुए सामान को यथाशीघ्र खोजकर उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाना है, जिससे रेल यात्रियों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान अपने सामान पर विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की सहायता, शिकायत अथवा सूचना के लिए रेल मदद हेल्पलाइन 139 अथवा निकट तम आरपीएफ पोस्ट/चौकी से तुरंत संपर्क करें। फिरोजपुर मंडल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## रेलयात्रियों की सविधा के लिए फिरोजपुर - रामेश्वरम हमसफर ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**समाज जागरण**

जैतो,6 जून (रघुनंदन पराशर ):रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समर सीजन के दौरान रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से रेलवे ने ट्रेन संख्या 20498 (फिरोजपुर कैंटझरामेश्वरम हमसफर एक्सप्रेस) में 13 जून 2026 को वातानुकूलित 3 टियर का एक



अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। फिरोजपुर मंडल यात्रियों की सुविधा और बेहतर सफर के लिए लगातार प्रयासरत है। अतिरिक्त कोच लगाने से ट्रेनों में ज्यादा यात्री सफर कर सकेंगे और यात्रा आसान होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे रेल मदद संख्या 139 या नैशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम से अपडेट जानकारी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## घर का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

तोशाम पुलिस की कार्रवाई, चोरी की रकम में से 6,240 रुपये बरामद; नशे की लत पूरी करने के लिए दिया वारदात को अंजाम

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

तोशाम। थाना तोशाम पुलिस ने घर का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 6,240 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निदेर्शानुसार जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना तोशाम पुलिस ने यह सफलता हासिल की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सांगवान निवासी सुधीर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जून 2026 को वह अपने परिवार



के साथ किसी रिश्तेदार के घर गया हुआ था। जब वह दोपहर बाद वापस लौटा तो घर के ताले टूटे हुए मिले। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखी नकदी चोरी हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर थाना तोशाम में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान एएसआई राकेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव सांगवान से चोरी की वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आजाद उर्फ सोनू पुत्र सरदूल निवासी गांव सांगवान, जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6,240 रुपये बरामद किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजने के आदेश जारी किए गए। पुलिस मामले की आगामी जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाब के फिरोजपुर में दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया, मृतक परिजनों को 2 - 2 लाख अनुग्रह राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री ने पीएमएनआरएफ से अनुग्रह राशि की घोषणा की

**समाज जागरण**

जैतो,6 जून (रघुनंदन पराशर ): प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज पंजाब के फिरोजपुर जिले में हुई एक दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।श्री मोदी ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की



अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट कहा पंजाब के फिरोजपुर जिले में हुई इस दुर्घटना के बारे में सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, "प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।"

## इमरजेंसी में 20 युवाओं ने किया रक्तदान, जरूरतमंदों के लिए बने जीवनदाता

रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं, स्वस्थ व्यक्ति बढ़-चढ़कर करें रक्तदान : राजेश डुडेजा

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। सिविल अस्पताल भिवानी के ब्लड बैंक में रक्त की आवश यकता होने पर 20 युवा रक्तदाताओं ने आगे आकर रक्तदान किया। रक्तदाताओं के इस सराहनीय प्रयास की सभी ने प्रशंसा की और इसे मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान की वास्तविक अहमियत तब समझ में आती है, जब रक्त के अभाव में किसी मरीज का जीवन संकट में पड़ जाता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति का दायित्व है कि वह स्वयं रक्तदान करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।
उन्होंने बताया कि शनिवार को सिविल अस्पताल भिवानी के ब्लड बैंक में विभिन्न ब्लड ग्रुपों की आवश्यकता होने पर रक्तदाताओं को



सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 20 युवा रक्तदाता ब्लड बैंक पहुंचे और स्वेच्छा से रक्तदान किया।
रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. हर्ष, डॉ. रोहित महला तथा नर्सिंग अधिकारी सुभाष ने रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन किया। राजेश डुडेजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में बीमारियों के बढ़ने के साथ-साथ अस्पतालों में रक्त की मांग भी बढ़ जाती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।
उन्होंने कहा कि रक्तवीर न केवल स्वयं रक्तदान करते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाकर अन्य युवाओं को भी इस पुण्य कार्य से जोड़ने का काम कर रहे हैं। इससे अनेक जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल रहा है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. हर्ष ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस के जवान मुकेश ने भी रक्तदान अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स सुमन तथा ब्लड बैंक काउंसलर शमीर्ला सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

मंगल सिंह खरेटा व चौ. मांगेराम मलिक को किया नमन, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

तोशाम। महिला पहलवान आंदोलन के दौरान शहीद हुए भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य एवं किसान आंदोलन के पुरोधा शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की पुण्यतिथि पर गांव खावा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों, सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।
श्रद्धांजलि सभा गांव खावा स्थित शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा के समाधि स्थल तथा हरफूल जुलानी वाला गौशाला परिसर में आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वर्गीय खरेटा के गुरु एवं किसान



नेता चौधरी मांगेराम मलिक की स्मृति में पौधारोपण भी किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोनी बाबा तुरंतनाथ महाराज ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु और मेवा सिंह भुंगला ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन कुलदीप पटौदी ने किया।
इस दौरान ग्रामीणों एवं युवा कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में पौधे लगाए और उनके संरक्षण व देखभाल का संकल्प लिया। मोनी बाबा तुरंतनाथ महाराज ने कहा कि महापुरुषों की स्मृति में प्रकृति की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। भगत सिंह युवा क्लब पटौदी के प्रधान कुलदीप जटासरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा तथा गौसेवक चत्तर सिंह छिमी ने कहा कि शहीद मंगल सिंह खरेटा और चौधरी मांगेराम मलिक देश के किसान आंदोलन की दो मजबूत दीवारें थे। भारतीय किसान यूनियन की नींव को मजबूत करने और किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने में दोनों नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश की बेटियों के सम्मान और किसानों के हितों की बात आई तो दोनों नेताओं ने हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर संघर्ष किया। उनका पूरा जीवन किसानों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि किसानों पर जब भी कोई संकट आया, दोनों नेताओं ने बिना किसी भय के संघर्ष का नेतृत्व किया और कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आज किसान समाज उनके योगदान को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प ले रहा है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दोनों किसान नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में हलका प्रधान ईश्वर बागनवाला, अनिल बागनवाला, रामवीर फौजी, चत्तर सिंह झुल्ली, राजबीर दुहन, भागु पंघाल, राज सिंह धनाना, ईश्वर बुसान, सुनील गोपालवास, गौसेवक सोनी नागर, आजाद भुंगला, विनोद मास्टर, वजीर श्योराण, रामबीर फौजी, कृष्ण नंबरदार, मुकेश नंबरदार, सत्येंद्र बिड़ौला, मन्नत खरेटा, दिवित खरेटा, अन्नू खरेटा, मेवा सिंह ढुल, राजकुमार ढुल, दयानंद नंबरदार, धर्मपाल ढुल, राजपाल सांगवान, महेंद्र नंबरदार, रामभगत ढुल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## बहल में युवक की गर्दन पर नुकीले हथियार से हमला , गंभीर घायल

दिनदहाड़े मैन बाजार में वारदात से दहशत, पुरानी रंजिश में घटना की आशंका ; पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 6 जून। बहल कस्बे के मुख्य बाजार में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात में एक युवक पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर किया गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहल-भिवानी रोड स्थित मैन बाजार में शनिवार सुबह करीब 9 बजे बहल निवासी संदीप किसी व्यक्ति से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आए एक युवक ने उसकी गर्दन पर चाकू जैसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। हमले में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी गर्दन से काफी खून बहने लगा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को संभाला और तत्काल उपचार के लिए हिसार भेजा। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। दिनदहाड़े बाजार में हुई इस जानलेवा घटना से कस्बे में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर बहल पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर लोगों से जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार यह घटना दोनों युवकों के बीच चली आ रही पुरानी रंजिश का परिणाम हो सकती है। बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम घायल युवक के बयान दर्ज करने के लिए हिसार गई हुई है। बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भी बहल कस्बे में एक युवक के साथ अपहरण और मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसमें पुलिस छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## गांव फुल्लो में अवैध शराब ठेके पर रेड, 33 पेटी शराब बरामद

**समाज जागरण**

डबवाली/कालांवाली (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गांव फुल्लो में संचालित एक कथित अवैध शराब ठेके पर गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग हिसार, सीआईडी तथा आबकारी एवं कराधान विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने ठेके की गहन जांच की, जिसमें बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई। अधिकारियों के अनुसार मौके से करीब



33 पेटी शराब बरामद की गई, जिनमें अंग्रेजी शराब, देशी शराब तथा विभिन्न ब्रांडों की बीयर शामिल है। टीम ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की सूचना संबंधित पुलिस को भी दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में शराब के भंडारण और बिक्री संबंधी दस्तावेजों की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

## मां काली मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस पर भंड़ारा आज

**समाज जागरण**

कालांवाली 6जून 2026 (सुरेश जोरासिया) कालांवाली मंड़ी रोडी. रोड़ सुखचैन मोड़ स्थित मां काली मंदिर मे मूति स्थापना दिवस को लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही थी। मां कालरात्रि के मंदिर को विधुत दीपमाला रौषनी के साथ परिसार को सजाया गया। यह धार्मिक समारोह महामाई सेवा समिति कालांवाली के द्वारा किया जा रहा है। समिति के मुख्य प्रवयक्ता राजपाल धालिवाल ने बताया कि। कई दिनो से कार्यक्रम को लेकर भगतजनो में खुशी व बहुत उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही भगतजन मां की पूजा अर्चना व आशिर्वाद लेने के लिए मंदिर में पहुंच रहे है। उन्होंने बताया कि मां काली की अखण्ड़ ज्योति पटियाला से लेकर आऐ थे जोकि निरंतर चल रही है। रात्री के समय पूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगरपालिका कालांवाली अध्यक्ष महेश झोहड



विशेष तौर पर पंहुचे। पुरोहित के द्वारा विधि विधान से मत्रोच्चारण किया गया। मां का भजन कीर्तिन किया गया कीर्तिन में झाकियों का विशेष आर्कषण रहा। आ जा मां तुझे आंखीयां ऊडिकदीयां.... तुने मुझे बुलाया मां शेरांवाली मैं आया मैं आया.... भगतजन झूमे और सारा परिसर भक्तिमय हो गया। जय मां के जयघोष से आसमान गुज उठा। प्रातः माता की पूजा अर्चना की गई एवं मां को भोग लगाकर भंड़ारा लगाया गया। समिति की और से राजपाल धालिवाल ने सभी मंडीवासी एवं ईलाका निवासीयों से अपील कि है। कि इस धार्मिक समारोह

मे सहपरिवार पहुंच कर महामाई मां काली का आर्शिवाद प्राप्त करें एवं भंड़ारा ग्रहण करें। इस मौके पर राजपाल सिंह धालीवाल, साहिल, राधे श्याम, सुखराज सिंह, मंदर सिंह, कुदर सिंह मिस्त्री, लक्खा सिंह हयेर डेज्सरए हरमेश जीवन सिंह, अवतार रमन जटना आदि मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) राजकीय महाविद्यालय, कालांवाली सिरसा में बीए/ बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत इंटर्नशिप प्रोग्राम (120 घंटे) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महाविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राम लाल बलजोत ने बताया कि बीए/ बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 120 घंटे का इंटर्नशिप करवाना अति आवश्यक माना गया है।प्रत्येक विद्यार्थी को 20 दिन के लिए किसी भी संस्था से इंटर्नशिप करनी अति आवश्यक है। इस इंटर्नशिप के अंतर्गत अर्जित कौशल विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में उपयोग करने तथा रोजगार प्राप्त करने में सहायक होगा। इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करवाना पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग माना गया है। महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागा ध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र लोहमोर ने विद्यार्थियों



को इंटर्नशिप और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी । नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश में 120 घंटे की इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबों तक सीमित न रखकर वास्तविक कार्य स्थल का अनुभव देना है। इंटर्नशिप प्रभारी डॉ हरजीत कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थी अपनी इच्छा से किसी भी सरकारी, गैर सरकारी संस्था, स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, बैंक इत्यादि संस्थाओं से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 120 घंटे की इंटर्नशिप कर सकता है । इस अवसर पर विद्यार्थियों को कालांवाली क्षेत्र में इंटर्नशिप करवाने वाली संस्थाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर पवन कुमार भरोखा,प्रोफेसर सुषमा देवी,प्रोफेसर गीता कुमारी तथा बीए बीकॉम के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण की शव शैय्या निकालकर जगाई चेतना

**जांजगीर में प्रकृति प्रेमियों की अनोखी पहल, पर्यावरण को जिंदा करो अभियान के तहत दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**समाज जागरण**
**सुनील चिंचोलकर**

जांजगीर,छत्तीसगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जांजगीर शहर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक अनोखी और भावनात्मक जागरूकता रैली निकाली गई। पर्यावरण एक्टिविस्ट काजल कसेर एवं उनके साथियों द्वारा आयोजित पर्यावरण को जिंदा करो एक दिवसीय अभियान ने शहरवासियों का ध्यान पर्यावरण के प्रति बढ़ते संकट की ओर आकर्षित किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते प्रदूषण तथा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन के प्रति लोगों को जागरूक




करना था। रैली के दौरान पर्यावरण की शव शैय्या का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। इस अनूठी प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मानव की बढ़ती आवश यकताओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण प्रकृति का अत्यधिक दोहन हुआ है, जिससे पर्यावरण गंभीर संकट में पहुंच गया है। अब समय आ गया है कि सभी मिलकर इसे पुनर्जीवित करने का संकल्प लें। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और बैनर लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया तथा नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती मिथिलेश बघेल ने कहा कि केवल एक दिन पौधे लगाकर फोटो खिंचवाने से पर्यावरण नहीं बचेगा, बल्कि पौधों की नियमित देखभाल और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही आवश्यक है। रैली के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, जल स्त्रोतों का सूखना और वायु प्रदूषण जैसे संकेत स्पष्ट रूप से बता रहे हैं कि प्रकृति लगातार संकट में है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमी, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और शहरवासी उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण छोड़ने का आह्वान किया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए पामगढ़, अकलतरा एवं सक्ती से भी पर्यावरण प्रेमी पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ जागरूकता नारों के माध्यम से जनसंदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर विनय गुप्ता, ललित बघेल, कुमारी कंसारी, नंदिता कसेर, स्मिता कसेर, शीला यादव, राहुल रॉय, जयआदित्य, युवराज, महेंद्र सिंह, कुंजबाई, ललिता, शांति, सोनू सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## भारत के स्वास्थ्य परिदृश्य में हुए बदलाव

पिछले 12 वर्षों में सरकार ने भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया है।

44 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाया गया है तथा 1.86 लाख से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य-रक्षा केंद्र संचालित किए गए हैं। 18,000+ जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जेनेरिक दवाएँ बाजार मूल्य की तुलना में 50-90 प्रतिशत कम कीमतों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। 47 करोड़ से अधिक टेलीमेडिसिन परामर्श प्रदान किए जा चुके हैं। भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। वर्ष 2014 के बाद से 12 नए एम्स कार्यशील हो चुके हैं।

# पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर 50 बच्चों को कॉपी-पेन वितरित, केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आशा ए-वन फाउंडेशन का स्थापना दिवस।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ/वाराणसी। "बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं। इन्हीं से समाज और देश का भविष्य सुरक्षित होता है। बच्चों के बिना बड़े-बड़े महल भी सूने लगते हैं।" यह बातें आशा ए-वन फाउंडेशन की संस्थापिका आशा यादव ने संस्था के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर कही। शिवपुर स्थित हटिया ग्राम सभा में आशा ए-वन फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्था का प्रथम स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा जरूरतमंद बच्चों के बीच कॉपी, पेन, बिस्किट




एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। कॉपी, पेन और बिस्किट प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संस्था की संस्थापिका आशा यादव ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारों के बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई, ताकि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "मां के नाम एक पौधा" अभियान के तहत फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया गया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाए, क्योंकि पौधे पर्यावरण को स्वच्छ, शुद्ध एवं संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आशा यादव ने कहा कि संस्था का यह पहला स्थापना दिवस सभी सदस्यों के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष से संस्था निशुल्क रूप से गरीब एवं असहाय बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब, मजदूर या असहाय परिवार का बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, क्योंकि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। इस अवसर पर विजय कुमार मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रमोद चौरसिया को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्थापना दिवस पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद केक काटकर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कमलेश मौर्य, जिला अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सर्वेश यादव, सचिव रेखा सिंह, महामंत्री निशा देवी, उपाध्यक्ष साक्षी यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस.डी. सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रेखा सिंह एवं निशा देवी ने प्रस्तुत किया।

# राज्यमंत्री का हरहुआ में किया गया स्वागत, अभिनन्दन

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

हरहुआ मण्डल अंतर्गत हरहुआ बाजार स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में राज्यमंत्री हंसराज विश्व कर्मा का भाजपा हरहुआ मण्डल द्वारा जोरदार स्वागत किया ।अवसर था बारात घर का भव्य उद्घाटन एवं इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम। विधायक त्रिभुवन राम , ब्लॉक प्रमुख हरहुआ विनोद उपाध्याय जी मण्डल अध्यक्ष हरहुआ आशुतोष मिश्रा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल नारायण पाण्डेय मंच पर उपस्थित रहे। हर हर महादेव के जयघोष के साथ हुजूम लग गया था। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कपिल नारायण पांडेय, रामप्रकाश सिंह , राणा चौहान
सुधीर वर्मा ,विनोद सिंह जी, अमित उपाध्याय जी, अरुणेंद्र सिंह, जिला महामंत्री मधुवन ,दीपक चौहान, राजनारायण पटेल,भगत यादव ,बांकेलाल कन्नौजिया, रामजी मौर्या



,,अपरबल सिंह ,अरविंद कुमार , अखिलेश पटेल , मनोज
पटेल , अनिल पाण्डेय , गौरव चौबे जी, नवीन चौबे , प्रमोद पाण्डेय, आशु तोष सिंह,शिवबालक पटेल, रामकृष्ण उपाध्याय , सर्वजीत यादव, अनूप जायसवाल, दिलीप राजभर , संतोष सिंह , लालजी विश्वकर्मा जी, निर्मल सिंह भाजयुमो से उत्सव सिंह , धर्मेंद्र सिंह जी, दुर्गा सिंह जी, ओमप्रकाश बादल जी, दिलीप कुमार जी,अजय पटेल,बिहारी पटेल व महिला मोर्चा से प्रिया सिंह जी,बाला गुप्ता जी,सुमन दुबे , एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र गुप्ता,श्याम सुन्दर गुप्ता ,रमेश पटेल,राकेश मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने कहा कि "डबल इंजन की सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचा रही है। विश्वकर्मा समाज के इस मंदिर प्रांगण में बारात घर बनने से क्षेत्र की जनता को सुविधा मिलेगी ही साथ ही कार्य कर्ताओ का सम्मान बढ़ा है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को घर-घर पहुंचाने के लिए सूर्य रथ अभियान शुरू

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत हनुमत रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन में सर्किट हाउस, वाराणसी में आयोजित समीक्षा बैठक एवं प्रेस वार्ता में योजना की प्रगति,जनसामान्य तक इसकी पहुंच तथा रोजगार सृजन के अवसरों पर



विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने योजना को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने और पात्र परिवारों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर हनुमत रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चयनित "सोलर दीदी" को जॉब ऑफर लेटर,पात्रता प्रमाण पत्र एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कंपनी ने बताया कि चयनित सोलर दीदियों को 14,196 प्रतिमाह तक के रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी नई दिशा मिलेगी। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पात्र परिवारों को सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराने में सहायता प्रदान की जाएगी। विशेष रूप से 2 किलोवाट तक की रूफटॉप सोलर प्रणाली पर उपलब्ध सरकारी सब्सिडी का लाभ दिलाकर आम नागरिकों के बिजली बिल को काफी हद तक कम किया जाएगा। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए वाराणसी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में "सोलर दीदी", "सोलर मित्र" तथा "सूर्य रथ" के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान घर-घर जाकर लोगों को सौर ऊर्जा के लाभ, सरकारी अनुदान तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन में वाराणसी जनपद प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में बड़ी संख्या में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं,जिससे न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। हनुमत रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ने संकल्प व्यक्त किया है कि वह प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से अधिकाधिक पात्र परिवारों तक सौर ऊर्जा का लाभ पहुंचाकर ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत और हरित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# वाराणसीः पुरानी रंजिश में चली गोली, एक व्यक्ति घायल

**समाज जागरण शिव तिवारी बड़ागांव वाराणसी**

वाराणसी जनपद के बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा बरजी में शनिवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान गोली चलने की घटना में गांव निवासी भोथू यादव (55 वर्ष) घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोथू यादव और अनीस यादव के बीच लंबे समय से आपसी रंजिश चली आ रही थी। शनिवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इसी दौरान गोली चलने से भोथू यादव घायल हो गए।
घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घायल भोथू यादव को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी:जिलाधिकारी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।तहसील पिंडरा में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और
संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
तहसील दिवस में खालिसपुर निवासी मनोज चौबे ने खालिसपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान सर्विस लेन न बनाए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि मार्ग पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन सर्विस लेन न होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है तथा बारिश में सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाती है। शिकायत के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।
वहीं थाना गांव निवासी अधिवक्ता अवनीश पांडेय ने 26वीं बार थानारामपुर पेयजल नलकूप का मुद्दा उठाते हुए बताया कि बोरिंग होने के दो वर्ष बाद भी नलकूप चालू नहीं हो सका है। इससे करीब 20 हजार की आबादी शुद्ध पेयजल से वंचित है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं जल निगम अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।
फूलपुर, थाना, सुरही सहित आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने करखियाव एग्रो पार्क से निकलने वाले प्रदूषित जल के कारण नाद नदी के दूषित होने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सिंधोरा



क्षेत्र के ग्रामीणों ने भूदान समिति की कीमती भूमि अपात्र व्यक्तियों को अवैध रूप से आवंटित किए जाने का आरोप लगाया। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को स्वयं जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुरही निवासी संतलाल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से उनकी भूमि पर विपक्षी पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए रात में बिजली का खंभा गाड़ दिया गया। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए एसडीओ पिंडरा को निर्देशित किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने दुनियापुर गांव में अपात्र व्यक्तियों को भूमि आवंटन की शिकायत दर्ज कराई।
संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, आपूर्ति, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 143 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधि कारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रतिभा मिश्रा, कुलवंत सिंह, प्रतीक कुमार सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरहुआ विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन बारात घर का लोकार्पण, इंटरलॉकिंग कार्य का राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास

## *अमृत सरोवर हरहुआ आदर्श व पीएचसी हरहुआ जल्द बनेगा ट्रामा सेंटर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकासखंड हरहुआ के ग्राम सभा हरहुआ स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में वर्ष 22-23में निर्मित सामुदायिक भवन (बारात घर) का लोकार्पण और पंचम राज्य वित्त/केंद्रीय योजनांतर्गत 25-26 में विश्वकर्मा मन्दिर के बगल में बारात घर तक इंटरलॉकिंग का शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, विधायक अजगरा त्रिभुवन राम तथा ब्लॉक प्रमुख विनोद उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सूक्ष्म लघु एवम मध्यम उ0प्र0 हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन में



एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए जिला अध्यक्ष तक की जिम्मेदारियां निभाई और अब प्रदेश सरकार में व्यापक स्तर पर सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक भवन क्षेत्र के सभी लोगों के उपयोग के लिए बनाया गया है। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए जनता से विभिन्न सरकारों के कार्यों का तुलनात्मक अध्ययन करने का आग्रह किया। राज्य मंत्री ने बताया कि ग्राम सभा हरहुआ में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कर ट्रामा सेंटर (उन्नत स्वास्थ्य सुविधा केंद्र) बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है और जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने हरहुआ के ऐतिहासिक लाल भला तालाब के सौंदर्यीकरण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तालाब के आसपास आस्था का केंद्र ,एतिहासिक व पौराणिक स्थल जहाँ रामलीला मैदान, विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा हनुमान,शिव मंदिर स्थित है। इसके विकास के लिए शासन को प्रस्ताव भेजकर इसे आधुनिक आदर्श स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा। अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास में पहली बार ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को एक वर्ष का विस्तार दिया गया है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया और सभी प्रधानों को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख विनोद उपाध्याय ने कार्यकताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हरहुआ क्षेत्र में विकास कार्यों की गति आगे भी जारी रहेगी तथा सामुदायिक भवन जैसे जनहितकारी कार्य निरंतर कराए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय, रामप्रकाश सिंह,प्रशासक प्रधान अनवर उर्फ अन्नू, जिलामहामंत्री मधुवन यादव, मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा, राणा चौहान,मोहन बाबू,अरुणेंद्र सिंह,सोनाली पांडेय ,प्रिया सिंह, सुमन दुबे ,राजनारायण पटेल ,भगत यादव,लालमन विश्व कर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक ,जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# होटल मालिक पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप

इलाज कराने लखनऊ आए परिवार के साथ अभद्रता, पीजीआई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ बेटे के इलाज के लिए लखनऊ आए एक परिवार को होटल में मूलभूत सुविधाओं की शिकायत करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि बिजली कटौती और एसी बंद होने की समस्या बताने पर होटल मालिक ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि सामान बाहर फेंकने और जान से मारने तक की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वाराणसी के अशोक विहार कॉलोनी निवासी देवेन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने बेटे के इलाज के सिलसिले में पीजीआई आए हुए थे। इलाज के दौरान उन्होंने परिवार सहित पीजीआई क्षेत्र स्थित होटल नटराज स्पेशल के कमरा नंबर G-1 में ठहराव किया था। पीड़ित के अनुसार, रात में बार-बार बिजली कटने से एसी रूम में भीषण घुटन और परेशानी होने लगी। जब उन्होंने होटल स्टाफ से इसकी शिकायत कर समाधान की मांग की तो स्टाफ ने अपने मालिक से फोन पर बात करा दी। आरोप है कि फोन पर बात करते ही होटल मालिक विवेक सिंह, जो स्वयं को ऑर्थोपेडिक डॉक्टर बता रहा था, आपा खो बैठा। तहरीर के मुताबिक होटल मालिक ने फोन पर ही अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उसने होटल से सामान बाहर फेंकने की धमकी दी और कहा कि यदि ज्यादा देर तक होटल में रुके तो उन्हें "खोदकर गाड़ देंगे"। पीड़ित का आरोप है कि होटल मालिक लगातार जान से मारने की धमकी देता रहा और तत्काल मौके पर पहुंचने की बात कहकर डराने का प्रयास करता रहा। इलाज के लिए आए परिवार के साथ कथित रूप से हुए इस व्यवहार से होटल की कार्यप्रणाली और ग्राहकों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवार ने स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।
पीजीआई थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा क्षेत्र के परमंदापुर गांव में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालू यादव पुत्र राधेश्याम यादव, निवासी परमंदापुर, ने शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे अपनी ट्रैक्टर को खेत की जुताई के बाद अपने घर के दरवाजे पर खड़ा किया था। रात के समय अज्ञात चोरों ने मौका पाकर ट्रैक्टर के इंजन बॉक्स को खोलकर उसकी बैटरी चुरा ली और फरार हो गए। घटना का पता शनिवार सुबह तब चला जब किसान पुनः खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर स्टार्ट करने पहुंचे। उन्होंने देखा कि ट्रैक्टर में बैटरी ही नहीं थी। इस घटना से किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता भी बढ़ गई है। पीड़ित ने तत्काल मामले की सूचना डायल 112 पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके की जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है।

# अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर शनिवार की दोपहर बाद किशोरी को अगवा करने वाले एक अभियुक्त को गड़वा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

बताते चलें कि बीते एक अप्रैल को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस अगवाकर्ता रोहित सरोज निवासी लुच्चेपुर भटौली को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं किशोरी स्वयं 11 मई को थाना बड़ागांव में उपस्थित हो गयी थी।
वही पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह किशोरी को पहले से जानता था व दोनों के बीच प्रेम सम्बन्ध था। वह विवाह करने की इच्छा से वह उसे अपने साथ ले गया था। वही मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलने पर वह मुंबई चला गया।जब वह वापस आया तो पुलिस आज उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

## तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 03 का किया गया निसतारण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /शासन के मंशानुरूप जन पद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिला धिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक ने आए हुए फरियादियो की समस्याओं को सुना। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधि कारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण प्रार्थनो पत्रो का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायत कर्ताओ से फीडबैक लिए जाने के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नही पाई जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लेखपालो व कानून गो को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 से सम्बन्धित सभी प्रकरणो के निस्तारण की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व व पैमाइश की शिकायत के मामले राजस्व व पुलिस की संयुक्त बनाते हुए मौके पर जाकर दोनो पक्षो की उपस्थिति में उनकी शिकायतो को सुनते हुए पीड़ित को संतुष्टिपरक न्याय दिलाए। उन्होंने




कहा कि इसके सम्बंध में मुख्यमंत्री कार्यालय समीक्षा की जा रही है व शिकायतकर्ता को सीधे उसके दूरभाष पर वार्ता कर फीडबैक लिया जा रहा है अतएव उप जिलाधिकारी शिका कायतो के निस्तारण की गुणवत्ता का समय-समय परीक्षण अवश्य करते रहें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारी भी आई0जी0आर0एस0 पोर्टल प्रतिदिन लागिन करके देख। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता आज तहसील दिवसो में प्रार्थना पत्र लेकर आए है उनका समय से सभी का निस्तारण गुणवत्ता करा दे ताकि बार-बार उन्हें तहसील दिवस व जिला मुख्यालय का चक्कर एक शिकायत के बार-बार न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि संज्ञान में आया कि एक ही शिकायतकर्ता बार-बार चक्कर लगवाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस हेतु नामित जनपद स्तरीय अधिकारी स्वंय प्रतिभाग करे यदि वे अवकाश या अन्य किसी कारण से नही आ सकते है तो इसकी पूर्व से सूचना देने के उपरान्त ही अपने सहायक को भेजे। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा-तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील चुनार में प्राप्त 147 प्रार्थना पत्रो में दो का निस्तारण, तहसील मड़िहान अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्राप्त 112 प्रार्थना पत्रो में 05 का निस्तारण एवं तहसील सदर में नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह के समक्ष प्राप्त 204 प्रार्थना पत्रो में 26 का निस्तारण किया गया। तहसील लालगंज में प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार, परियोजना निदेशक डी0 आर0डी0 ए0 धर्मजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के पूर्व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन वाता वारण में सम्पन्न कराये जाने हेतु महाशक्ति इण्टर कालेज बिहसड़ा, बापू उपरौध इण्टर कालेज लालगंज परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया व केन्द्र व्यवस्थापको, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# लखनऊ पुलिस में बढ़ी परफॉर्मेंस की होड़, कृष्णानगर के प्रभारी निरीक्षक बने 'कॉप ऑफ द मंथ'

**समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन में बेहतर पुलिसिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई ऑब्जेक्टिव इवैल्यूएशन सिस्टम के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मई 2026 के प्रदर्शन के आधार पर थाना कृष्णा नगर के प्रभारी निरीक्षक प्रद्युम्न कुमार सिंह को 'कॉप ऑफ द मंथ' चुना गया। वहीं तीनों सर्किलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपनिरीक्षकों को भी सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीसीपी ने बताया कि 13 मई से लागू मूल्यांकन प्रणाली के तहत अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, गैंगस्टर एवं गुंडा एक्ट की कार्रवाई, साइबर अपराधों के निस्तारण, थाना दिवस शिकायतों के समाधान तथा जनसहभागिता जैसे विभिन्न मानकों पर अंक प्रदान किए जाते हैं। कृष्णानगर थाने ने हासिल किया पहला स्थान मई माह में थाना कृष्णानगर के प्रभारी निरीक्षक प्रद्युम्न कुमार सिंह ने 1046 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। उनकी टीम ने गुंडा एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई, वांछित अभियुक्तों की




गिरफ्तारी, ऑपरेशन किरण के अंतर्गत पारिवारिक विवादों का समाधान तथा अंतरराज्यीय लूट और छिनैती गिरोह का पदार्फाश कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इसके अलावा लाखों रुपये की बरामदगी और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना भी कराई गई।
गोसाईंगंज थाना प्रभारी डी.के. सिंह 958 अंकों के साथ दूसरे तथा मोहनलालगंज के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी 892 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। तीनों सर्किलों के उत्कृष्ट दरोगा सम्मानित मोहनलालगंज सर्किल में भागूखेड़ा चौकी प्रभारी आशीष कुमार ने 952 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने निरोधात्मक कार्रवाई, वाहन चेकिंग और रात्रि गश्त में उल्लेखनीय योगदान दिया। गोसाईंगंज सर्किल में सीसी टीम प्रभारी लाल सिंह 624 अंकों के साथ अव्वल रहे, जबकि कृष्णानगर सर्किल में सीसी टीम प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह ने 1935 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मई माह में दक्षिणी जोन की प्रमुख उपलब्धियां दक्षिणी जोन पुलिस ने मई माह में 11 गुंडा एक्ट और एक गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। साथ ही तीन एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर 40 मामलों में चार्जशीट एवं अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई। ऑपरेशन किरण के तहत 45 परिवारों के विवादों का सफल समाधान किया गया तथा 42 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं ऑपरेशन क्लीन-2 के अंतर्गत 89 लावारिस एवं माल मुकदमाती वाहनों का निस्तारण किया गया। साइबर सेल ने सीईआईआर पोर्टल की सहायता से विभिन्न राज्यों से 54 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधि कारियों का कहना है कि नई मूल्यांकन प्रणाली से पुलिस कर्मियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को त्वरित, प्रभावी और बेहतर पुलिस सेवाओं के रूप में मिल रहा है।

# रेत माफियाओं के सामने प्रशासन नतमस्तक क्यों ?

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मैहर ।जिले के रामनगर क्षेत्र के कुबरी और रझौहा में सोन नदी के किनारे जिस तरह से कथित अवैध रेत उत्खनन व वन भूमि पर पेड़ों की कटाई की जा रही है, वह अत्यंत ही चिंताजनक है। सूत्रों के अनुसार सोन घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शासकीय वन भूमि पर बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है। जिस क्षेत्र में कभी महुआ, तेंदू, सागौन और सरई जैसे वृक्षों से घना जंगल हुआ करता था, वहां आज गहरे गड्ढे और उजड़ी हुई वन भूमि दिखाई दे रही है। यह केवल पर्यावरण पर ही हमला नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।
लगातार हो रहे उत्खनन के कारण क्षेत्र में लगे हाई वोल्टेज बिजली टावरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। जमीन के कटाव से उनकी नींव कमजोर हो रही है और यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि शिकायतों और जांच के निदेशों के बावजूद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में डंपरों के माध्यम से रेत का परिवहन हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह मुद्दा केवल अवैध उत्खनन खनन तक सीमित नहीं है। बल्कि क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल लगातार बढ़ रहा है। अतीत में अवैध खनन से जुड़े विवादों के कारण कई गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पूर्व में पदस्थ पटवारी प्रसन्न सिंह की ट्रैक्टर चढ़ाकर की गई हत्या, तत्कालीन नायब तहसीलदार आर. एन. रावत पर ट्रैक्टर चढ़ाकर किए गए जानलेवा हमले तथा एक ट्रैक्टर ड्राइवर की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत जैसी घटनाएं इस बात के प्रमाण हैं कि अवैध खनन किस प्रकार से कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। जब अधिकारी तक सुरक्षित नहीं हैं, तब आम नागरिकों की चिंता स्वाभाविक है। स्थानीय जनप्रति निधियों एवं स्थानीय जनता के द्वारा हर स्तर पर शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई सार्थक और प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। स्थानीय लोग भी लगातार इस विषय को लेकर अपनी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। मेरी शासन एवं प्रशासन से मांग है कि कुबरी एवं रझौहा क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन एवं वन कटाई की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई

की जाए, क्षेत्र में लगे बिजली टावरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा प्राकृतिक संसाधनों और वन संपदा को बचाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# नीरज चतुर्वेदी कार्यकारी अध्यक्ष, अंकित मिश्रा बने महामंत्री

## AIDEOA सोहागपुर एरिया की नई कार्यकारिणी घोषित, कर्मचारियों और अधिकारियों में उत्साह का माहौल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सोहागपुर एरिया। अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स एवं अधिकारी संघ (AIDEOA) की सोहागपुर एरिया इकाई की नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही कर्मचारियों, अधिकारियों एवं श्रमिक वर्ग में उत्साह और नई उम्मीदों का माहौल बन गया है। संगठन ने अपने विस्तार, मजबूती और श्रमिक हितों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नई टीम की घोषणा की है, जिसमें नीरज चतुर्वेदी को कार्यकारी अध्यक्ष तथा अंकित कुमार मिश्रा को महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।
नई कार्यकारिणी के गठन को संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कर्मचारियों और अधिकारियों का मानना है कि अनुभवी, सक्रिय और संगठन के प्रति समर्पित पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी तथा कर्मचारियों एवं श्रमिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**संगठन को मिला मजबूत नेतृत्व**

सोहागपुर एरिया में नीरज चतुर्वेदी लंबे समय से कर्मचारियों एवं श्रमिकों की आवाज को मजबूती से उठाने वाले प्रतिनिधि के रूप में पहचाने जाते हैं। कार्यस्थल की सुविधाओं, सुरक्षा मानकों, सेवा संबंधी मुद्दों तथा श्रमिक कल्याण से जुड़े विषयों पर उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें कर्मचारियों के बीच एक विश्वसनीय और लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया है। उनकी कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को कर्मचारियों ने संगठन के लिए सकारात्मक और दूरगामी निर्णय बताया है। वहीं, महामंत्री बनाए गए अंकित कुमार मिश्रा अपनी संगठनात्मक क्षमता, संवाद कौशल और कर्मचारियों के हितों के प्रति प्रति बद्धता के लिए जाने जाते हैं। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा कर्मचारियों की समस्याओं को प्रबंधन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की कार्यशैली ने उन्हें संगठन में एक मजबूत पहचान दिलाई है। कर्मचारियों का विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी और कर्मचारियों की आवाज और अधिक प्रभावशाली ढंग से उठाई जा सकेगी।



नई कार्यकारिणी में इन पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी AIDEOA सोहागपुर एरिया की नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर निम्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष - नीरज चतुर्वेदी,महामंत्री अंकित कुमार मिश्रा ,उपाध्यक्ष रोबिन श्रीवास्तव, महा सचिव प्रकाश पांडेय सचिव अजेश द्विवेदी ,संगठन सचिव विपुल कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष - रहमान नायर कार्यकारी सदस्य राहुल धोक संगठन के सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि नई टीम कर्मचारियों, अधिका रियों और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगी।

**नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का लिया संकल्प**

नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने तथा श्रमिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन संवाद, समन्वय और सकारात्मक पहल के माध्यम से कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगा।

**कर्मचारियों में बढ़ी उम्मीदें**

नई कार्यकारिणी के गठन से सोहागपुर एरिया के कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग में खुशी की लहर देखी जा रही है। संगठन से जुड़े सदस्यों का मानना है कि नई टीम कर्मचारियों की मांगों, सुझावों और समस्याओं को मजबूती से उठाने के साथ-साथ उनके व्यावहारिक समाधान के लिए भी प्रभावी प्रयास करेगी। AIDEOA की नई कार्यकारिणी ने संगठन में नई चेतना और विश्वास का संचार किया है। कर्मचारियों और अधिकारियों को उम्मीद है कि यह नेतृत्व संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए श्रमिक हितों, कार्यस्थल की बेहतरी और संगठनात्मक एकता को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर उप तहसील चन्नौडी में वृक्षारोपण, हरित भविष्य के निर्माण का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

चन्नौडी/बुढार। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उप तहसील चन्नौडी परिसर में वृक्षारोपण कार्य क्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जैतपुर एसडीएम दीपक मडावी एवं नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला की उपस्थिति में नीम, कटहल, अमरूद, आंवला सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम दीपक मडावी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन गया है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के निरंतर दोहन से उत्पन्न चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण प्रकृति के प्रति हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि एक पौधा न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ जीवन प्रदान करने का आधार भी बनता है। उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान



किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाए। उन्होंने जल संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित क्षेत्र के विस्तार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आवश्यक कदम बताते हुए जनभागीदारी बढ़ाने पर बल दिया।
नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रयास ही स्थायी परिणाम दे सकते हैं। उन्होंने लोगों से पौधारोपण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और प्रकृति संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर रजनीश मिश्रा, मनोज सेन, प्रेमकुमार मिश्रा, सुदीप पाठक, रामनुजन कुशवाहा, रविभूषण शुक्ला, जगबन्धन तिवारी, श्री बजरंग ग्राम विकास समिति चन्नौडी के सुरेश मिश्रा,सतेन्द्र कुशवाहा, विन्देश्वरी द्विवेदी एवं सोभन पनिका सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वृक्षारोपण कार्यक्रम ने क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित किया तथा लोगों को प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराया।

# अमलाई ओसीएम खुली खदान में पोस्टिंग को लेकर मचा घमासान! आदेशों पर भारी पड़ रही चरण वंदना, मनचाही कुर्सी बचाने की जुगत में कर्मचारी

## एसईसीएल सोहागपुर एरिया में पदस्थापना आदेशों की उड़ रही धज्जियां? प्रबंधन की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल, वर्षों से जमे कर्मचारियों की मनमानी बनी चर्चा का विषय

**समाज जागरण सोहागपुर एरिया**

एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत हाल ही में जारी किए गए टेक्निकल इंस्पेक्टर एवं सहायक टेक्निकल इंस्पेक्टर्स के स्थानांतरण एवं पद स्थापना आदेशों ने पूरे क्षेत्र में नई बहस को जन्म दे दिया है। महा प्रबंधक कार्यालय से लेकर उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय और अब चौक-चौराहों से लेकर पान ठेलों तक एक ही चर्चा सुनाई दे रही है—क्या वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी किए गए आदेशों का अब कोई महत्व नहीं रह गया है? सूत्रों के अनुसार लंबे समय से एक ही कार्यस्थल पर जमे कुछ कर्मचारियों को प्रशासनिक आवश यकता के तहत अमलाई ओसीएम खुली खदान, सांगवा साइडिंग, खैरहा माइंस सहित अन्य इकाइयों में नई पदस्थापना दी गई थी। आदेश जारी होने के बाद संबंधित कर्मचारियों को नए कार्यस्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने भी भेज दिया गया, लेकिन इसके बावजूद कुछ कर्मचारी कथित तौर पर अपनी पुरानी और सुविधाजनक पदस्थापना बचाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि स्थानांतरण से असंतुष्ट कर्मचारी अब विभिन्न श्रमिक संगठनों के नेताओं और प्रभावशाली अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमकर अपने लिए पुनः अनुकूल आदेश कराने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहने के कारण विकसित हुई सुविधाएं और कथित "जुगाड़ व्यवस्था" कहीं समाप्त न हो जाए, इसी आशंका के चलते पदस्थापना आदेशों को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
अमलाई ओसीएम बना चर्चा का केंद्र
अमलाई ओसीएम खुली खदान में भी पदस्थापना को लेकर असंतोष और खींचतान की खबरें सामने आ रही हैं। सवाल यह उठ रहा है कि यदि मुख्यालय स्तर से सोच-समझकर प्रशासनिक आदेश जारी किए गए हैं, तो फिर उन आदेशों को




लागू कराने में इतनी कठिनाई क्यों आ रही है? क्या कुछ कर्मचारी स्वयं को व्यवस्था से ऊपर समझने लगे हैं?

**आदेश जारी, फिर भी वापसी की कवायद क्यों?**

क्षेत्र में यह प्रश्न भी जोर पकड़ रहा है कि जब कर्मचारियों को नई जगह पदस्थ कर दिया गया और वे वहां पहुंच भी गए, तो फिर पुराने स्थान पर वापसी के लिए सिफारिशों का दौर क्यों शुरू हो गया? क्या प्रबंधन द्वारा मिलने वाला नियमित वेतन पर्याप्त नहीं है, या फिर कुछ विशेष कार्यस्थलों से जुड़े ऐसे लाभ हैं जिन्हें छोड़ने की इच्छा नहीं है?

**प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी उठे सवाल**

यदि पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद भी उन्हें प्रभावित करने अथवा बदलवाने की कोशिशें सफल होती हैं, तो इससे प्रबंधन की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक दृढ़ता पर भी प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। कर्मचारियों के बीच यह संदेश जा सकता है कि नियमों और आदेशों से अधिक प्रभाव, पहुंच और चरण वंदना का महत्व है।
क्या मुख्यालय के आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं?
सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुख्यालय और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी आदेश अब केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित होकर रह गए हैं? यदि किसी कर्मचारी को अपनी पसंद के अनुसार ही कार्य स्थल चुनना है, तो फिर पद स्थापना प्रक्रिया और प्रशासनिक व्यवस्था का औचित्य क्या रह जाता है? फिलहाल पूरे मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं जारी हैं। वास्तविक स्थिति और तथ्य तब सामने आएंगे जब प्रबंधन स्पष्ट रूप से बताएगा कि जारी आदेशों का पूर्ण पालन कराया जाएगा या फिर प्रभाव और सिफारिशों के दबाव में पदस्थापनाओं में फेरबदल किया जाएगा। तब तक सोहागपुर एरिया में यह मामला जनचर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# पीने को पानी नहीं लेकिन सड़क में बह रहा निरंतर जल।

**महीने भर से पाइपलाइन फटी टंकी का पानी सड़क पर बह रहा।**

**समाज जागरण**

बरगवां ।जल ही जीवन की सार्थकता को तार तार करके नगर परिषद की निगरानी में वार्ड क्रमांक एक में चल रहे नल जल योजना के माध्यम से हर घर की जाने वाली जल सप्लाई पानी टंकी में पानी होने के बावजूद बिजली की निरंतर व्यवस्था दुरुस्त रहते हुए भी बूंद बूंद पानी के लिए तरसरहे वार्ड के निवासी,
बड़ी विडंबना है कि नगर परिषद बरगवां वार्ड क्रमांक एक अंतर्गत संचालित पंप हाउस एवं ओवरहेड टैंक मैं अपनी होने के बावजूद ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है की शराब के नशे में धुत होकर पुरी की पूरी नल जल व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा की जा रही किंतु नगर परिषद के अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों की जानकारी में होने के बावजूद भी ऐसे आवारा अवांछित तत्व से नल संचालित करने एवं जल प्रदाय की व्यवस्था सौंपी गई है जिसकी वजह से वार्ड में निवासरत आबादी को पानी के एक-एक बूंद के लिए इस प्रकार भीषण गर्मी में भी



मोहताज होना पड़ रहा है जबकि नल जल योजना की व्यवस्था संपूर्ण रूप से व्यवस्थित है किंतु महीने बीतने को आए और पाइपलाइन फटने की वजह से पूरा का पूरा पानी सड़क में बहते हुए नजर आता है लेकिन नगरी निकाय की निष्क्रियता साफ तौर पर देखी जा सकती है इस प्रकार हो रहे जल के अपव्यय पर किसी प्रकार की सुधार का ना होना। जल ही जीवन की सार्थकता को निरर्थक बनाया जा रहा है।
ऐसा कौन सा कारण है जिसकी वजह से नगर परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षद के द्वारा इस प्रकार नल जल योजना की सुदृढ़ व्यवस्था को अवस्थित करने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्यवाही ना करते हुए उन्हें संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और इस प्रकार किए जा रहे नियम विरुद्ध आचरण पर रोक न लगाए जाने के कारण वार्ड के निवासी पानी के एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और अपनी प्यास बुझाने के लिए आज से 15 वर्षों पूर्व की स्थिति निर्मित हो गई है लोग पीने के पानी के लिए साइकिल पर डिब्बे लड़ कर चाहे वह बुजुर्ग, जवान व बच्चे हो साथ में महिलाएं भी डिब्बे में पानी ढोने के लिए विवश हो गई है। फटी हुई पाइपलाइन और इस प्रकार निरंतर सड़कों में बह रहे पानी को लेकर नगरीय निकाय के अध्यक्ष और वार्ड के पार्षद जन समस्या ऑन से नजरे छुपाते हुए इस भीषण गर्मी में भी पानी जैसी जरूरत और उसकी व्यवस्था में किसी प्रकार का सुधार ना करना इनकी मानवीय संवेदनाओं के प्रति एक अनुचित सोच को जन्म देता है। शासन प्रशासन के द्वारा पानी की व्यवस्था के लिए कई प्रकार की योजनाओं के माध्यम से जल के भराव एवं संरक्षण संवर्धन जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से समुचित व्यवस्था करने का निरंतर प्रयास कर रही है और पानी के सुविधा के लिए शासन की ओर से योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए पैसों को पानी की तरह बहा रही है।

# मौत के साये में नौनिहाल: मेढुका आंगनबाड़ी का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला

## महिला एवं बाल विकास विभाग की लापरवाही उजागर, बच्चों की सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण**
**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।**

जिले के मरवाही जनपद अंतर्गत ग्राम मेढुका में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर हालत ने एक बार फिर सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। यहां आंगनबाड़ी भवन का छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय कोई बच्चा उसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश व्याप्त है।
स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से भवन की हालत खराब थी और कई बार इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की गई थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब छज्जा गिरने की घटना ने विभाग की लापरवाही को खुलेआम उजागर कर दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर मासूम बच्चों की जान जोखिम में डालने की जिम्मेदारी किसकी है?

**जर्जर भवन में चल रही थी आंगनबाड़ी**

ग्रामीणों के अनुसार मेढुका आंगन बाड़ी भवन काफी समय से जर्जर स्थिति में था। छत और दीवारों में दरारें साफ दिखाई दे रही थीं। बरसात के दिनों में पानी टपकने की समस्या आम हो चुकी थी। इसके बावजूद छोटे-छोटे बच्चों को उसी भवन में बैठाकर पोषण आहार और प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक रूप से जानकारी दी गई, लेकिन विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया। परिणामस्वरूप आज यह स्थिति सामने आई कि भवन का छज्जा गिर गया और प्रशासनिक लापरवाही की परतें खुलकर सामने आ गईं।

**हादसे का इंतजार कर रहा विभाग - अरविंद जायसवाल**

मरवाही जनपद उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल ने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विभाग पूरी तरह संवेदनहीन हो चुका है और ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के भविष्य और सुरक्षा से जुड़ा विषय है, लेकिन विभागीय अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त हैं। यदि समय रहते भवन की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था कर दी जाती तो ऐसी नौबत नहीं आती।
अरविंद जायसवाल ने सवाल उठाया कि जब भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी पहले से थी, तो आखिर बच्चों को वहां बैठाने की अनुमति किसने दी? क्या विभाग के अधिकारी किसी मासूम की जान जाने के बाद जागेंगे?

**जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग**

घटना के बाद ग्रामीणों और जन प्रतिनि धियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते भवन का निरीक्षण किया गया होता और मरम्मत कराई गई होती, तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में कई आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालत में संचालित हो रहे हैं, लेकिन विभाग केवल फाइलों में विकास दिखाने में लगा हुआ है। जमीनी हकीकत यह है कि छोटे-छोटे बच्चे मौत के साये में बैठकर शिक्षा और पोषण पाने को मजबूर हैं।

**बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं**

यह घटना केवल एक भवन का छज्जा गिरने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकारी लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है। जिस आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, वहीं उनकी जान खतरे में डाल दी गई। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिले के सभी जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का तत्काल सर्वे कराया जाए और जहां भी खतरा हो, वहां वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**सवालों के घेरे में विभागीय कार्यप्रणाली**

मेढुका की घटना ने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई? क्यों बच्चों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया? और क्यों जिम्मेदार अधिकारी केवल घटनाओं के बाद सक्रिय होते हैं? अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में केवल जांच का आश्वासन देता है या वास्तव में दोषियों पर कार्रवाई कर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। फिलहाल मेढुका की यह घटना सरकारी तंत्र की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है।

# बंगवार भूमिगत खदान हादसे के बाद फूटा गुस्सा: परिजनों ने किया हंगामा, अधिकारियों को सामने बुलाने पर अड़े, दो मजदूरों की मौत

**समाज जागरण**

शहडोल। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की बंगवार भूमिगत कोयला खदान में हुए भीषण हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा उफान पर पहुंच गया। एयर ब्लास्ट के साथ हुई रूफ स्लाइडिंग (खदान की छत धंसने) की घटना में दो ठेका मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य श्रमिक घायल हो गए। घटना के बाद खदान परिसर में भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और आक्रोशित लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जानकारी के अनुसार, खदान के अंदर कार्य के दौरान अचानक एयर ब्लास्ट के साथ छत का एक हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में ठेका मजदूर बबलू कोल और गोलू बैगा गंभीर रूप से दब गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार अन्य मजदूर घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए आदित्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो श्रमिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान परिसर पहुंच गए। लोगों ने खदान प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मैनेजर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की तथा कार्यालय परिसर में रखी कुर्सियों और दरवाजों में तोड़फोड़ भी की। आक्रोशित लोग सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना तथा बंगवार भूमिगत खदान के उप क्षेत्रीय प्रबंधक को मौके पर बुलाकर जवाब देने की मांग पर अड़े रहे।

स्थिति कुछ समय के लिए बेहद तनावपूर्ण हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती तो बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करते हुए लोगों को शांत कराया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें उचित जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इधर, हादसे के बाद खदान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है, वहीं एसईसीएल प्रबंधन ने भी मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजन हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, उचित मुआवजा तथा घायलों के बेहतर उपचार की मांग कर रहे हैं। घटना ने एक बार फिर खदानों में श्रमिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अनूपपुर और राजनगर में सीएमओ के अभाव से प्रभावित हो रहे नगरीय कार्य

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले की नगरीय निकायों में प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती नजर आ रही है। नगर पालिका परिषद अनूपपुर और नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर नियमित अधिकारी नहीं होने से कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 3 जून को स्थानांतरण आदेश जारी होने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक पदभार ग्रहण नहीं किए जाने से स्थिति और जटिल हो गई है। जानकारी के अनुसार, स्थानांतरण के बाद भी पूजा बुनकर (धनपुरी से बनगवां) और आशा भंडारी (शहडोल से अनूपपुर) ने अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर ज्वाइन नहीं किया है। इसके कारण नगरीय प्रशासन से जुड़े विकास कार्यों, वित्तीय प्रक्रियाओं एवं जनहित के अन्य कार्यों के संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।
विवादित सीएमओ रही हैं पूजा
नगर पालिका परिषद धनपुरी जिला





शहडोल में पदस्थ सीएमओ पूजा बुनकर का नाता विवादो व अनीयमितताओं से रहा है। अपने चहेतो ठेकेदारो व मनमाने कार्यो से पहचान बना चुकी सीएमओ उनके ही अधिकारी विरोध करते रहे है, एक बार जब उनका स्थानांतरण अनूपपुर जिले के बनगवां के लिए हुआ तो धनपुरी वासियों ने राहत की सासं तो ली, परंतु वह स्थनग के लिए चली गई, लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जल्द ही इन्हें स्थनांतरण स्थल भेजा जाये।
अधिकारी भी परेशान
इस संबंध में कलेक्टर ने कहा कि स्थानांतरण होने के बाद भी दोनों सीएमओ द्वारा पदभार ग्रहण नहीं किया गया है, जिससे नगरीय निकायों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा अधिकारियों को शीघ्र ज्वाइन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि नगर पालिका और नगर परिषद के कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

वहीं, रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन हिमांशु भट्ट ने कहा कि यदि संबंधित अधिकारियों ने अब तक ज्वाइन नहीं किया है तो सोमवार को इस विषय पर विचार किया जाएगा। आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल पदभार ग्रहण कराने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे नगरीय निकायों के कार्यों का संचालन सामान्य रूप से हो सके।

# अवैध रेत परिवहन पर अमलाई पुलिस की कार्यवाही, ट्रैक्टर-ट्राली सहित रेत जप्त

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। पुलिस द्वारा अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमलाई पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही रेत एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया गया है। 06.06.2026 की रात्रि गश्त के दौरान थाना अमलाई पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बटुरा क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु अमलाई पुलिस टीम द्वारा सूचना स्थान पर एक ट्रैक्टर-ट्राली आते हुए दिखाई दिया, जिसे रोककर जांच की गई।पूछताछ में चालक ने अपना नाम लक्ष्मण प्रसाद यादव पिता पूरन उर्फ पूरब प्रसाद यादव उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 18, ग्राम कोदैली, थाना कोतवाली अनूपपुर जिला अनूपपुर बताया। ट्रैक्टर-ट्राली में खनिज रेत लोड होना पाया गया। चालक से रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज एवं टी.पी. परमिट प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसपर अमलाई पुलिस द्वारा मौके पर एक महिन्द्रा ट्रैक्टर एम.पी. 65 एए 4235 एवं उसमें लोड लगभग 3,000 रुपये मूल्य की रेत तथा लगभग 3,00,000 रुपये मूल्य का ट्रैक्टर, कुल 3,03,000 रुपये की संपत्ति जप्त की गई। जप्तशुदा वाहन एवं रेत को सुरक्षार्थ थाना परिसर में रखा गया है।
उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध धारा 303(2), 317 (5) भारतीय न्याय संहिता एवं 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी निरी. भूपेन्द्र मणी पाण्डेय के नेतृत्व में सउनि. अजमेर सिंह, प्र.आर. रामप्रसाद पाटले, प्र.आर. जयवेन्द्र सिंह एवं चालक राकेश पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अनपरा तापीय परियोजना में वृहद पौधरोपण पर्यावरण की रक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य

## औद्योगिक विकास के साथ प्रकृति का संतुलन जरूरी - मुख्य महाप्रबंधक

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर अनपरा तापीय परियोजना के बताप विद्युत गृह (BTPS) के कंप्रेशर साईट के परिसर में प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से एक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सराहनीय अभियान की कमान मुख्य अतिथि और परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (CGM) इंजीनियर अजय कुमार ने संभाली, जबकि पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य अभियंता इंजीनियर चंद्र प्रकाश के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अभियान के तहत विद्युत गृह परिसर, प्रशासनिक भवनों के आस-पास और आवासीय कॉलोनियों में आम, बेल, जामुन, और गुलमोहर जैसी विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। पौधरोपण के उपरांत पौधेरोपण स्थल में उपस्थित अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक इंजीनियर अजय कुमार ने पर्यावरण संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा पर्यावरण की रक्षा करना किसी एक व्यक्ति, विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का परम नैतिक कर्तव्य है। आज औद्योगिक विकास जितनी तेजी से हो रहा है, उतनी ही तेजी से हमें प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का प्रयास करना होगा। यह



समय की सबसे बड़ी मांग है। यदि हम आज सजग नहीं हुए, तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसके बेहद गंभीर और भयानक परिणाम भुगतने होंगे।कार्यक्रम के मार्गदर्शक और मुख्य अभियंता महाप्रबंधक इंजीनियर चंद्र प्रकाश ने अपने संबोधन में व्यावहारिक पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनपरा तापीय परियोजना राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में बिजली उत्पादन कर रिकॉर्ड तो बना ही रही है, लेकिन हमारा लक्ष्य पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखना भी है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा, सिर्फ पौधा लगा देना ही काफी नहीं है। असली चुनौती उन्हें जीवित रखने और उनकी उचित देखरेख करने की है। हमें हर पौधे को एक अभिभावक की तरह पालना होगा। इस वृहद अभियान में परियोजना के पूर्व महाप्रबंधक इं आर सी श्रीवास्तव, इं एस एन मिश्रा (महाप्रबंधक प्रशासन), इं डी के सिंह महाप्रबंधक अताप, इं निशीथ शर्मा महाप्रबंधक जानपद, इं विजय कुमार दिनकर अधीक्षण अभियंता, इं कुमार गौरव (रए सिविल), इं उमेश कुमार पाण्डेय, इं विजय प्रताप यादव, इं बलराम गौड़, इं अभिषेक कुमार सिंह, इं असुरजीत शर्मा, इं प्रवीण कश्यप, इं विष्णु देव झा, सुजीत सोनी, प्रशांत उपाध्याय, राजाराम समेत काफी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने और सिंगल-यूज प्लास्टिक का त्याग करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों और कार्यस्थलों के आसपास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे। परियोजना प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ आज तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले आगामी मानसून सत्र में पूरी परियोजना और इसकी आवासीय कॉलोनियों में सघन पौधरोपण कर ग्रीन बेल्ट (हरित पट्टी) को और अधिक मजबूत और सघन बनाया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल, डीएम ने राजस्व निरीक्षक को किया निलंबित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र जनपद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सोशल मीडिया पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के मामले में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के भी आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार को दुद्धी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शाह ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि एक राजस्व निरीक्षक का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन अब तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। प्रथम दृष्टया उपलब्ध तथ्यों के आधार पर राजस्व



निरीक्षक अखिलेश कुमार शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराने के निर्देश भी जारी किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में भ्रष्टाचार, अनियमितता और कर्तव्यों के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन स्थापित करना प्राथमिकता है। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत जांच में सही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही निस्तारण के बाद शिकायत कताओं से फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। गौरतलब है कि जिले की चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 330 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 33 मामलों का मौके पर अथवा टीम भेजकर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी महिला मोर्चा का धरना, आदिवासी अधिकारों समेत 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी महिला मोर्चा शाखा उत्तर प्रदेश, जिला इकाई सोनभद्र के तत्वावधान में शनिवार को ओबरा तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने आदिवासी समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवाज बुलंद की तथा महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 20 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी ओबरा को सौंपा। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने जनगणना में गोंडी धर्म कोड को मान्यता देने, आदिवासियों के लिए संविधान में वर्णित पांचवीं और छठी अनुसूची लागू करने तथा आदिवासी



बाहुल्य क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू किए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आदिवासियों की भूमि पर अवैध कब्जे और गैर-आदिवासियों द्वारा अधिग्रहण के मामलों की जांच कर भूमि वापस दिलाई जाए। साथ ही आदिवासी समाज के साथ होने वाले शोषण, अत्याचार, दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में जन जातीय आवासीय विद्यालय स्थापित करने, जनजातीय सुरक्षित सीटें घोषित करने तथा जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए जनजातीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा बांध, कल-कारखानों और खदानों से विस्थापित परिवारों को बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। धरना दे रहे कार्यकताओं ने कहा कि विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं के कारण आदिवासी क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे लोग दमा, टीबी और श्वास संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में सरकार प्रभावी कदम उठाए या प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर कार्रवाई करे। उन्होंने बिना ग्राम सभा की अनुमति के किसी भी प्रकार के विस्थापन पर रोक लगाने की भी मांग की। ज्ञापन में वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत भरे गए दावों का शीघ्र निस्तारण करने, पात्र दावेदारों को अधिभोग प्रमाण पत्र देने, निरस्त दावों की पुनः सुनवाई कराने तथा लंबित अपीलों का समयबद्ध निस्तारण करने की मांग की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत पनारी के कई टोले और गांवों में विद्युतीकरण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग भी उठाई गई। धरना-प्रदर्शन के अंत में पार्टी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो संगठन भविष्य में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इसके बाद मांग पत्र उपजिलाधिकारी ओबरा को सौंपा गया। इस दौरान पार्टी की महिला मौर्चा की जिला उपाध्यक्ष प्रमिला देवी ने कहा आदिवासियों का जल, जंगल और जमीन लगातार छीना जा रहा है। इन्हीं अधिकारों की रक्षा और अपनी मांगों को लेकर हम ओबरा तहसील पहुंचे हैं। प्रशासन ने हमारी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। यदि हमारी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन आगे बड़ा आंदोलन करेगा। वही पार्टी के जिलाध्यक्ष राम नरेश ने कहा वनाधिकार अधिनियम के तहत भरे गए हजारों दावे आज भी लंबित पड़े हैं। हम चाहते हैं कि इन दावों की सुनवाई कर पात्र लोगों को पट्टा और अधिकार पत्र दिया जाए। तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया जिसके बाद कार्रवाई का आश्वासन मिला है। यदि आदिवासियों के अधिकारों की अनदेखी जारी रही तो संगठन व्यापक आंदोलन और जनक्रांति अभियान शुरू करेगा।

# किशोरी के अपहरण के मामले में दोषी सरवन कुमार को 4 वर्ष की कैद

## 10 हजार रुपये अर्थदंड,न देने पर दो माह की भुगतनी होगी अतिरिक्त कैद

### जेल में बितायी अवधि सजा में होगी समाहित



**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/, सीएडब्लू सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सरवन कुमार को 4 वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 29 जनवरी 2024 को दुद्धी थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 23 जनवरी 2024 को रात्रि 2 बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर सरवन कुमार पुत्र लालकेश्वर निवासी झारोकला,थाना दुद्धी,जिला सोनभद्र कहीं भगा ले गया है।इसके पहले भी सरवन उसकी बेटी को भगा कर ले गया था लेकिन आपसी सुलह समझौता के बाद मामला शांत हो गया था।आवश्यक कार्रवाई करें।इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने परविवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने,गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषी सरवन कुमार को 4 वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

# डी.एस. माइनिंग पट्टे के विरोध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा क्षेत्र में संचालित मे0 डी.एस. माइनिंग पट्टे के विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं का एक बड़ा समूह कांग्रेस नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) सेत राम केसरी के नेतृत्व में शनिवार को तहसील दिवस पर एसडीएम कार्यालय पहुंचा और खदान संचालन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के समीप संचालित खदान में होने वाली नियमित ब्लास्टिंग से उनके घरों और परिवारों पर खतरा मंडरा रहा है। प्रदर्शन में शामिल गुंजा देवी ने बताया कि खदान उनके घर के बेहद करीब संचालित हो रही है। ब्लास्टिंग के कारण धूल और गर्दे का धुआं फैल रहा है, जिससे बच्चों




और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया था, जिसके बाद जांच टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन जांच के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। उनका कहना है कि देर रात पुलिस पहुंचकर उनसे पूछताछ करती है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। गीता देवी ने बताया कि खदान से होने वाली ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़कर गांव तक पहुंच जाते हैं। कई बार पत्थर घरों और आंगनों में गिरे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि गांव में छोटे-छोटे बच्चे रहते हैं और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने मांग की कि आबादी क्षेत्र के निकट संचालित खदान को तत्काल बंद कराया जाए। कांग्रेस नेता सेत राम केसरी ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कहा कि महिलाओं ने उन्हें सूचना दी थी कि गांव की आबादी से महज 80 से 100 मीटर की दूरी पर खदान संचालित हो रही है। उनका आरोप है कि ब्लास्टिंग के दौरान बड़े-बड़े पत्थर घरों तक पहुंच रहे हैं और लोगों की जान-माल को खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि खदान संचालकों द्वारा विरोध करने वाले ग्रामीणों को धमकाने की शिकायत भी मिली है। सेत राम केसरी ने बताया कि इससे पहले भी 3 जून को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच की मांग की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी ग्रामीणों को राहत नहीं मिली और उल्टा उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि रात में खदान का संचालन नहीं हो रहा है तो देर रात पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ करने क्यों पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि खदान आवंटन में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः खदान और आबादी क्षेत्र के बीच पर्याप्त दूरी होनी चाहिए, लेकिन यहां खदान गांव के बेहद नजदीक संचालित की जा रही है। इससे ग्रामीणों के जीवन और संपत्ति पर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, खदान संचालन के मानकों की समीक्षा करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। सवाल तो यह उठ रहा है कि क्या सिर्फ राजस्व बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर खनन नीतियों की धज्जियां उड़ा रहा है!

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। बीजपुर थाना क्षेत्र के चेतवा जंगल में शनिवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान प्रवेश कुमार (21) पुत्र गुलाब चंद, निवासी नेमना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, प्रवेश कुमार शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे फॉर्म भरने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह ड्यूटी पर जा रहे एक राहगीर ने सूचना दी कि चेतवा जंगल में चिलबिल के पेड़ से एक युवक का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान प्रवेश कुमार के रूप में की। बताया गया कि वह जरहां स्थित महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष का छात्र था। सूचना पर बीजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया गया। बीजपुर के उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूटी चालक को बचाने के प्रयास में भीषण सड़क हादसा, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बिरधी गेट के पास स्थित तिराहे पर शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अखिलेश यादव (16 वर्ष) पुत्र पंचु यादव निवासी ग्राम पंचायत नरोखर तथा गुलजार (19 वर्ष) निवासी चकिया, जो अपने ननिहाल नरोखर में रहकर पढ़ाई करता था, बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बिरधी गेट तिराहे के पास सामने आए स्कूटी चालक को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और भीषण दुर्घटना हो गई। बताया जा रहा है कि स्कूटी चालक लव कुश पटेल पुत्र भोलई पटेल निवासी बिरधी अचानक सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक सवार संतुलन खो बैठे और हादसे का शिकार हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। हालांकि अस्पताल ले जाते समय गुलजार ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं अखिलेश यादव की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार चल रहा है। दूसरी ओर स्कूटी चालक लव कुश पटेल को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चोपन पुलिस का खुलासा, दो महिलाओं को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के तीन स्टार्टर और एक मिनी ट्रांसफार्मर बरामद किया है। यह गिरफ्तारी 6 जून, 2026 को ग्राम कोठा टोला से हुई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चोपन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता



हासिल की। थाना चोपन में मु.अ.सं.- 218/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक घनश्याम तिवारी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने ग्राम कोठा टोला से दो महिलाओं को पकड़ा।गिरफ्तार महिलाओं के पास से चोरी किए गए तीन स्टार्टर और एक मिनी ट्रांसफार्मर बरामद हुए। बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मिनी कोल (पत्नी राजन सिंह, उम्र करीब 40 वर्ष) और रबिया बीबी (पत्नी इस्तेखार खाँ, उम्र करीब 35 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों भलुवा टोला, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र की निवासी हैं। पूछताछ में उन्होंने चोरी का सामान बरामद होने की बात स्वीकार की है। इस मामले में अन्य आवश्यक वैधानिक और विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक घनश्याम तिवारी, हेड कांस्टेबल शिवशरण राम, हेड कांस्टेबल छोटेलाल और महिला कांस्टेबल शैलजा सिंह शामिल थीं। सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी बीजपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध शराब बरामदगी अभियान के तहत बीजपुर पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को शाम करीब 5:22 बजे डोड़हर से बीजपुर जाने वाले मार्ग पर श्रीराम (58) पुत्र ननई, निवासी राय कॉलोनी, थाना बीजपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक प्लास्टिक जरीकेन में रखी लगभग 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद हुई। दूसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को दोपहर करीब 2:31 बजे सिरसोती बाईपास स्थित डी.सी. त्रिपाठी के घर के पास से रामचंद्र (35) पुत्र




ज्ञानचंद्र, निवासी ग्राम सिरसोती, थाना बीजपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक सफेद प्लास्टिक की पिपिया में रखी लगभग 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना बीजपुर में क्रमशः मु.अ.सं. 60/2026 एवं 61/2 026, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तार आरोपी श्रीराम पुत्र ननई (58 वर्ष), निवासी राय कॉलोनी, थाना बीजपुर व रामचंद्र पुत्र ज्ञानचंद्र (35 वर्ष), निवासी ग्राम सिरसोती, थाना बीजपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडेय, हेड कांस्टेबल भानु प्रताप यादव, महिला कांस्टेबल निहारिका पांडेय एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका शामिल रहीं।

# दहेज उत्पीड़न व पत्नी की संदिग्ध मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और पत्नी की संदिग्ध मृत्यु के मामले में वांछित पति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त लाल जी गोंड को मुखबिर की सूचना पर अरंगी तिराहे से पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। यह मामला 05 जून 2026 को तब सामने आया जब सम्पतिया देवी ने ओबरा थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी इन्द्रावती का विवाह मार्च 2023 में लाल जी गोंड पुत्र मेरशाह गोंड निवासी पनारी टोला फफराकुंड, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के साथ हुआ था। सम्पतिया देवी के अनुसार, विवाह के बाद उनकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। 05 जून 2026 को इन्द्रावती की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। तहरीर के आधार पर




ओबरा थाने में मु.अ.सं. 125/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 80(2), 85 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के पर्यवेक्षण में अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम लगातार अभियुक्त की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में 06 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लाल जी गोंड (उम्र लगभग 25 वर्ष) को पनारी टोला फफराकुंड, ओबरा स्थित अरंगी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक रामसागर पटेल, आरक्षी जयगोपाल और महिला आरक्षी अंजली यादव की टीम शामिल थी।

# 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा का शव फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के नवटोलिया टोला में एक नाबालिग छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की भोर लगभग साढ़े चार बजे 14 वर्षीय प्रियंका कुमारी पुत्री मनोज केवट का शव घर के बाहर टीन शेड के ओसारे में लोहे के पाइप से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने तत्काल रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा और डायल 112 व चोपन पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता मनोज केवट ने बताया कि रात में वह अपनी पत्नी किरन देवी, बेटों विनय कुमार (लगभग 20 वर्ष), आनंद कुमार (लगभग 12 वर्ष) और बेटियों मधु कुमारी (लगभग 16 वर्ष) व प्रियंका कुमारी (लगभग 14 वर्ष) के साथ घर के गलियारे में खाना



खाकर सोए थे। भोर में लगभग तीन बजे उनकी नींद खुली तो सब कुछ सामान्य था। इसके बाद उन्हें फिर नींद आ गई। लगभग साढ़े चार बजे पड़ोसियों ने शोर मचाया कि उनकी बेटी फंदे से लटकी हुई है। यह सुनकर परिजन हतप्रभ रह गए और घर में रोना-पीटना शुरू हो गया। आनन-फानन में रस्सी काटकर बेटी को नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, रनेह में लोधी परिवार का आशियाना जलकर खाक

## संयुक्त परिवार का अनाज, गृहस्थी का सामान और जरूरी सामग्री राख; प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

रनेह/दमोह। ग्राम रनेह के वार्ड क्रमांक-1 में शुक्रवार रात को बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने एक गरीब संयुक्त परिवार की वर्षों की जमा-पूंजी पलभर में राख कर दी। आग की इस घटना में झल्लू सिंह लोधी के पैतृक मकान,में रखा घरेलू सामान, कपड़े, बर्तन, अनाज तथा अन्य जरूरी सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हो गया है।

जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक-1 स्थित लोधी परिवार के घर में अचानक बिजली की डोरी में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि परिवार के सदस्य सामान सुरक्षित नहीं निकाल सके और घर में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया।



**ग्रामीणों और पुलिस आरक्षक की तत्परता से टला बड़ा हादसा**

घटना की सूचना मिलते ही गृहस्वामी झल्लू सिंह लोधी ने आसपास के लोगों और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस विभाग के आरक्षक श्री राम प्रजापति तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों, वार्डवासियों, मित्रों तथा आरक्षक श्री राम प्रजापति ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सभी के सामूहिक प्रयासों से आग को आसपास के मकानों तक फैलने से रोक लिया गया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो वार्ड के अन्य घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे और नुकसान कहीं अधिक बड़ा हो सकता था।

**सालभर का अनाज और गृहस्थी का सामान हुआ नष्ट**

पीड़ित परिवार के अनुसार घर में रखा सालभर के उपयोग का अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर तथा अन्य घरेलू सामग्री आग में पूरी तरह नष्ट हो गई। संयुक्त परिवार होने के कारण नुकसान का दायरा काफी बड़ा है। आग के बाद परिवार के सामने रहने और भोजन जैसी मूलभूत जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।

**प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग**

घटना के बाद ग्रामीणों, वार्डवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे करे तथा परिवार को शीघ्र राहत राशि, उचित मुआवजा और अस्थायी आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि परिवार की आर्थिक स्थिति और संयुक्त परिवार की जिम्मेदारियों को देखते हुए विशेष सहायता प्रदान की जाए, ताकि पीड़ित परिवार इस संकट से उबर सके।

# आपके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर अखबार के लिए विस्तृत समाचार इस प्रकार तैयार किया जा सकता है

**- पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने ग्राम सूखा में सामुदायिक भवन एवं सीसी सड़क का किया भूमिपूजन**

**- "अगले तीन वर्षों में पथरिया विधानसभा का कोई भी खेत सिंचाई सुविधा से वंचित नहीं रहेगा" झ राज्यमंत्री पटैल**

**- "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत किया पौधारोपण**



**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने शनिवार को पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूखा में सामुदायिक भवन एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

राज्यमंत्री ने कहा कि जिस सड़क का भूमिपूजन किया गया है उसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा ताकि बरसात से पूर्व सड़क का लेवलिंग कार्य पूरा हो सके। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर खजरी सड़क निर्माण की भी घोषणा करते हुए बताया कि इसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विकास किसी एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए आवश्यक है। क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आवास योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 244 आवास निर्मित हो चुके हैं तथा 436 नए नाम आवास प्लस सूची में जोड़े गए हैं। आने वाले तीन वर्षों में सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटैल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। राज्यमंत्री ने बताया कि पथरिया विधानसभा क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में अब तक चार डैम बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनसे हजारों किसानों को लाभ मिल रहा है। इसके अलावा हाल ही में 122 करोड़ रुपये की लागत से एक नए बैराज निर्माण का भूमिपूजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि साजिली, जूड़ी, पंचमनगर और सीतानगर में डैम निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं विधानसभा क्षेत्र के लगभग 42 से 43 गांवों की करीब 20 हजार हेक्टेयर असिंचित भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पांचवें डैम दुनय धाम परियोजना को भी स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इसकी घोषणा पूर्व में की जा चुकी है तथा परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

राज्यमंत्री पटैल ने कहा कि आगामी ठंड के बाद इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले दो से तीन वर्षों में क्षेत्र का कोई भी गांव ऐसा नहीं रहेगा जहां किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी न पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि 100 प्रतिशत सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने वाली मध्यप्रदेश की पहली विधानसभा पथरिया बन सकती है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए राज्यमंत्री का स्वागत करते हुए विभिन्न स्थानीय समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया।

# रामगढ़ रेत घाट पर अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, बिना नंबर का आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम ने शनिवार को दमोह तहसील क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन में संलग्न एक बिना नंबर के आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान ग्राम रामगढ़ स्थित ब्यारमा नदी के रेत घाट पर एक बिना नंबर का आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन



गतिविधियों में संलग्न पाया गया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को मौके से जप्त कर लिया।

जप्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को अग्रिम कार्रवाई तक सुरक्षित रखने के लिए पुलिस चौकी ईमलिया में खड़ा कराया गया है तथा सुरक्षार्थ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। खनिज विभाग द्वारा वाहन एवं संबंधित मामले की जांच कर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि मामले में मध्यप्रदेश खनिज नियमों एवं प्रचलित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। संपूर्ण प्रकरण तैयार कर निराकरण एवं दंडात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

खनिज विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन अथवा खनिज परिवहन की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।यह संस्करण समाचार पत्र प्रकाशन के लिए विस्तृत और पेशेवर शैली में तैयार किया गया है।

# बिष्टुपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, आपराधिक मंसूबों की जांच शुरू

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिष्टुपुर थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शुक्रवार सुबह एक युवक को देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था तथा हथियार के बल पर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे बिष्टुपुर थाना प्रभारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बेलीबोधन घाट क्षेत्र में एक युवक अवैध हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए इसकी जानकारी वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया और पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया।

गठित टीम ने बेलीबोधन घाट क्षेत्र में पहुंचकर चारों ओर घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस की गतिविधियों को देखकर एक युवक भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि



पुलिस जवानों ने तत्परता और सतर्कता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। हिरासत में लेने के बाद उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपनी पहचान निहाल कुमार गुप्ता (19 वर्ष) के रूप में बताई। वह सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर-2 क्षेत्र का रहने वाला है।

पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल बरामद हुई। पिस्तौल में एक जिंदा कारतूस भी लगा हुआ था। हथियार मिलने के बाद पुलिस ने उसे जब्त कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले आई। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह हथियार अपने पास रखकर लोगों के बीच भय और दहशत का माहौल बनाने का प्रयास करता था। हालांकि पुलिस उसके इस बयान की पुष्टि अन्य साक्ष्यों और जांच के आधार पर कर रही है।

इस मामले में बिष्टुपुर थाना में कांड संख्या 69/2026 दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-इ)( ) एवं 26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच कई बिंदुओं पर की जा रही है। सबसे पहले यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी के पास बरामद हथियार कहां से आया और उसे किसने उपलब्ध कराया। इसके अलावा यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा हुआ है या नहीं। पुलिस उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड, संपर्क सूत्रों तथा हाल के दिनों में उसकी गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है।

अधिकारियों का कहना है कि अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए जिलेभर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हाल के दिनों में कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर हथियारों के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि ऐसे अभियान अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

बरामद सामान में एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस शामिल है। पुलिस ने दोनों वस्तुओं को जब्त कर फॉरेंसिक एवं तकनीकी जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हथियार का इस्तेमाल पहले किसी आपराधिक घटना में हुआ है या नहीं।

बिष्टुपुर थाना पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध हथियार रखने, उनकी तस्करी करने तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध हथियारों या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह - भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल की संगठनात्मक मासिक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी रानू नामदेव, जिला कार्यालय सह मंत्री दिलीप चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बृजेंद्र अहिरवार तथा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का भाजपा पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया।

किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती




ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक कार्यकर्ता को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री रानू नामदेव ने कहा कि शक्ति केंद्र एवं बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया । कार्यकताओं को अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन के कार्यक्रमों को सफल प्रभावी ढंग से काम करने पर जोर दिया।

मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें, जिससे संगठन और अधिक मजबूत हो सके तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके।

बैठक का संचालन मंडल महामंत्री अरूण सोनी ने किया एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री महेंद्र अहिरवाल ने किया।

बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, मंडल उपाध्यक्ष देवल कटारिया, श्रीमती राधा सोनी, श्रीमती गायत्री वंशवर्ती, विकास जैन, मंडल मंत्री श्रीमती रेनू रजक, श्रीमती रितु पांडेय, राहुल पाठक, राहुल ताम्रकार, वीरेंद्र साहू, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे, मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, सह कोषाध्यक्ष सुनील राज, पार्षद हिमानी पारोचे, दीपक मिश्रा, आलोक मुखरैया, राजकुमार अहिरवार, मुकेश नामदेव, करन सूर्यवंशी, सत्यम चौबे सहित पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# शासकीय भूमि अतिक्रमण मामले में कलेक्टर का बड़ा फैसला, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**समाज जागरण विजय तिवारी, चचाई**

अनूपपुर जिले के ग्राम देवरी में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण से जुड़े मामले में कलेक्टर न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के आदेशों का परीक्षण करने के बाद शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मामला ग्राम पंचायत देवरी की शासकीय भूमि से संबंधित है, जिसमें शिल्पी गौतम एवं अन्य द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत निगरानी याचिका प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकताओं का दावा था कि वे अपनी निजी भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं और उन पर लगाए गए अतिक्रमण के आरोप निराधार हैं। इसके समर्थन में उन्होंने विभिन्न विभागों की जांच रिपोर्ट और पंचनामा भी प्रस्तुत किया।

मामले की सुनवाई के दौरान कलेक्टर ने पाया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण संबंधी विवाद की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा कि मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 48 के तहत तहसीलदार अनूपपुर शासकीय भूमि की सीमांकन एवं सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें।

कलेक्टर के आदेश के बाद संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय को जिले में शासकीय भूमि संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है

# कटनी: बड़वारा क्षेत्र की महानदी में बेखौफ जारी है अवैध रेत खनन, ग्रामीणों के विरोध के बाद भी प्रशासन मौन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी जिले की बड़वारा तहसील इन दिनों खनन माफियाओं का गढ़ बनती जा रही है। क्षेत्र में महानदी के विभिन्न घाटों से अवैध रेत उत्खनन और उसके अवैध भंडारण का काला कारोबार धड़ल्ले से पैर पसार रहा है। आलम यह है कि दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से नदी का सीना छलनी किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन और पुलिस मूकदर्शक बने हुए हैं।

**इन घाटों पर चल रहा है अवैध कारोबार**

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुड़ा, देवरी, लेदहर, सकरीगढ़, विलायत खुर्द और भूड़सा के संगम घाट पर अवैध खनन का सबसे बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। इन घाटों से रोजाना बिना किसी रॉयल्टी और अनुमति के भारी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। नदी से रेत निकालकर उसे सुरक्षित स्थानों पर डंप (भंडारण) किया जा रहा है, ताकि बाद में उसे ऊंचे दामों पर बेचा जा सके।

**शिकायत के बाद भी सिर्फ खानापूर्ति**

शनिवार को इस मामले में अपनी आवाज बुलंद करते हुए स्थानीय ग्रामीण विजय कुमार, दीपक सिंह और संतोष कुमार ने बताया महानदी की विभिन्न खदानों से खनन माफिया लगातार प्राकृतिक संपदा का दोहन कर रहे हैं। रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेखौफ होकर गांवों के बीच से गुजरती हैं। इसकी शिकायत कई बार स्थानीय पुलिस और तहसीलदार से की गई है। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता और खानापूर्ति कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है, जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हैं।

**अवैध खनन से पर्यावरण और सड़कों को नुकसान**

नदी से अंधाधुंध रेत निकालने के कारण जलस्तर गिरने और नदी के प्राकृतिक स्वरूप के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं दूसरी ओर, ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली एवं रेत से भरे डंफरो की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें पूरी तरह जर्जर हो रही हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

इस संबंध मे जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित का कहना है कि बड़वारा क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण की सूचना हमें प्राप्त हुई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा जा रहा है। यदि मौके पर रेत का अवैध भंडारण या उत्खनन पाया जाता है, तो निश्चित तौर पर संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# गौरीचक में एसी का तांबा पाइप चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना पुलिस ने एसी का तांबे का पाइप चोरी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की यह सफलता वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मिली है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के गोसाई मठ टार निवासी सूरज कुमार और मुकेश कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों आरोपी राजू केवट के पुत्र बताए जाते हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 16 मई 2026 को एसी का तांबे का पाइप चोरी होने के संबंध में गौरीचक थाने में मामला दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार मामले की तहकीकात कर रही थी और आरोपियों की तलाश में जुटी थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों भाइयों सूरज कुमार और मुकेश कुमार को धर दबोचा।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये लोग सुनियोजित तरीके से तांबे के पाइप और अन्य कीमती सामानों को निशाना बनाते थे। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन्होंने इस तरह की और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है और चोरी के माल को ये कहाँ खपाते थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि चोरी की वारदातों को रोकने के लिए विशेष निगरानी बरती जा रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। इस गिरफ्तारी से इलाके में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है। इस कार्रवाई के दौरान गौरीचक थाने की पुलिस टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# पटना एम्स में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने मचाया तांडव, सरकारी संपत्ति तोड़ी, एफआईआर दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में इलाज के दौरान एक मरीज के परिजनों द्वारा किए गए हंगामे और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। अस्पताल के एआईबी वार्ड में घुसकर परिजनों ने न केवल चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि अस्पताल की कीमती मशीनों और सरकारी संपत्ति को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में फुलवारी शरीफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एम्स के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राज कुमार जालान द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, 20 मई की रात करीब 8 बजे 66 वर्षीय मरीज अरुण कुमार यादव को गंभीर हालत में वार्ड में भर्ती कराया गया था। मरीज मल्टीपल मायलोमा, मधुमेह, सेप्सिस जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे। चिकित्सकों की टीम उन्हें बचाने के लिए अथक प्रयास कर रही थी और सीपीआर की प्रक्रिया जारी थी। इसी दौरान बक्सर के सिमरी निवासी निखिल राव (19) जबरन वार्ड में घुस आया और वहां मौजूद डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को धमकाने लगा। आरोप है कि आक्रोशित परिजन ने अस्पताल के भीतर भारी उपद्रव किया। इस दौरान वार्ड में रखी यूएसजी मशीन, क्रैश कार्ट, ड्रेसिंग ट्रॉली और पोर्टेबल पल्स ऑक्सीमीटर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के कारण अस्पताल परिसर में भय का माहौल पैदा हो गया और अन्य मरीजों के उपचार कार्य में भी गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। उस वक्त ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग अधिकारी नेहा पटेल, दीपाली ठाकुर, ज्योति कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों और रेजिडेंट चिकित्सकों ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन हंगामा जारी रहा। सूचना मिलते ही एम्स की क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपी निखिल राव को हिरासत में ले लिया। एम्स प्रशासन की शिकायत पर फुलवारी शरीफ थाना में कांड संख्या 958/26 दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पटना के गौरीचक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मारपीट और शराब मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो कुख्यात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरीचक थाना पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए सोहोगी टार गांव निवासी नितीश कुमार को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज थी। वह इस मामले में नामजद अभियुक्त था और घटना के बाद से ही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस की नजरों से बचकर फरार चल रहा था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में रघुरामपुर मुसहरी गांव निवासी दिनेश मांझी को गिरफ्तार किया है। दिनेश मांझी बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम से जुड़े मामले में वांछित था। मद्य निषेध कानून के उल्लंघन के मामले में नामजद होने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से दूर था। गौरीचक पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान घेराबंदी कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फरार अपराधियों और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए उनका विशेष अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार सघन गश्ती और छापेमारी कर रही है।

# सुही नहर के समीप बाइक से 135 लीटर देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार)पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी नहीं रुक रही है। कुटुंबा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सुही नहर के पास से एक बाइक पर लदी 135 लीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस को देखकर तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग की बाइक पर अवैध शराब लादकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सुही नहर के पास वाहन चेकिंग शुरू कर दी।पुलिस को आते देख बाइक सवार तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। वहीं बाइक की तलाशी के दौरान कार्टून में रखे कुल 135 लीटर टनाका ब्रांड देसी शराब बरामद हुई।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# 20 साल पुराने मामले के दो वारंटी लट्टा गांव से गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

पौथू (बिहार) औरंगाबाद जिले के पौथू थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट पर कार्रवाई करते हुए 20 साल से फरार चल रहे दो वारंटियों को उनके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना कांड संख्या-113/2005 में वांछित थे।दोनों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था इसके बावजूद दोनों आरोपी लगातार न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे और फरार चल रहे थे।वारंटी उपेन्द्र शर्मा पिता- स्व0 तपेश्वर शर्मा और रामाकांत शर्मा पिता- स्व0 तपेश्वर शर्मा दोनों निवासी- ग्राम लट्टा, थाना पौथू, जिला औरंगाबाद है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों भाइयों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# तिरुलडीह थाना क्षेत्र के बकारकुड़ी गांव में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण,संवाददाता**

चांडिल : तिरुलडीह थाना अंतर्गत ईचाडीह पंचायत के बकारकुडी गांव में आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति में




जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को डायन प्रथा, बाल विवाह, बच्चा चोरी से संबंधित अफवाहों, साइबर अपराध, डायल-112 सेवा, नशा मुक्ति तथा सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

थाना प्रभारी कौशल कुमार ने कहा कि समाज में फैली अफवाहों और अंधविश्वास से दूर रहना चाहिए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने साइबर अपराध से सतर्क रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं आपात स्थिति में डायल-112 का उपयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने जागरूकता संदेशों को गंभीरता से सुना और समाजहित में इसे आवश्यक बताया।

# चंपाई मांझी को 10 लाख मुआवजा, कंपनी ने नौकरी व पेंशन का भी दिया आश्वासन

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : कुडुकतुपा निवासी चंपाई मांझी, जो नरसिंह इस्पात कंपनी में कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनका एक पैर काटना पड़ा, उनके मामले में कंपनी प्रबंधन और परिजनों के बीच समझौता संपन्न हुआ। चंपाई मांझी का इलाज वर्तमान में टाटा मेन हॉस्पिटल (TMH) में चल रहा है।



बाराद्वारी स्थित कंपनी कार्यालय में हुए इस समझौते में कंपनी की ओर से डायरेक्टर अजय सिंह मौजूद थे। बैठक में चंपाई मांझी की पत्नी फूकमती मांझी, परिजन तथा भाजपा नेता पप्पू वर्मा की अहम भूमिका रही। समझौते के अनुसार कुल 10 लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी, जिसमें 7 लाख रुपये का चेक तत्काल प्रदान किया गया, जबकि शेष 3 लाख रुपये एक माह के भीतर देने का आश्वासन दिया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने पेंशन, कृत्रिम पैर (आर्टिफिशियल लेग) की सुविधा और स्वास्थ्य लाभ के बाद रोजगार देने का लिखित आश्वासन भी दिया है। परिजनों ने समझौते पर संतोष जताते हुए कंपनी के आश्वासनों पर भरोसा व्यक्त किया है।

# पटना के नदियावां में 16 जून को लगेगा विशेष सहयोग शिविर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड के अंतर्गत कुरकुरी पंचायत के नदियावां गांव में आगामी 16 जून को एक विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पहुंचना प्रस्तावित है। उनके साथ स्थानीय विधायक श्याम रजक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन तक पहुँचाना है। शिविर को लेकर स्थानीय प्रशासन और पंचायत स्तर पर जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कुरकुरी पंचायत के मुखिया रवि कुमार ने बताया कि इस शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, इंदिरा आवास, भूमि विवाद, बिजली, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मौके पर ही विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ अधिकारी सीधे लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेंगे। मुखिया रवि कुमार ने कहा कि कई मामलों का 'ऑन द स्पॉट' समाधान किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस दौरान सीधे जनता से संवाद करेंगे और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करेंगे। पंचायत प्रतिनिधि ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं और संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में अवश्य पहुँचें। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समस्याओं का तुरंत निपटारा होने से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस में पटना के दुल्हिन बाजार में उमड़ा प्रकृति प्रेम

## दर्जनों पौधे लगाकर लिया हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार में विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काब स्थित बूथ संख्या-9 पर एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल धरती को हरा-भरा बनाना था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करना भी था। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलहिन बजार भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार (सिंधु जी) ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार और भाजपा पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष बिनोद शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, "वृक्ष हमारे जीवन का वास्तविक आधार हैं। आज बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण के दौर में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है।" अतिथियों ने उपस्थित सभी कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों से आह्वान किया कि वे सिर्फ पौधे न लगाएं, बल्कि उनकी पूर्ण सुरक्षा और देखभाल का जिम्मा भी उठाएं, ताकि प्रत्येक पौधा एक बड़ा वृक्ष बन सके। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष बिनोद जी, मधुबाला शर्मा, लंकेश सिंह, कुंदन कुमार, मनोज सिंह, विनय कुमार, अजीत शांडिल्य और संतन कुमार जैसे समर्पित भाजपा कार्यकताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई। स्थानीय नागरिकों में भी इस अभियान को लेकर भारी उत्साह देखा गया। विधानसभा संयोजक नारायण कुमार और विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन निकेश ने भी इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति यह जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण को बचाने और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को कम करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# पटना के खिरिमोड में प्राथमिक विद्यालय से चोरों ने उड़ाया करीब 4 क्विंटल चावल, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खिरिमोड थाना अंतर्गत महेशपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया है। शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों ने स्कूल के स्टोर रूम की कुंडी तोड़कर वहां रखे गए लगभग 3 क्विंटल 80 किलो चावल की चोरी कर ली। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है और विद्यालय प्रबंधन में भारी आक्रोश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय की प्रधान शिक्षिका चंचला कुमारी ने शुक्रवार की दोपहर हमेशा की तरह स्कूल के सभी कमरों और स्टोर रूम के दरवाजों को ताला लगाकर घर प्रस्थान किया था। शनिवार की सुबह उन्हें किसी के माध्यम से मोबाइल पर सूचना मिली कि विद्यालय में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही शिक्षिका बदहवास होकर स्कूल पहुंचीं। वहां का दृश्य देख वे दंग रह गईं। स्कूल परिसर में चारों ओर चावल बिखरे पड़े थे और स्टोर रूम का दरवाजा खुला था। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने काफी शातिराना तरीके से घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने स्टोर रूम के लोहे के दरवाजे को बाहर से जोर से धक्का देकर और उसकी कुंडी को मोड़कर उसे खोल लिया। अंदर रखे चावल के आठ बोरे गायब थे, जिनका कुल वजन करीब 3 क्विंटल 80 किलोग्राम था। घटना की सूचना तुरंत खिरिमोड थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। प्रधान शिक्षिका चंचला कुमारी ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ खिरिमोड थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरों की सुराग तलाशने में जुट गई है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। इस घटना ने सरकारी स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।



# "पेड़ों का संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा' :पड़रिया विद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**समाज जागरण**

गोड्डा महागामाः- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के परसा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक भूदेव साह ह ने की इस अवसर पर सीआरपी/ बीआरपी महासंघ गोड्डा के पूर्व जिला महासचिव मो सुलेमान जहांगीर आजाद ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "पेड़ मां की तरह अनमोल और मूल्यवान होते हैं " ।उन्होंने विद्यालय में चारदीवारी निर्माण के बाद विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण एवं उनकेसफल संरक्षण के लिए प्रधानाध्यापक भूदेव साह तथा समस्त शिक्षक परिवार को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को सुंदर एवं आकर्षक बनाने में शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।कार्यक्रम के दौरान मु कमर जावेद ,शिव शंकर निराला एवं मु शहीद कमर ने भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किया तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके देखभाल करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया गया।




# गोलमुरी स्थित आरडी टाटा टेक्निकल एजुकेशन सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित, युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर सामाजिक जिम्मेदारी और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए गोलमुरी स्थित आर.डी. टाटा टेक्निकल एजुकेशन सेंटर (RDTTEC) में टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्थान के विद्यार्थियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं तथा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया।

रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं के बीच स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में युवा रक्तदाता आगे आए और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने बताया कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई मरीजों के उपचार में उपयोगी साबित हो सकता है। दुर्घटना में घायल लोगों, गंभीर सर्जरी से गुजर रहे मरीजों, प्रसूति संबंधी जटिलताओं से जूझ रही महिलाओं तथा विभिन्न बीमारियों से पीड़ित रोगियों के लिए रक्त की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। ऐसे में नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए अमूल्य योगदान है।



शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने सभी आवश्यक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए रक्तदान प्रक्रिया को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की जांच के बाद ही उन्हें रक्तदान की अनुमति दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा टीम ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक दाता को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा रक्तदान के बाद उन्हें उचित देखभाल और आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाए।

आयोजकों ने अपने संबोधन में कहा कि अस्पतालों और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त भंडार बनाए रखना समय की आवश्यकता है। कई बार आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की कमी के कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और नियमित रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करने और अपने मित्रों एवं परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के लीड इंस्टीट्यूशन से जुड़े बी.के. सिंह, संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन तथा उप-प्राचार्य पल्लवानी चौधरी सहित संस्थान एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के कई अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षु उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं के उत्साह और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी मजबूत करते हैं।

# नबीनगर में लोक-संवाद गोष्ठी: जनता का सहयोग ही अपराध पर लगाम-एसडीपीओ

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के जनकपुर पोखरा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को पुलिस-पब्लिक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में अपराध पर रोक लगाना और थाना क्षेत्र को सुंदर व सुरक्षित बनाना था।




गोष्ठी में जिला मुख्यालय से आये सदर एसडीपीओ 1 सुशील कुमार शामिल हुए। गोष्ठी में नबीनगर के सीओ निकहत परवीन,थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार, एस आई राजू कुमार, एस आई कामिनी कुमारी, एस आई तनुजा, पीटीसी रूपकमल सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।संवाद गोष्ठी में स्थानीय गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जदयू नेता सूर्यवंश सिंह, आत्मा अध्यक्ष राकेश सिंह, मनीष सिंह, अजय सिंह त्यागी, रामजीत शर्मा, अशोक मेहता,सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक और ग्रामीण मौजूद रहे। एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास की डोर मजबूत होगी तभी अपराध पर अंकुश लगेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि शराब तस्करी, बालू माफिया, साइबर ठगी और महिला अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। एसडीपीओ ने बताया कि मगध क्षेत्र के क्क्ष्ठ के निर्देश पर लगातार ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि पुलिसिंग को जन-उन्मुखी बनाया जा सके।कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं को पुलिस के सामने रखा। ग्रामीणों ने गश्त बढ़ाने, रात्रि गश्ती दल को सक्रिय करने, स्कूल-कॉलेज के पास नशा बिकने पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने सभी सुझावों को नोट किया और आश्वासन दिया कि जनता के सहयोग से नबीनगर थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त और आदर्श थाना बनाया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने लोगों को धन्यवाद दिया और आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की।

# पटना में खान सर के आत्मसमर्पण से गमार्या मामला

## सुरक्षा कर्मियों की फायरिंग और छात्रों के समर्थन के बीच फंसा पेच

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के चर्चित शिक्षक और 'खान ग्लोबल स्टडीज' के संस्थापक खान सर से जुड़ा फायरिंग प्रकरण अब एक नया मोड़ ले चुका है। हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने के बाद खान सर द्वारा सिविल न्यायालय में आत्मसमर्पण की खबर ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक चर्चा का विषय बना दिया है। इस मामले ने न केवल कानूनी बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक गलियारों में भी बहस छेड़ दी है।विवाद की शुरूआत 2 जून की रात हुई, जब खान ग्लोबल स्टडीज परिसर पर कथित हमले का दावा किया गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने कोचिंग के सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की, जिसके जवाब में सुरक्षा कर्मियों ने फायरिंग की। इस घटना के बाद पुलिस ने दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार कर उनके लाइसेंसी हथियार जब्त कर लिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में सुरक्षा कर्मियों ने कथित तौर पर बताया कि फायरिंग खान सर के निर्देश पर की गई थी। इसी आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पटना पुलिस ने तेजी दिखाते हुए परिसर की घेराबंदी की। रातभर पुलिस गाड़ियां कोचिंग परिसर के बाहर तैनात रहीं और छात्रों से घर लौटने की अपील की जाती रही। हालांकि, बड़ी संख्या में छात्र अपने शिक्षक के समर्थन में पूरी रात कोचिंग के बाहर डटे रहे। छात्रों का तर्क है कि खान सर का उद्देश्य केवल सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, और उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। इधर, खान सर ने वीडियो संदेश जारी कर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के जरिए दावा किया कि उनके सुरक्षा कर्मियों के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट की गई थी। खान सर का तर्क है कि जब भीड़ हमलावर हो और पुलिस पहुंचने में देरी करे, तो आत्मरक्षा में कदम उठाना सुरक्षा कर्मियों का कर्तव्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमले में शामिल मुख्य लोगों पर कार्रवाई करने के बजाय, पूरा ध्यान फायरिंग की घटना पर केंद्रित कर दिया गया है। फिलहाल यह मामला न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। पुलिस का कहना है कि वे तकनीकी साक्ष्यों, फुटेज और बयानों की निष्पक्ष जांच कर रहे हैं। वहीं, कोचिंग संस्थानों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और इस घटना के दूरगामी परिणामों को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल खान सर के आत्मसमर्पण के बाद अब सबकी निगाहें अदालत की कार्यवाही और जांच एजेंसियों की अगली रिपोर्ट पर टिकी हैं।



# ठनका गिरने से अधेड़ की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण संवाददाता**

(गोड्डा)। मेहरमा प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरौंधी गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी 48 वर्षीय अमरेंद्र मंडल के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार अमरेंद्र मंडल बारिश के दौरान अपनी बकरी लेकर खेत की ओर गए थे। खेत देखने के बाद जब वह वापस घर लौट रहे थे, तभी अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। ठनका गिरने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। खेत में काम कर रहे लोगों ने उन्हें गिरा हुआ देखा और इसकी सूचना ग्रामीणों तथा परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। अमरेंद्र मंडल की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से शव को घर लाया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग शोक व्यक्त करने पहुंचे।

सूचना मिलने पर बलबड्डा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया।

मृतक मजदूरी और मवेशी पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और वह बार-बार बेहोश हो जा रही थी। परिजन एवं ग्रामीण उन्हें संभालने में जुटे रहे।

इधर घटना की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी खगेन महतो के निर्देश पर राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश कुमार घटनास्थल पहुंचे और मृतक के आश्रितों को आपदा राहत कोष से मिलने वाली चार लाख रुपये की सहायता राशि दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। अंचलाधिकारी खगेन महतो ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन, कामधेनु गाय-बछड़ा भेंट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया गया अभिनंदन

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल/झारखंड : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज कार्निवाल वेंकट हॉल प्रांगण में भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं धरती माता की सेवा का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू तथा झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

भाजपा किसान मोर्चा परिवार की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन का भारतीय संस्कृति, समृद्धि एवं किसान अस्मिता के प्रतीक कामधेनु गाय एवं बछड़ा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल सह प्रभारी, भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश बिजय कोईरी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने तथा धरती माता की सेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, किसान मोर्चा पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र में कांग्रेस प्रदर्शन पर पुलिस का एक्शन, बैरिकेडिंग के दौरान वॉटर कैनन का इस्तेमाल

समाज जागरण

कुरुक्षेत्र, 06 जून 2026। कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास के घेराव को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं के प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया।

प्रदर्शन में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा,



वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा सहित कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास की ओर बढ़ रहे थे, जहां पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया।

पुलिस द्वारा वॉटर कैनन के इस्तेमाल के बाद प्रदर्शनकारी वहीं डटे रहे और उन्होंने सामूहिक गिरफ्तारी की मांग पर जोर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक सभी को गिरफ्तार नहीं किया जाता, उनका आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

इस दौरान दीपेंद्र हुड्डा ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रदेश में पेपर लीक जैसे मामलों को लेकर युवाओं में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्रवाई करने में विफल रही है, जिसके चलते जनता में नाराजगी बढ़ रही है।

प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। पुलिस बल मौके पर तैनात है और स्थिति पर लगातार

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# टीएमयू के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी फिर बेस्ट, अब गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोलॉजी के सीनियर प्रो. राजुल रस्तोगी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस, यूनाइटेड किंग्डम की ओर से मिला यह अवार्ड

खास बातें

हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सामूहिक प्रशिक्षण सत्रों के लिए मिला सम्मान

एआई इन हेल्थकेयर में जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी और आईआईआईटी, हैदराबाद से भी सर्टिफाइड

प्रो. राजुल रस्तोगी बोले, मेडिकल सेक्टर में एआई को नए क्षितिज की ओर दे रहे आकार

एनबीईएमएस चिकित्सा शिक्षा में एआई पर चलाता है मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोलॉजी के सीनियर प्रो. राजुल रस्तोगी के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, नई दिल्ली ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स, यूनाइटेड किंग्डम की ओर से ऐतिहासिक ऑफिशियल अटेंप्ट में भाग लेने के लिए प्रो.




राजुल रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया है। हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुए इस विशाल सामूहिक प्रशिक्षण सत्र का हिस्सा बनने के लिए प्रो. रस्तोगी को इस सम्मान से नवाजा गया है। प्रो. राजुल रस्तोगी एआई इन हेल्थकेयर में जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी, यूएसए और आईआईआईटी, हैदराबाद से पहले से ही सर्टिफाइड हैं। यह इस बात का एक सशक्त प्रमाण है, रेडियोडायग्नोसिस का क्षेत्र कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है, यूट्यूब पर हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाइव स्ट्रीम लेसन को सबसे ज्यादा देखने वालों की संख्या 17,999 है, जिसे दिल्ली, भारत के नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज ने हासिल किया है।

इस उपलब्धि से गदगद प्रो. राजुल रस्तोगी कहते हैं, चिकित्सा के क्षेत्र में एआई का भविष्य अब स्वर्णिम है, यह एक ऐसा उपकरण है, जिसे हम अगले नए क्षितिज की ओर कदम बढ़ाते हुए आज आकार दे रहे हैं। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज-एनबीईएमएस, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में पीजी चिकित्सा शिक्षा और परीक्षाओं के मानकों को ऊंचा और मानकीकृत करना है। एनबीईएमएस, चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश, स्क्रीनिंग और एग्जिट परीक्षाएं आयोजित करता है। यह निकाय नीट-पीजी, नीट-एमडीएस और डीएनबी-सीईटी सरीखी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं संचालित करता है। साथ ही विदेशों से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए यह एफएमजीई परीक्षा आयोजित करता है। चिकित्सा स्नातकों के लिए डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डॉक्टरेट ऑफ नेशनल बोर्ड और फेलोशिप ऑफ नेशनल बोर्ड जैसी उच्च स्तरीय उपाधियां और मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता पाठ्यक्रम प्रदान करता है। बोर्ड समय-समय पर आधुनिक चिकित्सा और तकनीकी कौशल जैसे-चिकित्सा शिक्षा में एआई पर मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाता है।

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन, 225 बच्चों ने लिया प्रशिक्षण

समाज जागरण

नोएडा, 06 जून 2026। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-44, नोएडा में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन शनिवार को संपन्न हुआ। यह शिविर 31 मई से आयोजित किया गया था, जिसमें 225 बच्चों ने भाग लिया।



शिविर के दौरान प्रतिभागियों को वैदिक संस्कृति की जानकारी, योगासन, आत्मरक्षा, लाठी, डंबल, लेजियम तथा दंड बैठक जैसी शारीरिक एवं संस्कार आधारित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेंद्र भाई द्वारा यज्ञ के साथ किया गया, जिसमें बच्चों को यज्ञोपवीत धारण कराकर माता-पिता की सेवा का संकल्प भी दिलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमिटी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान ने कहा कि ऐसे संस्कारित युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में चरित्र निर्माण और संस्कारों के विकास में सहायक हैं।

केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि परिषद का उद्देश्य राष्ट्रभक्त युवाओं का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों की कमी को आर्य समाज के प्रयासों से पूरा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान सहित अन्य शिक्षाविदों ने भी शिविर की सराहना की और इसे युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा व्यायाम और योग का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। समापन समारोह में शांति पाठ और ऋषि लंगर के साथ कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# नोएडा में 7 जून को निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप, नागरिकों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

समाज जागरण

नोएडा, 06 जून 2026। नोएडा के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 7 जून 2026 (रविवार) को निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन नोएडा विधायक एवं उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह की प्रेरणा से प्रकाश हॉस्पिटल, नोएडा के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर सरस्वती शिशु मंदिर, सेक्टर-12, नोएडा में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित होगा, जबकि पंजीकरण प्रक्रिया प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगी।

इस स्वास्थ्य शिविर में ऑर्थोपेडिक, स्त्री रोग, फिजिशियन, फिजियोथेरेपी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। साथ ही निशुल्क जांच एवं दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आयोजकों के अनुसार यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के उद्देश्यों के अनुरूप नागरिकों को स्वस्थ एवं जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पंकज सिंह ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित भारत की आधारशिला हैं और नियमित स्वास्थ्य जांच से जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।

# नोएडा के जूडियो स्टोर में हाई-वोल्टेज ड्रामा ! पत्नी को युवक के साथ देख भड़का पति, मारपीट का वीडियो वायरल

समाज जागरण

*नोएडा। शहर के एक जूडियो स्टोर में कथित तौर पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक पति ने अपनी पत्नी को एक युवक के साथ देख लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्टोर के अंदर जमकर कहासुनी और मारपीट होती दिखाई दे रही है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और घटना को लेकर पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पति ने पत्नी और उसके साथ मौजूद युवक




पर विवाहेतर संबंध का आरोप लगाते हुए दोनों का सामना किया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग रिश्तों में बढ़ते अविश्वास को इसकी वजह बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि निजी विवादों का सार्वजनिक रूप लेना समाज के लिए चिंता का विषय है।

विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया और मोबाइल कैमरों के दौर में ऐसी घटनाएं पहले की तुलना में अधिक सामने आ रही हैं। हालांकि किसी भी परिस्थिति में हिंसा समाधान नहीं है और ऐसे मामलों में कानूनी एवं सामाजिक तरीके अपनाए जाने चाहिए।

# नोएडा सेक्टर-21 में पब्लिक टॉयलेट की बदहाल स्थिति

समाज जागरण

*नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-21 स्थित गेट नंबर-2 के पास बने सार्वजनिक शौचालय (पब्लिक टॉयलेट) की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर **आशीष विवेकी** ने पोस्ट साझा कर इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

आशीष विवेकी द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, पब्लिक टॉयलेट के आसपास भारी गंदगी फैली हुई है और पानी लगातार बह रहा है। आरोप है कि साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव में क्षेत्र




में अस्वच्छता का माहौल बन गया है, जिससे राहगीरों और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अपनी पोस्ट में उन्होंने संबंधित




अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को टैग करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पोस्ट में नोएडा प्राधिकरण, सीईओ नोएडा तथा अन्य अधिकारियों से समस्या के समाधान की अपील की गई है।

*नोएडा मे लाखो रुपए खर्चा करके बनाये टॉयलेट की स्थिति बद से बदतर है. कुछ बंद हो चुके है और कुछ की हालत इतनी खराब है की पब्लिक टॉयलेट मे जाने के बजाय फिर से दीवारों पर ही........*

*नोएडा मे सीईओ के बदलने के बाद भी हालत सुधरने के बजाय और बिगड़ती चली गई. कई तारीख मिले लेकिन सुनवाई नहीं.*

स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक सुविधाओं की नियमित निगरानी और समय-समय पर सफाई आवश्यक है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और स्वच्छता बनी रहे।

# योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर 'योगी के नेतृत्व में नया उत्तर प्रदेश' विषय पर वर्चुअल परिचर्चा

समाज जागरण

नई दिल्ली, 06 जून 2026। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर के बुद्धिजीवियों की एक वर्चुअल परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम का विषय 'योगी के नेतृत्व में नया उत्तर प्रदेश' रहा, जिसमें राज्य में विकास, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

परिचर्चा का आयोजन ऑनलाइन माध्यम (जूम) से किया गया। कार्यक्रम की संयोजक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली की प्रो. पूनम कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, महिला शिक्षा और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और योगी सरकार के सुशासन से प्रदेश विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता एस.एन. सिंह ने कहा कि राज्य ने विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में




आधारभूत संरचना और निवेश के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है।

विशेष वक्ताओं में बेंगलुरु से जुड़े टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स के इंजीनियर मैनेजर संजीव निश्टल ने एक्सप्रेस-वे और औद्योगिक कॉरिडोर के विस्तार को आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बताया। वहीं मुंबई स्थित कमर्शियल टेक्निकल कंसल्टिंग एलएलपी के प्रबंध निदेशक सौरभ कुमार अखौरी ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस', तकनीकी प्रगति और निवेश के बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था में सुधार और जीरो टॉलरेंस नीति को भी महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में कुलदीप उपाध्याय, अंजलि और धीरज सहित कई युवा वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और उत्तर प्रदेश में हो रहे जमीनी बदलावों पर प्रकाश डाला। परिचर्चा के अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवानी सक्सेना ने किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय, बीएचयू समेत देशभर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

# पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर दीदियों को नियुक्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित

## सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने आयोजित किया कार्यक्रम

**सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मिलेगा मानदेय**

**निःशुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध कराया जाएगा**

लखनऊ, 06 जून। केंद्रीय योजनाओं को योगी सरकार उत्तर प्रदेश में बेहतर तरीके से कार्यान्वित कर रही है। इसी क्रम में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और सोलर दीदियों के सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें शनिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत संचालित एमएनआरई सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित सोलर दीदियों को ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा द्वारा नियुक्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम के दौरान सोलर दीदियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया। इस अवसर पर हनुमंत रिन्युवल कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कंपनी चयनित सोलर दीदियों को ड्ट14,156 प्रतिमाह मानदेय प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक चयनित सोलर दीदी को कंपनी द्वारा निःशुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वच्छ ऊर्जा को अपने जीवन में अपनाने के साथ-साथ समाज में इसके प्रचार-प्रसार की प्रभावी भूमिका निभा सकें।

इस कार्यक्रम में उपस्थित एमएनआरई कैप कंसल्टेंट उपकारी नाथ ने बताया कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री के ह्वसौर ऊर्जा युक्त भारत एवं महिला सशक्तीकरणह्व के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सोलर दीदियां प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा अन्य सौर ऊर्जा संबंधी जानकारी एवं सहायता प्रदान करेंगी। इनके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ेगी तथा अधिकाधिक परिवार स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा से जुड़ सकेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार द्वारा सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के अंतर्गत सोलर दीदियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है, जिसका संचालन संबंधित नगर निगमों के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिलाओं को हरित ऊर्जा क्षेत्र में कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने का एक अभिनव प्रयास है।

यह पहल प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण, हरित रोजगार सृजन और स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार को नई गति प्रदान करेगी। सोलर दीदियां घर-घर जाकर नागरिकों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी तथा ऊर्जा सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

इस कार्यक्रम में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शम्भु कुमार, यूपीनेडा के निदेशक रविन्दर सिंह, वाराणसी नगर निगम के नगर आयुक्त श्री हिमांशु नागपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# योगी सरकार में दिव्यांगजनों को मिला त्वरित न्याय, 96.38% शिकायतों का हुआ निस्तारण

*हेल्पलाइन बनी बड़ा सहारा, एक फोन कॉल पर दूर हो रहीं दिव्यांगजनों की समस्याएं*

*कृत्रिम अंग, स्वावलंबन कार्ड की शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण*

*किसी भी दिव्यांगजन को न भटकना पड़े, समयबद्ध निस्तारण पर सरकार का जोर*

*दिव्यांगजनों और प्रशासन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बनी हेल्पलाइन*

लखनऊ 6 जूनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के दिव्यांगजन भी योगी सरकार की प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1995 प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विभाग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल 7,707 शिकायतें प्राप्त हुईं थी, जिनमें से 7,428 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस प्रकार कुल 96.38 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है। शिकायत निस्तारण का यह उच्च प्रतिशत राज्य सरकार की संवेदनशीलता, जवाबदेही और दिव्यांगजनों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

### 96.38 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण हुआ

हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। इनमें दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना से संबंधित 7,281 शिकायतें, स्वावलंबन कार्ड से संबंधित 52 शिकायतें और दुकान निर्माण एवं संचालन योजना से संबंधित 67 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अतिरिक्त शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से संबंधित 23 शिकायतें, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना से संबंधित 69 शिकायतें और अन्य विषयों से जुड़ी 215 शिकायतें दर्ज की गईं थी।

### कृत्रिम अंग, स्वावलंबन कार्ड समेत अन्य शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण

इसमें स्वावलंबन कार्ड, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना और अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। यह उपलब्धि सरकार की दिव्यांगजन हितैषी नीतियों और प्रभावी प्रशासनिक तंत्र का प्रमाण है। प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक दिव्यांगजनों की पहुंच को मजबूत कर रही हैं। साथ ही शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ बनाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी दिव्यांगजन को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

### एक फोन कॉल पर दिव्यांगजनों की समस्या हो रही दूर

हेल्पलाइन व्यवस्था ने दिव्यांगजनों और शासन-प्रशासन के बीच एक प्रभावी संवाद स्थापित किया है, जिसके माध्यम से लाभार्थी अपनी समस्याएं सीधे संबंधित विभाग तक पहुंचा सकते हैं। दिव्यांगजन अपनी समस्याओं, शिकायतों और योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए विभाग की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-1995 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग की ओर से शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

# आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ अभियोजन और बेहतर समन्वय से रेलवे सुरक्षा को नई ऊंचाई देगी जीआरपी : मुख्यमंत्री

समाज जागरण

लखनऊ, 06 जूनः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, तकनीक-सक्षम तथा परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का सबसे बड़ा रेल यातायात वाला राज्य है, जहां प्रतिदिन लाखों यात्री रेल सेवाओं का उपयोग करते हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा, महिला सम्मान, अपराध नियंत्रण और त्वरित पुलिस सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे नेटवर्क में अपराध और असामाजिक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए तथा जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता के साथ लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेलवे परिसरों, प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**



गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत



में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.

## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और

फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयों को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती हैं. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.